* बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

* पटना संस्करण

* रजि. नंबर : 52290/90 * वर्ष : 36 * अंक : 284 * पृष्ठ : 12 * औरंगाबाद, शनिवार, 14 मार्च 2026 * मूल्य : 3.00 रुपये * औरंगाबाद, पटना एवं बोकारो से प्रकाशित * www.navbihartime.com



सहरसा में विकास योजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास करते मुख्यमंत्री नीतीश कुमार

मुख्यमंत्री ने सहरसा को 512 एवं खगड़िया को 304 करोड़ की योजनाओं की सौगात

## विकास की दिशा में लगातार आगे बढ़ रहा बिहार : नीतीश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सहरसा/खगड़िया।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार समृद्धि यात्रा के तीसरे चरण में शुक्रवार को सहरसा एवं खगड़िया पहुंचे जहां उन्होंने कई कार्यक्रमों में शिरकत की। मुख्यमंत्री ने सहरसा को 512 एवं खगड़िया को 304 करोड़ की योजनाओं की सौगात दी। बाद में सहरसा स्टेडियम में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि 2005 से पहले बिहार काफी पिछड़ा हुआ था और अपराध का बोलबाला था, लेकिन अब राज्य में कानून का राज स्थापित हुआ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार के सहयोग से बिहार लगातार विकास की दिशा में आगे बढ़




रहा है। शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, बिजली और रोजगार जैसे क्षेत्रों में राज्य की स्थिति पहले से काफी बेहतर हुई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का लक्ष्य अगले पांच वर्षों में एक करोड़ युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराना है। उन्होंने बताया कि सात निश्चय योजना के तहत योजनाबद्ध तरीके से राज्य के हर क्षेत्र में तेजी से विकास कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में सभी जिलों में बड़े पैमाने पर उद्योगों की स्थापना की जाएगी। इससे स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और युवाओं को रोजगार के लिए दूसरे राज्यों में जाने की आवश्यकता कम होगी। श्री कुमार ने कहा कि हमने 50 लाख युवाओं को नौकरी और रोजगार दिया है। आने वाले 5 सालों में हमने एक करोड़ नौकरी और रोजगार देने का लक्ष्य रखा है। अबकी बार युवाओं को नौकरी-रोजगार का लक्ष्य और बढ़ाएंगे। बिहार में पहले बिजली का बहुत बुरा हाल था। आज देखिए हम आपको मुफ्त बिजली दे रहे हैं। गांव-गांव तक बिजली पहुंचा दी गई है। अब आपकी छतों पर सोलर लगा रहे हैं। इसके लिए भी आपको कुछ खर्च नहीं (शेष पृष्ठ 11 पर)

## पशुपालन विभाग का क्षेत्रीय अधिकारी 30 हजार रुपये रिश्वत लेते गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेतिया।** बिहार में भ्रष्टाचार के खिलाफ चल रही कार्रवाई के तहत निगरानी विभाग (विजिलेंस) की टीम ने पश्चिम चंपारण जिले के बेतिया में बड़ी कार्रवाई करते हुए पशुपालन विभाग के एक फील्ड ऑफिसर अनुराग कुमार को 30 हजार रुपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। इस कार्रवाई के बाद विभागीय हलकों में हड़कंप मच गया है। फिलहाल निगरानी विभाग की टीम आरोपी अधिकारी से पूछताछ कर रही है और पूरे मामले की गहन जांच की जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार पशुपालन विभाग के इस फील्ड ऑफिसर पर लंबे समय से रिश्वत मांगने का आरोप लगाया जा रहा था। एक पीड़ित व्यक्ति ने निगरानी विभाग से शिकायत की थी कि संबंधित अधिकारी किसी काम को कराने के एवज में 30 हजार रुपये की रिश्वत मांग रहा है। शिकायत मिलने के बाद निगरानी विभाग ने मामले को गंभीरता से लेते हुए इसकी जांच शुरू की और आरोप सही पाए जाने पर ट्रैप टीम का गठन किया। निगरानी विभाग की टीम ने योजनाबद्ध तरीके से कार्रवाई करते हुए आरोपी अधिकारी को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ पकड़ लिया। बताया जा रहा है कि जैसे ही अधिकारी ने 30 हजार रुपये की रकम ली, उसी समय पहले से घात लगाए निगरानी विभाग के अधिकारियों ने उसे धर दबोचा। कार्रवाई इतनी तेज और सटीक थी कि आरोपी को संभलने का मौका तक नहीं मिला। गिरफ्तारी के बाद आरोपी अधिकारी को निगरानी विभाग की टीम अपने साथ लेकर गई, जहां उससे पूछताछ की जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि इस मामले में कोई और व्यक्ति या अधिकारी भी शामिल है या नहीं। साथ ही यह भी जांच की जा रही है कि आरोपी अधिकारी पहले भी इस तरह की अवैध वसूली में शामिल रहा है या नहीं।

### संक्षिप्त समाचार

### मेडिकल छात्र ने की आत्महत्या

**डिहरी आन-सोन(नबिटा ब्यूरो)।** नगर थाना क्षेत्र के धनटोलिया मोहल्ले में शुक्रवार को एक मेडिकल के छात्र ने पंखे से लटक कर आत्महत्या कर ली। पुलिस के अनुसार 19 वर्षीय अंकित शेखर धनटोलिया मोहल्ला निवासी रमन सिंह के मकान में लगभग तीन साल से अपने परिवार के साथ किराए पर रह रहा था। आत्महत्या की घटना के बाद मृतक अंकित शेखर की मां मीनाक्षी वर्मा का रो-रोकर बुरा हाल है। जांच से पता चला कि छात्र लंबे समय से डिप्रेशन की दवाई का सेवन करता था।

### बेमौसम बारिश और आंधी ने बिगाड़ा मिजाज

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार में बेमौसम बारिश और आंधी-तूफान से जनजीवन अस्तव्यस्त हो गया है। खासकर कोसी और सीमांचल के क्षेत्र में बीते 24 ते घंटे के भीतर तेज हवाओं के साथ बूंदा बांदी हुई। इससे किसानों की परेशानी बढ़ गई। मौसम विभाग ने 15 से 17 मार्च तक कई जिलों में येलो अलर्ट जारी कर दिया है। किशनगंज समेत आसपास के जिलों में गुरुवार देर रात और शुक्रवार सुबहु हुई आंधी-बारिश से खेतों में फसल बर्बाद हो गई।

### जहानाबाद में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की समृद्धि यात्रा 23 मार्च को

**जहानाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** जिले में मुख्यमंत्री की संभावित समृद्धि यात्रा को लेकर प्रशासनिक महकमा आवश्यक तैयारियों में जुट गया है। यहां 23 मार्च को सीएम की यात्रा संभावित है। इस यात्रा में मुख्यमंत्री कई विकास योजनाओं का शिलान्यास, उद्घाटन व अवलोकन करेंगे। करीब 220 करोड़ रुपये की लागत से विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास व 47 करोड़ रुपये से निर्मित योजना का उद्घाटन करेंगे। 60 लाख रुपये की लागत से निर्मित वन स्टॉप सेंटर व दो करोड़ की लागत से निर्मित अभियोजन अधिकारी कार्यालय का भी उद्घाटन करेंगे।

### खाड़ी देशों में रह रहे बिहार के 92 लोगों ने मांगी सहायता

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** श्रम संसाधन एवं श्रमिक कल्याण विभाग के हेल्पलाइन नंबर पर अबतक 92 लोगों ने सहायता मांगी है। खाड़ी देशों में युद्ध को देखते हुए दिल्ली स्थित बिहार भवन से हेल्पलाइन नंबर 721 778 8114 जारी किया गया है ताकि विदेशों में रह रहे प्रवासी बिहारियों और उनके परिवारों को समय पर सहायता मिल सके। हेल्पलाइन नंबर पर फोन कर सभी ने भारत लौटने की इच्छा जतायी है। विभाग ने सभी अनुरोध को विदेश मंत्रालय के सुपुर्द कर दिया है। इनमें कई को भारत लाया भी गया है। इन 92 लोगों में सबसे अधिक सीवान के 22, पश्चिम चंपारण के 10, गोपालगंज के नौ, सारण के छह, मुजफ्फरपुर, पटना तथा मधुबनी के चार-चार, दरभंगा और पूर्वी चंपारण के तीन-तीन व्यक्ति शामिल हैं।

## वृद्ध दंपति की गला रेतकर हत्या

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बांका।** जिले में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। बांका थाना क्षेत्र के बसन्तपुर गांव में जमीन विवाद को लेकर देर रात अज्ञात अपराधियों ने वृद्ध दंपति की बेरहमी से हत्या कर दी। घटना के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई और गांव में दहशत का माहौल बन गया। मृतकों की पहचान बसन्तपुर गांव निवासी कैलाश यादव और उनकी पत्नी समरी देवी के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार वृद्ध दंपति रोज की तरह अपने घर के पास बने गोहाल में सो रहे थे। देर रात अज्ञात अपराधी वहां पहुंचे और धारदार हथियार से दोनों का गला रेतकर उनकी निर्मम हत्या कर दी। वारदात को अंजाम देने के बाद अपराधी मौके से फरार हो गए। सुबह जब आसपास के लोगों की नजर गोहाल की ओर पड़ी तो उन्होंने दंपति को खून से लथपथ हालत में पड़ा देखा। यह खबर फैलते ही गांव में अफरा-तफरी मच गई। थोड़ी ही देर में बड़ी संख्या में ग्रामीण घटनास्थल पर जुट गए और पुलिस को सूचना दी गई। ग्रामीणों के अनुसार मृतक दंपति का गांव के ही कुछ लोगों के साथ जमीन को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा था। आशंका जताई जा रही है कि इसी विवाद के कारण अपराधियों ने इस वारदात को अंजाम दिया है। हालांकि पुलिस सभी पहलुओं से मामले की जांच कर रही है। घटना की सूचना मिलते ही एसडीपीओ अमर विश्वास और थानाध्यक्ष सुधीर कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का जायजा लिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए डॉग स्क्वायड और एफएसएल टीम को भी जांच के लिए बुलाया गया है ताकि अपराधियों तक पहुंचने में मदद मिल सके।

## जहरीले पेय पदार्थ से चार की मौत

### आठ लोगों की गई आंखों की रोशनी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**छपरा।** सारण जिले के मशरक इलाके से एक दर्दनाक खबर सामने आई है। जहरीले पेय पदार्थ के सेवन से चार लोगों की मौत हो गई जबकि पांच लोगों की हालत बिगड़ने के बाद उन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल छपरा रेफर किया गया है। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया है और पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है। मशरक के पूरब टोला गांव में जहरीले पेय पदार्थ के सेवन से कई लोगों की तबीयत अचानक बिगड़ गई। लोगों को चक्कर आने लगा और आंखों के सामने धुंधलापन छाने लगा। इसके बाद परिजन उन्हें तुरंत इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मशरक लेकर पहुंचे। डॉक्टरों ने प्राथमिक इलाज शुरू किया, लेकिन कुछ लोगों की हालत काफी गंभीर थी। इसी दौरान दो लोगों की मौत हो गई, जबकि अन्य को बेहतर इलाज के लिए छपरा रेफर कर दिया गया। इस घटना में अब तक चार लोगों की मौत की पुष्टि हुई है। मृतकों की पहचान पूरब टोला गांव निवासी स्वर्गीय उमेश सिंह के 40 वर्षीय पुत्र पंकज कुमार और पशुराम महतो के 45 वर्षीय पुत्र रघुवर महतो के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि पंकज कुमार की मौत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मशरक के मुख्य गेट पर ही हो गई थी। वहीं रघुवर महतो की मौत इलाज के दौरान सदर अस्पताल छपरा में हुई। घटना में आठ अन्य लोगों की हालत बिगड़ने के बाद उन्हें सदर अस्पताल छपरा भेजा गया है। इनमें पूरब टोला गांव के बबन महतो, मिंटू महतो, मंटू कुमार और कुंदन महतो शामिल हैं। इसके अलावा किशुनपुरा गांव के दूधनाथ शर्मा को भी इलाज के लिए रेफर किया गया है।

## बिहार विधानसभा को बम से उड़ाने की धमकी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विधानसभा को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। अपराधी ने ई-मेल के जरिए यह धमकी भेजी। ई मेल में लिखा है कि बिहार विधानसभा में बम रखा हुआ है। यह कभी भी ब्लास्ट हो सकता है। घटना के बाद विधानसभा परिसर में हड़कंप मच गया। फौरन पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस बम और डॉग स्क्वायड की टीम लेकर विधानसभा पहुंची और हर जगह सघन जांच अभियान चलाया। काफी देर खोजबीन के बाद भी बम नहीं मिला। इधर, विधान सभा को बम से उड़ाने की धमकी भरा एक ई मेल के बाद अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने तुरंत इस पर संज्ञान लेते हुए सभा सचिवालय के वरीय पदाधिकारियों के साथ एक बैठक की। उन्होंने फौरन ख्याति सिंह, प्रभारी सचिव को निर्देश दिया कि वो मुख्य सचिव एवं पुलिस महानिदेशक को इस बात की जानकारी देकर विधान सभा परिसर की सुरक्षा दृष्टिकोण से शीघ्र जांच कराएं। इधर, पुलिस टीम ने पूरे विधानसभा परिसर को खंगाला। सभी कर्मियों को बाहर निकाला गया। हर एक कार्यालय की जांच की गई। रेस्टोरेंट और कैंटीन की भी जांच की गई लेकिन कहीं कुछ नहीं बरामद हुआ। मामले में पटना एसएसपी ने बताया कि अज्ञात मेल के जरिए धमकी आई है। साइबर सेल की टीम मामले की जांच कर रही है। मामले में आगे की कार्रवाई चल रही है। बता दें कि तीन दिन पहले ही पटना सिविल कोर्ट समेत कुछ जिलों के कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी दी गई थी। यह धमकियां कौन दे रहा है? पुलिस अब तक इसका पता नहीं लगा पाई है।

### 93 लाख छात्र-छात्राओं को मिली पोशाक योजना की राशि

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार सरकार ने चालू वित्तीय वर्ष में राज्य के प्रारंभिक विद्यालयों में पढ़ने वाले 93 लाख 12 हजार 192 छात्र-छात्राओं को पोशाक योजना के तहत कुल 1047.08 करोड़ रुपये की राशि उनके बैंक खातों में डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) के माध्यम से भेजी है। इस योजना का उद्देश्य छात्रों को निर्धारित ड्रेस पहनकर नियमित रूप से विद्यालय जाने के लिए प्रोत्साहित करना है। यह योजना 2008-09 में मुख्यमंत्री बालिका पोशाक योजना और मुख्यमंत्री पोशाक योजना के रूप में शुरू की गई थी। इसके तहत कक्षा 1 से 8 तक के छात्रों को ड्रेस खरीदने के लिए अलग-अलग राशि दी जाती है। योजना का लाभ केवल उन विद्यार्थियों को मिलता है जिनकी विद्यालय में 75% या उससे अधिक उपस्थिति होती है।

## बिहार दिवस पर दिखेगी प्रदेश की समृद्ध परंपराओं की झलक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार दिवस पर पटना के गांधी मैदान में होने वाले तीन दिवसीय मुख्य समारोह की तैयारियां जोरों पर है। 22 से 24 मार्च तक होने वाले इस तीन दिवसीय समारोह का उद्घाटन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार करेंगे। इस भव्य आयोजन में संगीत, संस्कृति और बिहार की समृद्ध परंपराओं की झलक देखने को मिलेगी, जिसके लिए गांधी मैदान के आधे से ज्यादा एरिया में व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। सिने जगत की सुप्रसिद्ध गायिका सोना महापात्रा, गायक शान और पापोन अपनी शानदार प्रस्तुति से दर्शकों का मनोरंजन करेंगे। इस आयोजन को सफल बनाने और तैयारियों को लेकर शुक्रवार को शिक्षा विभाग के सचिव दिनेश कुमार ने गांधी मैदान में चल रही तैयारियों का निरीक्षण किया। शिक्षा सचिव दिनेश कुमार के मुताबिक गांधी मैदान में मुख्य मंच को इस प्रकार डिजाइन किया गया है कि सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति भव्य और दर्शकों के लिए सुविधाजनक हो। उच्च क्षमता का साउंड सिस्टम, प्रकाश व्यवस्था एवं विशाल एलईडी स्क्रीन भी लगाया जा रहा है ताकि मैदान के प्रत्येक कोने से कार्यक्रम का आनंद लिया जा सके। वीआइपी दीर्घा, प्रेस गैलरी एवं सामान्य दर्शक दीर्घा को भी सुव्यवस्थित तरीके से विभाजित किया गया है। शिक्षा सचिव ने बताया कि गांधी मैदान में आगंतुकों की सुविधा और सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए पार्किंग, पेयजल, स्वच्छ शौचालय, प्राथमिक चिकित्सा, दिव्यांगजन हेतु विशेष व्यवस्था की जा रही है। व्यंजन मेला में स्वच्छ खान-पान स्टालों की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। पुस्तक मेला और अन्य कार्यक्रमों की भी बेहतर व्यवस्था की जा रही है। हर जगह सुरक्षा के दृष्टिकोण से पुलिस बल, सीसीटीवी कैमरे से निगरानी एवं अग्निशमन दल की पूर्ण तैनाती की जाएगी ताकि लाखों की संख्या में उपस्थित होने वाले नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इस अवसर पर प्राथमिक शिक्षा निदेशक विक्रम विरकर, राज्य परियोजना निदेशक नवीन कुमार, बिहार राज्य पाठ्य पुस्तक प्रकाशन निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक यतीन्द्र पाल, मध्याह्न भोजन निदेशक विनायक मिश्रा, निदेशक प्रशासन मनोरंजन सहित शिक्षा विभाग एवं जिला प्रशासन के अन्य वरीय पदाधिकारी भी उपस्थित थे। दिनेश कुमार ने गांधी मैदान में मौजूद संबंधित पदाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा के भीतर उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण किये जाएं। बिहार दिवस केवल एक कार्यक्रम नहीं बल्कि यह बिहार की गौरवशाली संस्कृति, इतिहास और विकास का उत्सव है और यह आयोजन हर दृष्टि से भव्य, सुव्यवस्थित और यादगार होना चाहिए। इसकी झलक आयोजन स्थल पर हर पंडाल व परिसर में दिखेगी। उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया कि कार्यक्रम स्थल की साफ-सफाई, सजावट एवं तकनीकी व्यवस्थाओं में किसी प्रकार की कोताही न बरती जाए।



# बिहार के 73 लाख किसानों के बैंक खाते में 1467 करोड़ रूपये की राशि अंतरण : राम कृपाल यादव

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** कृषि मंत्री राम कृपाल यादव द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 22वीं किस्त जारी किये जाने के अवसर पर कृषि भवन, पटना के सभागार में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कृषि मंत्री ने बताया कि इस अवसर पर देश के प्रधानमंत्री द्वारा दिसंबर 2025 से मार्च 2026 की अवधि के लिए प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 22वीं किस्त की राशि असम के गुवाहाटी में ज्योति-विष्णु अंतर्राष्ट्रीय कला केन्द्र, खानापारा से देश के 9.32 करोड़ से अधिक किसानों को लगभग 18,650 करोड़ रूपये की राशि हस्तांतरित की गई। मंत्री ने कहा कि 22वीं किस्त के माध्यम से बिहार के 73.34 लाख से अधिक किसानों को 1467 करोड़ से अधिक की राशि प्राप्त होगी। इस योजना अंतर्गत अब तक बिहार के कुल 86.36 लाख से अधिक लाभुकों को कुल 30,092.80 करोड़ रूपये राशि 21 किस्तों में भारत सरकार द्वारा दी गयी। कृषि मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना एक केन्द्रीय क्षेत्रक योजना है जिसका मुख्य उद्देश्य देश के सभी पात्र रैय्यत किसान परिवारों को आय में सहायता प्रदान करना है। इस योजना का मूल लक्ष्य फसलों के स्वास्थ्य एवं उचित उपज के लिए किसानों को विभिन्न उपादान क्रय करने हेतु वित्तीय मदद करना है ताकि किसानों के प्रत्याशित कृषि आय को सुनिश्चित किया जा सके। इस योजना का कार्यान्वयन 01.12.2018 से किया जा रहा है तथा इसका लाभ रैय्यत किसान परिवार को दिया जाना है जिनके पास खेती योग्य भूमि है। यहां किसान परिवार से तात्पर्य पति, पत्नी एवं नाबालिग बच्चें से है, यानि परिवार का कर्त्ता/मुखिया ही पात्र होंगे। उन्होंने कहा कि इस योजना पर खर्च होने वाली राशि का शत-प्रतिशत वहन केन्द्र सरकार द्वारा किया जाता है। इस योजना के अन्तर्गत रैय्यत किसान परिवार को सहायता राशि के रूप में 6,000 रूपये प्रतिवर्ष प्रत्येक चार माह के अन्तराल (अप्रैल से जुलाई, अगस्त से नवम्बर एवं दिसम्बर से मार्च) पर किसानों के आधार एवं एनपीसीआई से लिंक बैंक खाते में डी0बी0टी0 के माध्यम से दिया जाता है।

## नागालैंड का राज्यपाल बनने पर नंदकिशोर यादव को मारवाड़ी हेल्थ सोसाइटी ने दी बधाई

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** मारवाड़ी हेल्थ सोसाइटी के प्रतिनिधिमंडल ने अध्यक्ष राधेश्याम बंसल के नेतृत्व में पूर्व मंत्री एवं वरिष्ठ भाजपा नेता नंद किशोर यादव से मुलाकात कर उन्हें नागालैंड का राज्यपाल नियुक्त होने पर हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं। मौके पर पर सोसाइटी अध्यक्ष राधेश्याम बंसल ने कहा कि नंदकिशोर यादव ने विधायक, मंत्री और बिहार विधानसभा के अध्यक्ष के रूप में अपने दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन करते हुए बिहार के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। मौके पर कार्यकारी अध्यक्ष हनुमान गोयल ने कहा कि यादव का लंबा राजनीतिक अनुभव, कुशल नेतृत्व क्षमता और दूरदर्शी सोच उन्हें एक प्रभावी प्रशासक बनाती है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि नंदकिशोर यादव जैसे अनुभवी और जनहित के प्रति समर्पित व्यक्तित्व के राज्यपाल बनने से नागालैंड को उनके अनुभव का लाभ मिलेगा तथा राज्य के सर्वांगीण विकास को नई गति मिलेगी। प्रतिनिधिमंडल में संस्थापक अध्यक्ष महावीर अग्रवाल, उपाध्यक्ष अरुण रूंगटा, गोपाल मोदी, संदीप बंसल, शंकर प्रसाद सहित कई अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## सम्राट चौधरी के कार्यालय से एलपीजी सिलेंडर मंगाने की बात बेबुनियाद और भ्रामक : आप्त सचिव शैलेंद्र ओझा

### मामले की जांच कर सच्चाई सामने लाने और अफवाह फैलाने वालों की होगी पहचान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के आप्त सचिव शैलेंद्र कुमार ओझा ने उपमुख्यमंत्री कार्यालय से गैस एजेंसी के गोदाम से एलपीजी सिलेंडर मंगवाने से जुड़े आरोपों को पूरी तरह बेबुनियाद और भ्रामक बताया है। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर चल रही इस तरह की खबरें निराधार हैं।

शैलेंद्र कुमार ओझा ने स्पष्ट कहा कि उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के कार्यालय में एसडीओ का कोई पद नहीं है। ऐसे में यह दावा कि कार्यालय में कार्यरत एसडीओ ने गैस एजेंसी के गोदाम से एलपीजी सिलेंडर मंगवाया या आपूर्ति के लिए दबाव बनाया पूरी तरह झूठी और भ्रामक है। उन्होंने कहा कि बिना तथ्य के इस तरह की खबरें फैलाना गलत है और इससे भ्रम की स्थिति पैदा होती है। उन्होंने स्पष्ट किया कि उपमुख्यमंत्री कार्यालय में कार्यरत किसी भी कर्मी ने किसी भी गैस एजेंसी से एलपीजी सिलेंडर नहीं मंगवाया है। श्री ओझा ने कहा कि सोशल मीडिया पर लगाए जा रहे आरोपों का कोई आधार नहीं है। उन्होंने कहा कि इस मामले की जांच कराई जाएगी ताकि सच्चाई सामने आ सके और अफवाह फैलाने वालों की पहचान हो सके। उपमुख्यमंत्री के आप्त सचिव ने लोगों से अपील की कि वे अपुष्ट और भ्रामक खबरों पर भरोसा न करें तथा किसी भी जानकारी को साझा करने से पहले उसकी सत्यता की जांच अवश्य करें।

## पीएम मोदी के आगमन से तेज होगा बंगाल में विकास का महाअभियान : मंगल पांडेय

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार के स्वास्थ्य व विधि मंत्री तथा पश्चिम बंगाल भाजपा प्रभारी मंगल पांडेय ने कहा कि पश्चिम बंगाल की धरती शनिवार को विकास और परिवर्तन के नए अध्याय की साक्षी बनने जा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कोलकाता दौरे को लेकर भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह है। पीएम मोदी हमेशा बंगाल की जनता के हित और विकास के लिए प्रतिबद्ध रहे हैं। इस दौरे के दौरान प्रधानमंत्री करीब 18,680 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं का शुभारंभ और शिलान्यास करेंगे जिसमें 420 किलोमीटर से अधिक लंबाई की राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाएं, जहाजरानी और पोत से जुड़ी कई योजनाएं शामिल हैं। श्री पांडेय ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की मौजूदगी में आयोजित होने वाली 'परिवर्तन संकल्प सभा' पश्चिम बंगाल की राजनीतिक इतिहास की अब तक की सबसे बड़ी सभा साबित होगी। उन्होंने दावा किया कि इस सभा में कई लाख की संख्या में लोग शामिल होंगे और यह कार्यक्रम बंगाल में राजनीतिक परिवर्तन का मजबूत संदेश देगा।

### दानापुर मंडल में महिला रेल कर्मचारियों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन

## 67 महिला कर्मचारियों को किया गया सम्मानित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** दानापुर मंडल में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2026 के अंतर्गत मंडल में कार्य करने वाली महिला रेलकर्मियों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस सम्मान समारोह में मंडल के लेखा, वाणिज्य, परिचालन, विद्युत, इंजीनियरिंग यांत्रिक, मेडिकल, सामान्य प्रशासन, कार्मिक, संकेत एवं दूरसंचार, सुरक्षा तथा भंडार विभाग में कार्य करने वाली कुल 67 महिला कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। इस सम्मान समारोह में 42 महिला रेल कर्मचारियों को उनके बेहतर कार्य प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया तथा 9 महिला कर्मचारियों को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आयोजित निबंध, वाक् एवं क्विज प्रतियोगिता के अंतर्गत और साथ ही राष्ट्रीय खेल दिवस 2025 के अवसर पर पूर्व में आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता में विभिन्न श्रेणियों में 16 महिला रेल कर्मचारियों को उनके बेहतर प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मंडल रेल प्रबंधक विनोद कुमार एवं अध्यक्षा दानापुर महिला कल्याण संगठन निशी देव के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि अध्यक्षा, दानापुर महिला कल्याण संगठन के द्वारा उपस्थित कर्मचारियों को संबोधित किया गया जिसमें उन्होंने सभी महिला रेल कर्मियों को शुभकामना देते हुये रेल सेवा में उनके उल्लेखनीय योगदान की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि जहां नारी का सम्मान होता है वहां देवता का वास होता है। महिलाएं अब हरेक क्षेत्र में अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान दे रही हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक महिला रेलकर्मी अपने-अपने दायित्वों का बखूबी निर्वहन कर रही हैं। तत्पश्चात मंडल रेल प्रबंधक विनोद कुमार ने उपस्थित कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि देश दुनिया की प्रगति के साथ-साथ रेलवे की प्रगति में भी महिलाओं का योगदान सराहनीय है। आज के समय में वह भी पुरुषों से कदम से कदम मिलाकर चल रही हैं। महिलाएं हर क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं। कई क्षेत्रों का नेतृत्व भी उनके हाथों में है। यह सम्मान समारोह मंडल में कार्य करने वाली कुल 956 महिलाएं को समर्पित है। इस सम्मान समारोह में मंडल के कलाकारों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की भी प्रस्तुति दी गई।

## सेवा क्षेत्र रोजगार सृजन का प्रमुख स्रोत : उप महानिदेशक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**पटना।** अर्थव्यवस्था के उदारीकरण के बाद निगमित सेवा क्षेत्र का जी.डी.पी. में बढ़ते अनुपात को मद्देनजर रखते हुए भारत सरकार ने 'सेवा क्षेत्र के उद्यमों के वार्षिक सर्वेक्षण-2026' पर वार्षिक सर्वेक्षण किया जा रहा है जो 1 अप्रैल 2026 से प्रारम्भ होगा। इसमें जी.एस.टी.एन. नेटवर्क का उपयोग करते हुए इन उद्यमों का सर्वेक्षण किया जाएगा। इस सर्वेक्षण के लिए 13मार्च 2026 को कर्पूरी ठाकुर सदन, आशियाना दीघा रोड, पटना-25 में एक दिवसीय क्षेत्रीय प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन संपन्न हुआ। प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन उप महानिदेशक एवं क्षेत्रीय प्रमुख रोशन लाल साहू ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए उप महानिदेशक श्री साहू ने कहा कि सेवा क्षेत्र रोजगार सृजन का प्रमुख स्रोत है। दूरसंचार, स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा, पर्यटन, आई.टी.आदि सेवा क्षेत्र के उद्यम तीव्र विकासोन्मुख है और देश के कुल जी.डी.पी. में लगभग 50 प्रतिशत का योगदान दे रहा है। अतः डेटाबेस में इन उद्यमों का जी.वी.ए., फिक्स्ड कैपिटल, पूंजी निर्माण, श्रम-शक्ति पर आंकड़े संग्रह किये जाएंगे। इस अवसर पर कोलकता से आये हुए पर्यवेक्षक प्रभात भास्कर, निदेशक ने सर्वेक्षण के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इसका मुख्य लक्ष्य संगठित सेवा क्षेत्र का एक व्यापक डाटा बेस तैयार करना है। इससे प्राप्त डाटा सांख्यिकी प्रणाली को मजबूत करेगा और राष्ट्रीय खातों के सटीक संकलन मे मदद करेगा। उप निदेशक श्री परिमल ने शिविर के दौरान तकनीकी पहलुओं पर प्रकाश डाला और सेवा क्षेत्र के आकड़ों के महत्व पर विस्तृत प्रकाश डाला। वरिष्ठ सांख्यिकी अधिकारियों देवेन्द्र कुमार, सुशील कुमार सिंह, जीतेंद्र राय और चन्दन कुमार ने प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण दिया तथा सुधीर कुमार झा, वरिष्ठ सांख्यिकी अधिकारियों द्वारा उद्घाटन सत्र का धन्यवाद ज्ञापित किया गया। इस शिविर में उप क्षेत्रीय कार्यालय, गया के प्रभारी गौरव कुमार, सहायक निदेशक टेक नारायण प्रसाद एवं उप क्षेत्रीय कार्यालय, भागलपुर के प्रभारी रश्मि रंजन और अन्य वरिष्ठ सांख्यिकी अधिकारियों के अलावे पटना कार्यालय के वरिष्ठ सांख्यिकी अधिकारी अमिताभ पाठक, दिलीप कुमार, कमलेश कु. गुप्ता, डी.एन. प्रसाद, इन्द्रजीत, जितेन्द्र राय, मंजूषा कुमारी, प्रियंका कुमारी, सुमित कुमार, आलोक कुमार पांडेय एवं अन्य कनिष्ठ सांख्यिकी अधिकारी भी उपस्थित थे।

## कुशल युवा कार्यक्रम की समस्याओं को लेकर मंत्री संजय सिंह 'टाइगर' से मुलाकात, समाधान को लेकर सकारात्मक संकेत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना / वैशाली।** युवा रोजगार एवं कौशल विकास विभाग के मंत्री संजय सिंह 'टाइगर' जी से केवाईपी वेल्फेयर सोसाइटी, वैशाली के प्रतिनिधि मंडल ने मुलाकात कर कुशल युवा कार्यक्रम (केवाईपी) से जुड़े केंद्र संचालकों की विभिन्न समस्याओं को उनके समक्ष रखा। प्रतिनिधि मंडल ने विशेष रूप से कई महीनों से लंबित भुगतान, केंद्र संचालन में आ रही कठिनाइयों तथा अन्य प्रशासनिक समस्याओं की ओर मंत्री का ध्यान आकृष्ट कराया। मुलाकात के बाद मंत्री किसी पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत यात्रा पर निकल रहे थे। उसी दौरान मीडिया के प्रतिनिधि भी मौजूद थे, इसलिए उन्होंने कैमरे के सामने विस्तृत टिप्पणी करने से परहेज किया। हालांकि प्रस्थान से ठीक पहले उन्होंने केंद्र संचालकों के प्रतिनिधि समूह से पुनः संक्षिप्त बातचीत की और समस्याओं को सकारात्मक रूप से देखने का भरोसा दिया। मंत्री ने सभी केंद्र संचालकों को शुभकामनाएं भी दीं। इस संबंध में डॉ. आनंद रंजन झा, अध्यक्ष, केवाईपी वेल्फेयर सोसाइटी, वैशाली ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि यह मुलाकात सकारात्मक साबित होगी और लंबित भुगतान सहित अन्य समस्याओं के समाधान की दिशा में जल्द ही ठोस पहल होगी। केवाईपी वेल्फेयर सोसाइटी ने राज्य सरकार से अपेक्षा जताई है कि कुशल युवा कार्यक्रम से जुड़े केंद्र संचालकों, कर्मचारियों और छात्रों के हितों को ध्यान में रखते हुए शीघ्र निर्णय लिया जाएगा।

## काठगोदाम और ठाकुरनगर के मध्य स्पेशल ट्रेन का परिचालन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**हाजीपुर।** लखनऊ-गोरखपुर-छपरा-हाजीपुर-शाहपुर पटोरी-बरौनी-कटिहार के रास्ते काठगोदाम और ठाकुरनगर के मध्य एक स्पेशल ट्रेन 05030/05029 का परिचालन किया जाएगा। गाड़ी सं. 05030 काठगोदाम-ठाकुरनगर स्पेशल 15.03.2026 रविवार को काठगोदाम से 10 बजे खुलकर सोमवार को 02.05 बजे छपरा, 05.15 बजे बरौनी, 08.45 बजे कटिहार सहित अन्य स्टेशनों पर रुकते हुए 20.40 बजे ठाकुरनगर पहुंचेगी। वापसी में गाड़ी सं. 05029 ठाकुरनगर-काठगोदाम स्पेशल 18.03.2026 बुधवार को ठाकुरनगर से 10.20 बजे खुलकर 22.20 बजे कटिहार, गुरुवार को 01.15 बजे बरौनी एवं 5.15 बजे छपरा सहित अन्य स्टेशनों पर रुकते हुए 23.30 बजे काठगोदाम पहुंचेगी।

## अपर मंडल रेल प्रबंधक ने किया दानापुर-मोकामा रेल खंड सहित नए रेल पुल का निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** अपर मंडल रेल प्रबंधक इंफ्रा राजीव कुमार द्वारा पटना-मोकामा-राजेंद्रपुल रेलखंड का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने इस रेल खण्ड पर संरक्षा, सिगनलों की दृश्यता, रेलवे ट्रैक के रख-रखाव, ट्रैक की समुचित बैलास्टिंग, ट्रैक स्क्रीनिंग, ओवरहेड ट्रैक्शन व एलाइनमेंट एवं ट्रैक फिटिंग्स आदि का मुआयना किया एवं इसके साथ ही राजेंद्र पुल के समानांतर गंगा नदी पर बन रहे नए पुल एवं संबंधित दोहरीकरण कार्य का भी निरीक्षण किया गया। इस कार्य के पूरा हो जाने से सोनपुर मंडल की तरफ से आने एवं जाने के लिए दोहरी रेल लाइन बन जाने पर रेलवे के परिचालन की क्षमता काफी बढ़ जाएगी जिससे गाड़ियों के आने जाने में लगने वाले समय में भी कमी आएगी। रामपुर डुमरा, टाल, हाथीदह लिंक पर बने नए प्लेटफार्मों, स्टेशन भवन और यात्री सुविधाओं के निर्माण के साथ-साथ और राजेंद्र पुल से संबंधित कार्य की भी समीक्षा की गई। इस निरीक्षण के दौरान अपर मंडल रेल प्रबंधक इंफ्रा राजीव कुमार के साथ वरीय मंडल इंजीनियर, मंडल वाणिज्य प्रबंधक सहित मंडल के संबंधित अधिकारी भी मौजूद थे। निरीक्षण में इरकॉन के अधिकारी गण भी उपस्थित थे।

## प्रस्तावित आइपीओ के लिए एनएसई ने पूरी की सहयोगी कंपनियों के चयन की प्रक्रिया

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**इंदौर।** नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड ने अपने प्रस्तावित इनिशियल पब्लिक ऑफरिंग के लिए मर्चेंट बैंकर, लॉ फर्म और अन्य सहयोगी कंपनियों के चयन की प्रक्रिया पूरी कर ली है। यह चयन प्रक्रिया एनएसई की आईपीओ समिति द्वारा तय किए गए फ्रेमवर्क और मूल्यांकन पद्धति के अनुसार की गई। पूरी प्रक्रिया व्यवस्थित, पारदर्शी और प्रतिस्पर्धी तरीके से संपन्न हुई। चयनित 20 मर्चेंट बैंकर्स में कोटक महिंद्रा कैपिटल कंपनी लिमिटेड, जेएम फाइनेंशियल लिमिटेड, एक्सिस कैपिटल लिमिटेड, आईआईएफएल कैपिटल सर्विसेस लिमिटेड (पूर्व में आईआईएफएल सिक्योरिटीज लिमिटेड), मोतीलाल ओसवाल इन्वेस्टमेंट एडवाइजर्स लिमिटेड, आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज लिमिटेड, एसबीआई कैपिटल मार्केट्स लिमिटेड, नुवामा वेल्थ मैनेजमेंट लिमिटेड, एचडीएफसी बैंक लिमिटेड, एवेंडस कैपिटल प्राइवेट लिमिटेड, मॉर्गन स्टैनली इंडिया कंपनी प्राइवेट लिमिटेड, सिटीग्रुप ग्लोबल मार्केट्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, जे.पी. मॉर्गन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, एचएसबीसी सिक्योरिटीज एंड कैपिटल मार्केट्स (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड, आईडीबीआई कैपिटल मार्केट्स एंड सिक्योरिटीज लिमिटेड, 360 वन डब्ल्यूएएम लिमिटेड, आनंद राठी एडवाइजर्स लिमिटेड, डीएएम कैपिटल एडवाइजर्स लिमिटेड, पैंटोमैथ कैपिटल एडवाइजर्स प्राइवेट लिमिटेड और इक्विरस कैपिटल प्राइवेट लिमिटेड शामिल हैं। चयनित आठ लॉ फर्म्स में सिरिल अमरचंद मंगलदास, खेतान एंड कंपनी, लैथम एंड वॉटकिन्स एलएलपी, सिडली ऑस्टिन सिंगापुर प्राइवेट लिमिटेड, एजेडबी एंड पार्टनर्स, एस एंड आर एसोसिएट्स, शार्दुल अमरचंद मंगलदास एंड कंपनी और ट्राइलिगल शामिल हैं।

## आइएचएम हाजीपुर ने किया विशाल पर्यटक जागरुकता अभियान के साथ स्वच्छता अभियान का समापन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**हाजीपुर।** इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट हाजीपुर ने आज अपने टूरिस्ट अवेयरनेस प्रोग्राम के सफल ग्रैंड फिनाले का आयोजन करते हुए स्वच्छता और जागरूकता से जुड़े प्रभावशाली कार्यक्रमों का संचालन किया। यह कार्यक्रम भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय के स्वच्छता एक्शन प्लान के अंतर्गत आयोजित किया गया। अंतिम चरण में छात्रों और शिक्षकों की टीमों ने बिहार के तीन प्रमुख स्थलों–पटना के गांधी घाट, सोनपुर के हरिहरनाथ मंदिर और वैशाली के अशोक स्तंभ पर एक साथ अभियान चलाकर सतत पर्यटन और राष्ट्रीय गौरव का संदेश मजबूत किया। दिन भर की गतिविधियों में कलात्मक अभिव्यक्ति और प्रत्यक्ष कार्य का सुंदर समन्वय देखने को मिला। पेशेवर कलाकारों की टीमों ने आकर्षक नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किए जिन्होंने बड़ी संख्या में मौजूद लोगों का ध्यान आकर्षित किया। इन नाटकों के माध्यम से कचरा प्रबंधन और विरासत स्थलों के संरक्षण के महत्व को प्रभावशाली ढंग से समझाया गया। प्रस्तुतियों के बाद आईएचएम की टीमों ने इन ऐतिहासिक स्थलों के आसपास व्यापक सफाई अभियान चलाया और परिसर को साफ-सुथरा बनाने का कार्य किया। इन स्थलों का दृश्य छात्रों के रंग-बिरंगे बैनर और पोस्टरों से भी सजीव हो उठा, जो खुले वातावरण में शिक्षा का माध्यम बने और वहां मौजूद सैकड़ों पर्यटकों और श्रद्धालुओं को जागरूक करते रहे। धन्यवाद स्वरूप और अभियान की याद दिलाने के लिए पर्यटकों को पर्यावरण-अनुकूल उपहार भी वितरित किए गए। कई पर्यटक तो छात्रों के साथ स्वयं सफाई अभियान में शामिल हो गए जिससे पूरे कार्यक्रम में सामुदायिक भागीदारी का उत्साह देखने को मिला। आज के इस आयोजन के साथ आईएचएम हाजीपुर के लिए यह अभियान एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर बन गया है।

## राष्ट्रीय लोक अदालत में ट्रैफिक चालान मामलों का निपटारा आज

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** राज्य में लंबित ट्रैफिक चालानों के निपटारे के लिए 14 मार्च को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में विशेष व्यवस्था की गई है। इस संबंध में बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण ने सूचना जारी कर आम लोगों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर अपने ट्रैफिक चालान का निपटारा कराने की अपील की है। जारी सूचना के अनुसार पटना उच्च न्यायालय के स्तर से 11 मार्च 2026 को पारित आदेश को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है। इसके तहत 14 मार्च को बिहार के सभी व्यवहार न्यायालयों और अनुमंडल न्यायालयों में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में ट्रैफिक चालानों के मामलों का निपटारा सुनिश्चित किया जाएगा। प्राधिकरण ने आम जनता से अपील की है कि जिन लोगों के ट्रैफिक चालान लंबित हैं, वे संबंधित न्यायालय में उपस्थित होकर लोक अदालत के माध्यम से अपने मामलों का त्वरित निपटारा करा सकते हैं। इससे लोगों को लंबित मामलों से राहत मिलेगी और न्यायिक प्रक्रिया भी सरल व त्वरित होगी। प्राधिकरण के सदस्य सचिव ने बताया कि लोक अदालत के माध्यम से मामलों का निपटारा आपसी सहमति से किया जाता है जिससे समय और धन दोनों की बचत होती है। इसलिए अधिक से अधिक लोगों से इस अवसर का लाभ उठाने की अपील की गई है।

## राज्यस्तरीय कृषि यांत्रीकरण मेला में कृषि यंत्रों का प्रदर्शन

### मेला में 15 हजार से अधिक किसानों एवं आमजनों ने किया भ्रमण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** गांधी मैदान, पटना में आयोजित राज्यस्तरीय कृषि यांत्रीकरण मेला (एग्रो बिहार, 2026) का आज दूसरा दिन है। इस मेला में किसानों को कृषि यंत्रों का प्रदर्शन, उनके बारे में तकनीकी जानकारी तथा उन्हें कृषि यंत्रों पर अनुदान का लाभ एक ही साथ मिल रहा है। यह मेला 12-15 मार्च, 2026 तक कृषि विभाग, बिहार द्वारा सीआईआई के सहयोग से आयोजन किया जा रहा है। इस मेला में कृषि यंत्रों के निर्माताओं एवं विक्रेताओं की व्यावसायिक बैठक तथा यंत्र निर्माताओं एवं विभागीय पदाधिकारियों के साथ बैठक का आयोजन भी किया गया जिसमें कृषि अभियंत्रण महाविद्यालय, पूसा, समस्तीपुर के वरीय वैज्ञानिक भी मौजूद थे। साथ ही कृषि विभाग के सेवानिवृत पदाधिकारियों द्वारा भी अपना अनुभव साझा किया गया। इलेक्ट्रिक ट्रैक्टर - इस मेला में बैटरी से चलने वाली इलेक्ट्रिक ट्रैक्टर का प्रदर्शन किया गया है। इलेक्ट्रिक ट्रैक्टर की कार्य प्रणाली, उपयोगिता एवं पर्यावरण के अनुकूल विशेषताओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी जा रही है। इस मेला में कक्षा 08 एवं 09 बच्चों के लिए आयोजित मॉडल प्रदर्शनी के विजेताओं के बीच पुरस्कार का वितरण किया गया। डिजिटल एग्रीकल्चर, इंटीग्रेटेड फार्मिंग सिस्टम एज एग्रो टूरिजम एवं डेमोट्रेशन ऑफ जीआईटैग प्रोडक्ट ऑफ बिहार विद इट्स ऑरिजीन एण्ड डिस्क्रिप्शन विषय पर मॉडल का प्रदर्शन बच्चों के द्वारा किया गया। इस प्रतियोगिता में रविन्द्र बालिका प्लस टू विद्यालय, राजेन्द्र नगर के छात्रा को प्रथम पुरस्कार, डॉनबासको एकेडमी, पटना को द्वितीय पुरस्कार एवं राजकीय बालक उच्च माध्यमिक विद्यालय, राजेन्द्र नगर, पटना के छात्र को तृतीय पुरस्कार दिया गया। विजेता छात्र-छात्राओं को प्रथम पुरस्कार के रूप में 5000 रूपये, द्वितीय पुरस्कार के रूप में 3000 रूपये एवं तृतीय पुरस्कार के रूप में 2000 रूपये के साथ-साथ मोमेंटो तथा प्रमाण-पत्र दिया गया। साथ ही अन्य सभी प्रतिभागी छात्र/छात्राओं को प्रतिभागी प्रमाण-पत्र दिया गया।

आज इस मेला में पटना, मुजफ्फरपुर, वैशाली, सीतामढ़ी, शिवहर, पू. चम्पारण, प. चम्पारण, सारण, सिवान एवं गोपालगंज जिले के 2725 किसानों ने भाग लिया। आज तक इस प्रदर्शनी-सह-मेला में राज्य के 15 हजार से अधिक किसान/आगन्तुक आये। इस मेले में किसी तरह का प्रवेश शुल्क नहीं है। कोई भी किसान/व्यक्ति स्वेच्छा से इस प्रदर्शनी/मेला में भाग ले सकते हैं।

## एलपीजी की दिक्कत, अब एक फोन पर होगा समाधान

### नियंत्रण कक्ष सुबह 7 बजे से रात 9 बजे तक रहेगा कार्यरत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** राज्य में प्राकृतिक गैस (एलपीजी) से संबंधित समस्याओं को तुरंत दूर करने के लिए खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण ने पटना में एक नियंत्रण कक्ष की स्थापना की है। यह नियंत्रण कक्ष प्रतिदिन सुबह 7 बजे से रात्रि 9 बजे तक कार्यरत रहेगा। इस अवधि के दौरान राज्य के उपभोक्ता एलपीजी की उपलब्धता, वितरण अथवा उससे संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या या शिकायत के संबंध में इस विभागीय नियंत्रण कक्ष से संपर्क कर सकते हैं। आमलोग अपनी समस्याओं एवं कठिनाइयों से नियंत्रण कक्ष को टेलीफोन नंबर-0612-2233050 पर अवगत करा सकते हैं, ताकि विभाग द्वारा त्वरित संज्ञान लेते हुए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग ने आम उपभोक्ताओं से अपील की है कि एलपीजी से संबंधित किसी भी समस्या की स्थिति में अनावश्यक भ्रमित होने के बजाय विभाग द्वारा स्थापित नियंत्रण कक्ष से संपर्क करें जिससे समस्याओं का शीघ्र निदान सुनिश्चित किया जा सके।

### गैस और पेट्रोलियम पदार्थों की कालाबाजारी और अवैध भण्डारण को रोकने हेतु डीएम ने की प्रेस वार्ता

# गैस की कालाबाजारी में संलिप्त पाए जाने पर की जाएगी कानूनी कार्रवाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**सासाराम।** खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, बिहार सरकार के दिशा-निर्देशों के आलोक में रोहतास जिला प्रशासन द्वारा जिले में घरेलू रसोई गैस की निर्बाध आपूर्ति और उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु व्यापक कदम उठाए जा रहे हैं। इसी क्रम में शुक्रवार को जिलाधिकारी ने अपने कार्यालय कक्ष में प्रेसवार्ता कर जिले में गैस की उपलब्धता पर विशेष जानकारी दी। प्रेस वार्ता में जिलाधिकारी ने जिलेवासियों को आश्वस्त करते हुए कहा है कि रोहतास में घरेलू उपयोग के लिए रसोई गैस सिलेंडरों का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है। अतः आम उपभोक्ताओं को किसी भी प्रकार की घबराहट या ईंधन संकट की आशंका पालने की कतई आवश्यकता नहीं है। डीएम ने स्पष्ट किया कि पेट्रोलियम एजेंसियों से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार जिले की आपूर्ति श्रृंखला पूरी तरह सक्रिय है और मांग के अनुरूप सिलेंडरों की आपूर्ति सुचारू रूप से की जा रही है। उन्होंने आम नागरिकों से विशेष अपील की है कि वे गैस एजेंसियों या वितरण केंद्रों पर अनावश्यक भीड़ न लगाएं और न ही किसी भी प्रकार की भ्रामक खबरों अथवा अफवाहों पर ध्यान दें। जिला प्रशासन उपभोक्ताओं की सुविधा हेतु पूरी तरह सजग है और आवश्यक वस्तुओं की निर्बाध उपलब्धता की निरंतर निगरानी की जा रही है। गैस वितरण प्रणाली को अधिक पारदर्शी, व्यवस्थित और न्यायसंगत बनाने के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा लागू की गई नई व्यवस्था की जानकारी देते हुए जिलाधिकारी ने बताया कि अब कोई भी घरेलू उपभोक्ता अपने पिछले गैस सिलेंडर की डिलीवरी प्राप्त होने के कम से कम 25 दिनों के अंतराल के बाद ही अगले सिलेंडर की बुकिंग करने के लिए पात्र होगा। इस अनिवार्य समयावधि का निर्धारण मुख्य रूप से गैस की जमाखोरी और कालाबाजारी पर अंकुश लगाने के लिए किया गया है। ताकि समाज के अंतिम व्यक्ति तक ईंधन की पहुंच सुनिश्चित की जा सके। गैस और पेट्रोलियम पदार्थों की कालाबाजारी, अवैध भंडारण और भीड़ के कारण उत्पन्न होने वाली अव्यवस्था को रोकने के लिए जिला प्रशासन ने विशेष निगरानी की व्यवस्था की है।। निगरानी दल में मार्केटिंग ऑफिसर को प्रखंडवार प्रतिनियुक्त कर उन्हें छापेमारी और औचक निरीक्षण के लिए अधिकृत किया गया है। विशेष दल निरंतर निगरानी रखेंगी ताकि कोई भी वितरक कृत्रिम अभाव पैदा न कर सके। यदि कोई भी एजेंसी या व्यक्ति जमाखोरी या कालाबाजारी में संलिप्त पाया जाता है तो उसके विरुद्ध 'आवश्यक वस्तु अधिनियम-1955' के तहत कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन का लक्ष्य हर नागरिक को समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से रसोई गैस उपलब्ध कराना है। जिलाधिकारी ने जिला आपूर्ति पदाधिकारी और अनुमंडल पदाधिकारी को कड़े निर्देश दिए हैं कि वे गैस एजेंसियों की कार्यप्रणाली और वितरण नेटवर्क की स्वयं भी सघन निगरानी करें। यदि कोई वितरक कृत्रिम अभाव पैदा करने या कालाबाजारी में संलिप्त पाया जाता है तो उसके विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई करें।

## डिहरी में फार्मर रजिस्ट्री को लेकर प्रखंड स्तरीय प्रशिक्षण संपन्न, किसान सम्मान निधि की राशि हस्तांतरित




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** प्रखंड कृषि कार्यालय डिहरी के प्रांगण में शुक्रवार को नेशनल ई-गवर्नेंस प्लान कृषि योजना के अंतर्गत फार्मर रजिस्ट्री को लेकर प्रखंड स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण में कृषकों, पदाधिकारियों एवं कृषि विभाग के कर्मियों को फार्मर रजिस्ट्री से संबंधित आवश्यक जानकारी एवं तकनीकी पहलुओं से अवगत कराया गया। कार्यक्रम के दौरान किसानों को डिजिटल व्यवस्था के माध्यम से कृषि योजनाओं का लाभ सुगमता से उपलब्ध कराने के उद्देश्य से फार्मर रजिस्ट्री की प्रक्रिया और उसके महत्व पर विस्तार से जानकारी दी गई। इस अवसर पर बताया गया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किसान सम्मान निधि योजना के तहत देश के 9 करोड़ 32 लाख किसानों के बैंक खातों में 18,640 करोड़ रुपये की राशि हस्तांतरित की गई है जिससे किसानों को आर्थिक सहायता मिल सकेगी। कार्यक्रम में भाजपा जिला कोषाध्यक्ष एवं 20 सूत्री सदस्य आनंद कुमार पांडे, कृषि समन्वयक जितेंद्र कुमार सिंह, सुनील कुमार सिंह, उपेंद्र तिवारी, बीटीएम अजय शंकर तिवारी, जनसेवक संजय कुमार, किसान सलाहकार रवि कुमार, रजनीश कुमार, अमित कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# छात्र ने फांसी लगा की आत्महत्या, पंखे से लटका मिला शव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** डिहरी नगर थाना क्षेत्र के धनटोलिया मोहल्ला में शुक्रवार को मेडिकल की तैयारी कर रहे एक छात्र ने पंखे से लटककर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद इलाके में शोक का माहौल है। पुलिस के अनुसार धनटोलिया मोहल्ला निवासी रमन सिंह के मकान में पिछले लगभग तीन वर्षों से किराए पर रह रहे 19 वर्षीय छात्र अंकित शेखर ने कथित तौर पर अवसाद के कारण पंखे से लटककर अपनी जान दे दी। अंकित मेडिकल की तैयारी कर रहा था। बताया जाता है कि घटना के समय उसकी मां मीनाक्षी वर्मा घर में ही थीं। उन्होंने किसी प्रकार की आहट नहीं मिलने पर आवाज लगाई, लेकिन अंदर से कोई जवाब नहीं मिला। इसके बाद आसपास के लोगों को बुलाया गया। मोहल्ले के लोगों ने दरवाजा तोड़कर अंदर प्रवेश किया तो छात्र को पंखे से लटका पाया। आनन-फानन में उसे नीचे उतारकर शंकर हॉस्पिटल ट्रॉमा एनालिसिस सेंटर ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही नगर थानाध्यक्ष शिवेंद्र कुमार मौके पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू की। पुलिस ने जिला विधि विज्ञान प्रयोगशाला की टीम को भी बुलाया। मौके पर पहुंचे जिला विधि विज्ञान प्रयोगशाला के पदाधिकारी प्रभात कुमार ने कमरे में रखे मोबाइल, टैब और किताबों समेत अन्य सामान की जांच की तथा घटनास्थल की वीडियो रिकॉर्डिंग की। प्रारंभिक जांच में छात्र के मोबाइल और टैब से यह जानकारी मिली कि वह काफी समय से अवसाद की दवा ले रहा था। बताया जाता है कि मृतक के पिता अमित कुमार करवंदिया रेलवे स्टेशन पर स्टेशन मास्टर के पद पर कार्यरत हैं और घटना के समय पटना में थे। उसका भाई भी पटना में रहकर पढ़ाई करता है। घटना के बाद पूरे मोहल्ले में मातम पसरा हुआ है। मां मीनाक्षी वर्मा का रो-रोकर बुरा हाल है। उनका कहना है कि घटना से पहले अंकित सामान्य रूप से टीवी देख रहा था और किसी तरह की परेशानी का संकेत नहीं मिला था। वहीं घर में काम करने वाली सुनीता देवी ने बताया कि वह रोज की तरह कोचिंग से लौटकर सामान्य व्यवहार कर रहा था। नगर थाना की सब-इंस्पेक्टर अंजलि तिवारी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए सासाराम भेज दिया गया है और मामले की जांच की जा रही है।

## डीडीयू, गया, डिहरी ऑन-सोन एवं सासाराम स्टेशनों पर चला सघन टिकट जांच अभियान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** डीडीयू मंडल द्वारा बिना टिकट अथवा बिना उचित प्राधिकार के यात्रा की रोकथाम हेतु लगातार सघन जांच अभियान चलाए जा रहे हैं। इसी क्रम में डीडीयू-गया रेल खंड में डीडीयू जंक्शन, गया, डिहरी ऑन सोन एवं सासाराम स्टेशनों पर एक साथ सघन टिकट जांच अभियान चलाया गया। टिकट चेकिंग स्टाफ एवं सुरक्षा बल की संयुक्त टीमों द्वारा इन स्टेशनों पर प्लेटफॉर्म, पैदल पुल, प्रवेश/निकास द्वारों पर टिकट जांच की गई। साथ ही आवागमन वाली ट्रेनों में भी सघन जांच की गई। यात्रियों को टिकट लेकर यात्रा करने की सलाह दी गई एवं जागरूकता भी बढ़ाई गई। आज के अभियान में कुल 1737 यात्री बिना टिकट अथवा बिना उचित प्राधिकार के यात्रा करते पाए गए जिनसे जुर्माने के रूप में लगभग दस लाख पैंतालीस हजार रुपये का राजस्व अर्जित किया गया। चेकिंग के दौरान टिकट काउंटरों पर सामान्य से अधिक भीड़ देखी गई। रेल प्रशासन सभी यात्रियों से अनुरोध करता है कि वे सदैव उचित टिकट लेकर ही यात्रा करें। टिकट काउंटर, वेबसाइट, रेलवन मोबाइल एप एवं एटीवीएम के माध्यम से टिकट लेना अब और भी सरल हो गया है। बिना टिकट यात्रा करना दंडनीय अपराध है।

## सोन नदी से अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अकोढ़ीगोला।** रोहतास जिले के दरिहट थाना क्षेत्र अंतर्गत दरिहट गांव स्थित सूर्य मंदिर के पूर्व दिशा में सोन नदी में ग्रामीणों ने अज्ञात व्यक्ति का शव देखा जिसकी सूचना ग्रामीणों ने दरिहट थाने की पुलिस को दी। मौके पर दरिहट थाने की पुलिस पहुंचकर शव को अपने कब्जे में ले लिया। इस संबंध में दरिहट थानाध्यक्ष रवि रंजन प्रियदर्शी ने बताया कि शव अज्ञात व्यक्ति का है और ऐसा लग रहा कि शव पुराना है चेहरा पहचान पाना मुश्किल है। अज्ञात शव की उम्र लगभग 36 वर्ष की है। उक्त व्यक्ति ब्लू रंग का जींस तथा चेकदार फुल टीशर्ट पहन रखा है। शव की पहचान को लेकर आसपास के थानों में तथा वरीय अधिकारियों को सूचना दे दी गई है तथा शव की पहचान और पोस्टमार्टम को लेकर सासाराम सदर अस्पताल भेज दिया गया है। उन्होंने क्षेत्र के लोगों से अपील कि अगर शव की पहचान करनी हो या कुछ सूचना हो तो सासाराम सदर अस्पताल या स्थानीय थाने से संपर्क कर सकते हैं।

## प्राचीन ज्ञान विज्ञान की उपलब्धि जन-जन तक पहुंचाने पर बल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** प्रज्ञा प्रवाह के संपर्क महा अभियान के क्रम में प्रज्ञा प्रवाह के क्षेत्र संयोजक देवव्रत जी का प्रवास सासाराम में हुआ। उनके साथ प्रज्ञा प्रवाह के विभाग संयोजक डॉक्टर अरुण पाठक का भी आगमन सासाराम की धरती पर हुआ। संपर्क के क्रम में दोनों संयोजक का अवधूत भगवान राम महाविद्यालय सासाराम के प्राचार्य डॉक्टर विनोद कुमार सिंह के द्वारा अंग वस्त्र देकर स्वागत किया गया। मौके पर जिला सहसंयोजक शशिकांत चौबे, शिक्षक विनोद कुमार सिंह, ऋषिकेश झा के साथ महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ ओम प्रकाश सिंह के साथ-साथ लगभग 50 की संख्या में अन्य प्राध्यापक एवं कर्मचारी उपस्थित थे। देवव्रत जी ने प्रज्ञा प्रवाह के उद्देश्य के बारे में जानकारी देते हुए भारत के गौरवपूर्ण इतिहास को जन-जन तक पहुंचाने के लिए समाज के बुद्धिजीवी शिक्षकों प्राध्यापकों का आह्वान किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ विनोद कुमार सिंह समाज के प्रत्येक नागरिकों को अपने प्राचीन ज्ञान विज्ञान की उपलब्धि जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से इस तरह के कार्यक्रम की आवश्यकता पर बल दिया। बाद में संपर्क अभियान को बढ़ाते हुए प्रभाकर पाठक के नेतृत्व में अन्य सामाजिक कार्यकर्ताओं शिक्षकों के बीच विचार रखा गया।

## पटना से आयी टीम ने की अंचल कार्यालय की जांच

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**विक्रमगंज (रोहतास)।** अनुमंडल क्षेत्र के दावथ अंचल कार्यालय में गुरुवार को पटना से आए अधिकारियों ने जांच किया। जांच के क्रम में कई खामियां सामने आने की बातें आ रही है। बताया गया कि यह जांच रिपोर्ट विभाग को सौंपी जाएगी। विभाग की अवलोकन के बाद यह तय होगा कि अंचल कार्यालय का कार्य कितना संतोषजनक है। पटना से आए राजस्व एवं भूमि सुधार के उप सचिव डा. सुनील कुमार के हवाले से बताया गया कि विभाग के मंत्री के पास दावथ अंचल में हो रहे कार्य में लापरवाही, मनमानी एवं अनियमितता को लेकर सीओ और कार्यालय के विरुद्ध कई आवेदन जनता द्वारा दिए गए थे। वहीं सरकार द्वारा रूटीन जांच किए जाने की बातें भी कहीं जा रही है। इस दौरान आने वाली हर खामियां भी देखी गई। सभी जांच रिपोर्ट विभाग को सौंपी जाएगी। बताया गया कि इस जांच के बाद कार्यकलाप की स्थिति सामने आएंगी। विदित हो कि छः माह कार्यालय में हो रहे अवैध उगाही करने और रिश्वत लेने को लेकर एक कर्मचारी कन्हैया कुमार और एक दलाल को निगरानी विभाग द्वारा गिरफ्तार किया गया था। इसके बावजूद अंचल कार्यालय में दलालों के चक्कर से लोग खासी परेशान हैं जिससे परेशान दर्जनों किसानों द्वारा दाखिल खारिज समेत कई कामों में आरोप लगाते हुए विभाग में और मंत्री को पत्र के माध्यम से अवगत कराया था। जांच दल में बिनोद कुमार प्रशाखा पदाधिकारी राजस्व एवं भूमि सुधार पटना, एलआरडीसी बिक्रमगंज शामिल रहे।

# ऋण न चुकाने पर न्यायालय सख्त, ग्राहक पक्ष के व्यक्ति को भेजा जेल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**सासाराम।** चोलामंडलम इन्वेस्टमेंट एंड फाइनेंस कंपनी लिमिटेड शाखा सासाराम द्वारा दायर एग्जीक्यूटिव केश नंबर 53/2018 में ऋण की बकाया राशि जमा नहीं करने पर न्यायालय ने सख्त रुख अपनाते हुए ग्राहक पक्ष के व्यक्ति को जेल भेजने का आदेश दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार कंपनी द्वारा ऋण की बकाया राशि की वसूली के लिए ग्राहक भिखम प्रसाद के विरुद्ध न्यायालय में वाद दायर किया गया था। न्यायालय द्वारा कई बार नोटिस दिए जाने के बावजूद ग्राहक पक्ष द्वारा न्यायालय में उपस्थिति दर्ज नहीं कराई गई और न ही निर्धारित सेटलमेंट राशि ही जमा की गई। न्यायालय के आदेशों की अवहेलना को गंभीरता से लेते हुए अदालत ने गिरफ्तारी वारंट जारी किया। आदेश के अनुपालन में संबंधित व्यक्ति को हिरासत में लेकर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया जिसके बाद न्यायालय ने भिखम प्रसाद के पुत्र (ग्राहक पक्ष) को न्यायिक हिरासत में जेल भेजने का आदेश दिया। इस दौरान चोलामंडलम इन्वेस्टमेंट एंड फाइनेंस कंपनी लिमिटेड की ओर से लीगल मैनेजर मतीन्द्र कुमार गौतम तथा लीगल एग्जीक्यूटिव अभिषेक कुमार एवं अधिवक्ता सुनील कुमार राय न्यायालय में उपस्थित रहे और मामले की पैरवी की। न्यायालय ने अपने आदेश में स्पष्ट किया कि ऋण से संबंधित मामलों में न्यायालय के आदेशों की अनदेखी करने पर विधि के अनुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## गैस के लिए 400 मीटर लंबी लाइन, ओटीपी की तकनीकी समस्या से उपभोक्ता परेशान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मोहनियां।** अमेरिका व ईरान के बीच तनाव की खबरों के बीच गैस की किल्लत की आशंका को लेकर मोहनियां के डड़वा स्थित गैस एजेंसी पर प्रतिदिन उपभोक्ताओं की लंबी लाइन लग रही है। इसमें बुकिंग के बाद ओटीपी नहीं आने सहित कई अन्य समस्याओं के कारण गैस नहीं मिलने से लोग परेशान हैं। शुक्रवार को भी एजेंसी के बाहर लोगों की लंबी लाइन देखने को मिली जहां चिलचिलाती धूप में लोग घंटों खड़े होकर अपने नंबर का इंतजार करने को मजबूर दिखे।


**कार्यालय नगर परिषद गढ़वा**

**आम सूचना**

एतद् द्वारा नगर परिशद, गढ़वा क्षेत्रांतर्गत अवस्थित सभी निजी अस्पतालों को सूचित करते हुये निदेश दिया जाता है, कि अपने–अपने संस्थानों में होने वाली जन्म एवं मृत्यु की घटना का पंजीकरण आवश्यक दस्तावेज सहित नियमित समय में कराना सुनिश्चित करें।

जिन भी निजी अस्पतालों (जहां जन्म एवं मृत्यु की घटना होती हो) ने अपना पंजीकरण नगर परिषद, गढ़वा में वर्तमान तक नही कराया है, 03 दिनों के अंदर अपना पंजीकरण कराना सुनिश्चित करें। अन्यथा आपके विरुद्ध विधि सम्मत कार्रवाई की जायेगी।

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर परिषद, गढ़वा

PR 375052 Rural Development(25-26).D



**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT, BUILDING DIVISION, DALTONGANJ.**

**VERY SHORT NOTICE INVITING TENDER**

**Tender Ref. No.-34/E.E.,BCD/Building Div. Daltonganj/2025-26**

1. Name of Department :- Building Construction Department
2. Name of Advertiser :- Executive Engineer, B.C.D, Building Division, Daltonganj.
3. Date of time of Sale of BOQ :- 23.03.2026 from 10:00 am to 1:00 pm
4. Date and time of Receiving sealed tenders :- 24.03.2026 from 1:00 to 3:00 pm
5. Date and time of Opening of . Sealed tenders :- 24.03.2026 From 3:30 pm
6. Place of Sale of BOQ :- 1. In the Office of Executive Engineer, B.C.D, Building Division, Daltonganj.
   2. In the Office of Superintendent Engineer, B.C.D Circle - No.-02, Ranchi.
7. Place of Opening and Receiving Tender :- As per Place mention in serial No.- 6 (1)
8. Details of Work :-

| Sl. No. | Name of Work | Estimated Cost | Amount of Earnest Money | Cost of Tender Paper | Time Completion of Work |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | E/R repair of 2 Nos Bathroom in Quarter no F3 in Judicial colony Daltonganj, palamu. For the Year 2025-26 | 2,47,700.00 | 5000.00 | 500.00 | 15 Days |
| 2 | E/R repair and Colour washing of Guard room in Judicial colony Daltonganj palamu. For the Year 2025-26 | 2,48,900.00 | 5000.00 | 500.00 | 15 Days |
| 3 | E/R Roof treatment and Minor repair of Block-C in Judge Colony Daltonganj, Palamu for the Year 2025 - 26. | 2,41,800.00 | 5000.00 | 500.00 | 15 Days |
| 4 | E/R repair of bathroom and whitewashing of Quarter no D1 in judge colony palamu. for the year 2025-26 | 2,13,300.00 | 5000.00 | 500.00 | 15 Days |
| 5 | Laying of Paver block back side of F block in Judge Colony , Palamu for the year 2025-26 | 2,33,850.00 | 5000.00 | 500.00 | 15 Days |
| 6 | E/R Repair and Whitewashing of CJM Residence Palamu at Daltonganj, for the Year 2025-26 | 2,47,400.00 | 5000.00 | 500.00 | 15 Days |
| 7 | Repair and Putty/ Painting of colony no.SC/C/13 and miscellaneous work at sadik chowk at Daltonganj, Palamu.For Year 2025-26 | 2,35,000.00 | 5000.00 | 500.00 | 15 Days |
| 8 | Repair and putty/Painting of colony no.SC/B/14 and miscellaneous work at Sadik chowk at Daltonganj, Palamu. For Year 2025-26 | 2,45,800.00 | 5000.00 | 500.00 | 15 Days |
| 9 | Repair and Painting of colony no. SC/B/15 and tiles, sliding and miscellaneous work at sadik chowk at Daltonganj, Palamu. For Year 2025-26 | 2,47,800.00 | 5000.00 | 500.00 | 15 Days |
| 10 | Laying of Paver block in front of Garage in Judge Colony , Palamu for the year 2025-26 | 2,34,300.00 | 5000.00 | 500.00 | 15 Days |
| 11 | Construction of Shed Over Guard Room Situated in Judge Colony, Palamu Daltonganj. For the Year 2025 -26 | 2,42,100.00 | 5000.00 | 500.00 | 15 Days |
| 12 | E/R Installation of Door, renovation of rack into wooden cabin and installation of tiles in Backyard of Quarter no D1 at Judge Colony, Daltonganj Palamu. For the Year of 2025 -26 | 2,33,100.00 | 5000.00 | 500.00 | 15 Days |
| 13 | E/R of Quarter No. SC/A/03 Sadik Chwok at Daltonganj, Palamu. For the Year 2025-26 | 2,48,900.00 | 5000.00 | 500.00 | 15 Days |
| 14 | Detailed Estimate For Repair/painting work and floor pcc and miscellaneous work of The NTN/B/01 Quarter at Officer Colony, Nawatoli, Daltonganj, Palamu. For the Year 2025 -26 | 2,32,200.00 | 5000.00 | 500.00 | 15 Days |
| 15 | E/R Renovation Of Quarter- NTN/C/05, at Officer Colony, Nawatoli, Daltonganj, Palamu. For the Year 2025 -26 | 2,42,600.00 | 5000.00 | 500.00 | 15 Days |
| 16 | Repair and Painting of colony no.SC/C/11 at Sadik chowk at Daltonganj, Palamu.For Year 2025 -26 | 2,34,200.00 | 5000.00 | 500.00 | 15 Days |
| 17 | E/R for Water Storage Tank and Sanitary work in Campus of DIG Residence, Daltonganj, Dist:- Palamu for the Year 2025 - 26. | 2,44,400.00 | 5000.00 | 500.00 | 15 Days |
| 18 | E/R For Repair and Painting of Staff Quarter and Santri Post in Campus of DDC Residence at Daltonganj, Palamu.For Year 2025-26 | 2,33,400.00 | 5000.00 | 500.00 | 15 Days |
| 19 | E/R Of the Construction of Cow Shed and Miscellaneous work at S.P. Residence Daltonganj,Palamu. For Year 2025 - 26. | 2,29,500.00 | 5000.00 | 500.00 | 15 Days |
| 20 | Painting Work of Boundary wall, Outer wall of Building and Pavor in Campus of S.P. Residence, Daltonganj, Dist: - Palamu for the Year 2025 - 26. | 2,43,900.00 | 5000.00 | 500.00 | 15 Days |
| 21 | E/R Of Stair Head Room, Electrification and Miscellaneous work in C-Type Building at Nawatoli, Officer Colony, Daltonganj, Palamu. For the year 2024-25. | 2,42,000.00 | 5000.00 | 500.00 | 15 Days |
| 22 | Installation of Deep Bore well with Submersible in E-02 Quarter In Sichai Colony, Daltonganj, Palamu. for the year 2025-26. | 2,45,500.00 | 5000.00 | 500.00 | 7 Days |
| 23 | E/R for Renovation of DSP Residence at Hussianabad, Daltonganj, Palamu | 2,42,186.00 | 5000.00 | 500.00 | 15 Days |
| 24 | E/R of Repair and Painting of Colony No. SC/A/12 at Sadik Chowck at Daltonganj, Palamu. For the year 2026. | 2,27,800.00 | 5000.00 | 500.00 | 15 Days |
| 25 | E/R of Repair and Painting of Quarter No D-03, Irrigation Colony at Daltonganj, Palamu. For the year 2026. | 2,35,500.00 | 5000.00 | 500.00 | 15 Days |
| 26 | E/R of Repair and Painting of Quarter No D-05, Irrigation Colony at Daltonganj, Palamu. For the year 2026. | 2,20,600.00 | 5000.00 | 500.00 | 15 Days |
| 27 | E/R Renovation Of Quarter- NTN/C/06, at Officer Colony, Nawatoli, Daltonganj, Palamu. For the Year 2025 -26 | 2,38,100.00 | 5000.00 | 500.00 | 15 Days |
| 28 | Repair Painting and APP Work in Trainee IPS Quarter at Daltonganj, Palamu. For the Year 2025-26 | 1,20,800.00 | 5000.00 | 500.00 | 15 Days |
| 29 | E/R of Gate, Shed and Window at DDC Residence , Daltonganj, Dist:- Palamu for the Year 2025 - 26. | 1,57,900.00 | 5000.00 | 500.00 | 15 Days |
| 30 | Installation of Sliding, Electrical work and miscellaneous work of executive building Division, at Daltonganj, Dist:- Palamu for the Year 2025- 26. | 2,47,500.00 | 5000.00 | 500.00 | 15 Days |
| 31 | Laying of Paver Block in Outside Area of SDM Office, Daltonganj, Dist:- Palamu for the Year 2025 - 26. | 2,49,800.00 | 5000.00 | 500.00 | 15 Days |
| 32 | E/R for Badminton Court and Phed work in the Campus of Circuit House, Daltonganj, Palamu for the Year 2025 - 26. | 2,33,100.00 | 5000.00 | 500.00 | 15 Days |
| 33 | E/R of Renovation of Chamber and Common Bathroom in Block C of Collectorate Building, Daltonganj, Dist:- Palamu for the Year 2025 - 26. | 2,47,900.00 | 5000.00 | 500.00 | 15 Days |
| 34 | E/R for Fencing of Old Collectorate Building, Daltonganj, Dist:- Palamu for the Year 2025 - 26. | 2,27,000.00 | 5000.00 | 500.00 | 15 Days |
| 35 | E/R For Renovation Of Bathroom in Anti Corruption Bureau ,Divisional Office, Palamu at Daltonganj. For Year 2025 -26 | 2,25,100.00 | 5000.00 | 500.00 | 15 Days |
| 36 | E/R of Confidential Chamber in DSP Residence Chhatarpur, Palamu 2025-2026. | 2,46,900.00 | 5000.00 | 500.00 | 15 Days |
| 37 | E/R Open Terrace Roof Treatment and Repairing of Bathroom of Block-B in Campus of Collectorate Building at Daltonganj,Palamu.For the Year 2025 -26 | 2,21,600.00 | 5000.00 | 500.00 | 15 Days |
| 38 | E/R Roof Treatment, Repairing of Bathroom and Laying of Pavor in IG Office at Daltonganj,Palamu.For the Year 2025 - 26 | 2,26,400.00 | 5000.00 | 500.00 | 15 Days |
| 39 | Installation of Deep Bore well with Submersible in the campus of District Information and Public Relation Office for the year 2025-26. | 2,45,500.00 | 5000.00 | 500.00 | 7 Days |
| 40 | E/R of Common Bathroom Behind Old Circuit House and Laying of Paver Block in Campus of Circuit House Daltonganj. For the Year 2025-26 | 2,27,300.00 | 5000.00 | 500.00 | 15 Days |

निविदा में परिमाण विपत्र क्रय हेतू निम्नांकित शर्तें का पालन करना अनिवार्य होगा।

- परिमाण विपत्र क्रय हेतु सत्यापित निबंधन पत्र, पैन कार्ड, विगत तीन साल का आयकर रिटर्न, GST में निबंधन प्रमाण पत्र एवं फार्म अधतन 3B एवं 1 R, अद्यतन चरित्र प्रमाण पत्र (उपायुक्त द्वारा निर्गत हो) की छायाप्रति इत्यादि स्वअभिप्रमाणित प्रति संलग्न करना आवश्यक होगा।
- परिमाण विपत्र के लिए जमा किया जाने वाला डिमान्ड ड्राफ्ट भारतीय स्टेट बैंक के शाखा जो कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमण्डल, डालटनगंज के नाम से भुगतेय होगा, जो निविदा सूचनापरांत तिथि से निर्गत ही मान्य होगा।
- यदि निबंधित संवेदक के प्राधिकृत व्यक्ति द्वारा परिमाण विपत्र क्रय की जाती है तो इस आशय का शपथ पत्र मूल में संलग्न करना आवश्यक होगा।
- किसी अपरिहार्य कारण से निविदा रद्द या स्थगित की जाती है तो परिमाण विपत्र की राशि (डिमान्ड ड्राफ्ट) के रूप में वापस नहीं की जायेगी।
- निविदा से संबंधित अन्य सूचनाओं एवं NIT के अन्य शर्तों के लिए भवन प्रमण्डल, डालटनगंज के सूचना पट्ट को देखा जा सकता है या कार्यालय अवधि में कार्यालय से सम्पर्क किया जा सकता है तथा परिमाण विपत्र में संलग्न नियम एवं शर्तों का अनुपालन करना अनिवार्य होगा।

**Executive Engineer,**
**Building Division, Daltonganj.**

PR 375017 Building(25-26)#D

# व्यवहार न्यायालयों में परिचारी पद हेतु प्रारंभिक जांच परीक्षा 15 को

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। बिहार के व्यवहार न्यायालयों में परिचारी के पद पर नियुक्ति हेतु प्रारंभिक जांच परीक्षा 15 मार्च 2026 को आयोजित की जाएगी। परीक्षा का आयोजन कदाचारमुक्त, स्वच्छ एवं शांतिपूर्ण वातावरण में कराने तथा विधि-व्यवस्था संधारण के उद्देश्य से मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी राहुल किशोर की अध्यक्षता में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट), नवादा में प्रतिनियुक्त सभी केंद्राधीक्षकों एवं पुलिस पदाधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में परीक्षा के सुचारु संचालन को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। नवादा जिले में कुल 23 परीक्षा केंद्रों पर दो पालियों में परीक्षा आयोजित की जाएगी। प्रथम पाली सुबह 10:00 बजे से 12:00 बजे तक तथा द्वितीय पाली दोपहर 02:00 बजे से 04:00 बजे तक आयोजित होगी।



सभी परीक्षा केंद्रों पर स्टैटिक दंडाधिकारी (पुरुष/महिला), पुलिस पदाधिकारी, कार्यपालक दंडाधिकारी तथा पर्यवेक्षकों की प्रतिनियुक्ति की गई है। किसी भी परिस्थिति में प्रथम पाली के लिए सुबह 09:30 बजे तथा द्वितीय पाली के लिए दोपहर 01:30 बजे के बाद किसी भी परीक्षार्थी को प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी। अनुमंडल पदाधिकारी, नवादा सदर अमित अनुराग ने बताया कि परीक्षा के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए समाहरणालय नवादा परिसर में नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है, जिसका दूरभाष नंबर 06324-212261 है। नियंत्रण कक्ष के वरीय प्रभार में निरूपमा शंकर, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (आईसीडीएस) नवादा तथा पु0अ0नि0 सुजीत कुमार त्रिपाठी, प्रभारी डीसीबी शाखा रहेंगे। नियंत्रण कक्ष में पालीवार दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। साथ ही तीन सुरक्षित कार्यपालक दंडाधिकारी एवं पांच सुरक्षित स्टैटिक दंडाधिकारी भी प्रतिनियुक्त किए गए हैं। किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए जिला नियंत्रण कक्ष में अग्निशमन एवं चिकित्सा व्यवस्था की गई है। सिविल सर्जन द्वारा नियंत्रण कक्ष नवादा, प्रखंड कार्यालय परिसर वारिसलीगंज तथा प्रखंड कार्यालय हिसुआ में एम्बुलेंस, जीवनरक्षक दवाओं, चिकित्सकों एवं आवश्यक चिकित्सा कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। अनुमंडल लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी राजकुमार सिन्हा ने बताया कि परीक्षा केंद्रों के प्रवेश द्वार पर फ्रिस्किंग की व्यवस्था की गई है। किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा केंद्र में बैग, कैलकुलेटर, मोबाइल फोन, पर्स, ब्लूटूथ, वाई-फाई गैजेट, इलेक्ट्रॉनिक पेन, पेजर, रिस्ट वॉच सहित अन्य इलेक्ट्रॉनिक सामग्री तथा व्हाइटनर, इरेजर एवं ब्लेड जैसी सामग्री ले जाने की अनुमति नहीं होगी। परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र पर प्रवेश के समय दो पासपोर्ट आकार के रंगीन फोटोग्राफ, एक पहचान पत्र एवं उसकी स्व-अभिप्रमाणित प्रति, एक पारदर्शी पानी की बोतल तथा बॉल प्वाइंट पेन ले जाने की अनुमति दी जाएगी। उक्त अवसर पर जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी, जिला नियोजन पदाधिकारी, डीपीओ आईसीडीएस, जिला योजना पदाधिकारी सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# जिला व सत्र न्यायाधीश ने जागरूकता रथ को दिखाई हरी झंडी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। आगामी 14 मार्च को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। जिसकी सफलता को लेकर बिहारशरीफ व्यवहार न्यायालय परिसर से प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश गुरविंदर सिंह मल्होत्रा ने हरी झंडी दिखाकर जागरूकता रथ को रवाना किया। इस जागरूकता रथ के माध्यम से जिले के विभिन्न प्रखंडों और गांवों में जाकर लोगों को लोक अदालत के महत्व और लाभ के बारे में जानकारी दी जाएगी। साथ ही लंबित मामलों को आपसी समझौते के आधार पर निपटाने के लिए लोगों को प्रेरित किया जाएगा। इस अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश गुरविंदर सिंह मल्होत्रा ने बताया कि वर्ष 2026 की यह पहली राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजित की जा रही है। इसका उद्देश्य जिले के अंतिम व्यक्ति तक यह संदेश पहुंचाना है कि लोक अदालत के माध्यम से लोग



अपने मामलों का निःशुल्क, सरल और त्वरित समाधान प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि लोक अदालत में मामलों का निपटारा आपसी सहमति और समझौते के आधार पर किया जाता है, जिससे लोगों को समय और धन दोनों की बचत होती है। राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के लिए बिहारशरीफ व्यवहार न्यायालय में 12 बेंच तथा हिलसा अनुमंडल में 9 बेंच का गठन किया गया है। इन बेंचों के माध्यम से विभिन्न प्रकार के मामलों का निपटारा किया जाएगा। लोक अदालत के लिए पहले से ही कई मामलों की पहचान कर ली गई है। जानकारी के अनुसार बिहारशरीफ में 3786 मामलों और हिलसा अनुमंडल में 1382 मामलों को चिन्हित किया गया है। इस प्रकार कुल 5168 मामलों को लोक अदालत में निष्पादन के लिए सूचीबद्ध किया गया है। न्यायालय का लक्ष्य है कि अधिक से अधिक मामलों का आपसी समझौते के आधार पर निपटारा कर लोगों को शीघ्र न्याय उपलब्ध कराया जाए। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने कहा कि लोक अदालत न्याय व्यवस्था को सरल, सुलभ और प्रभावी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

# 34 परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित होगी परिचारी पद हेतु परीक्षा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। सिविल न्यायालय में अटेंडेंट एवं पिउन पदों पर नियुक्ति हेतु 15 मार्च को प्रारंभिक परीक्षा के सफल आयोजन हेतु टाउन हॉल, बिहारशरीफ में संबंधित केंद्राधीक्षकों, पुलिस पदाधिकारियों एवं दंडाधिकारियों को ब्रीफिंग किया गया। जिसकी अध्यक्षता अपर समाहर्ता (विभागीय जांच) रंजन कुमार चौधरी ने किया। बिहारशरीफ जिला मुख्यालय अंतर्गत 34 परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा आयोजित की गई है। स्वच्छ एवं कदाचार मुक्त परीक्षा सम्पन्न कराने हेतु 34 केंद्र प्रेक्षक सह - स्टैटिक दंडाधिकारी, 34 जोनल दंडाधिकारी प्रतिनियुक्त किये गए हैं। प्रारंभिक परीक्षा दो पाली में (प्रथम पाली 10.00 बजे पूर्वाह्न से 12.00 बजे मध्यान् तक एवं द्वितीय पाली अपराहन् 02.00 बजे से 04.00 बजे अपराह तक) लिया जाना है। जिसमें 23940अभ्यर्थी शामिल होंगे। प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर एक केंद्र ऑब्जर्वर एवं एक



स्टैटिक दंडाधिकारी तथा पुलिस पदाधिकारी प्रतिनियुक्त किए गए हैं। परीक्षा के स्वच्छ एवं कदाचार मुक्त वातावरण में आयोजन को लेकर प्रत्येक परीक्षा केन्द्र पर स्टैटिक दण्डाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गयी है जो लगातार विभिन्न सम्बद्ध परीक्षा केंद्रों के बीच भ्रमणशील रहते हुए स्वच्छ, निष्पक्ष परीक्षा का संचालन सुनिश्चित कराएंगे। परीक्षार्थियों के लिए परीक्षा केन्द्रों पर प्रवेश का समय प्रथम पाली के लिए पुर्वाहन 08.30 बजे से 09.30 बजे पुर्वाहन तक एवं द्वितीय पाली के लिए अपराहन् 12:30 बजे से 01.30 बजे अपराहन तक निर्धारित किया गया है। परीक्षा केन्द्रों पर निर्धारित प्रवेश के समय के बाद आने वाले किसी भी परीक्षाथी को परीक्षा केन्द्र में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी किसी भी परिस्थिति में परीक्षा हॉल /कक्ष में मोबाइल फोन/ किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक गजट के साथ परीक्षार्थियों का प्रवेश वर्जित रहेगा। सभी प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी को संबंधित परीक्षा केंद्र पर पूर्वाह्न 8:00 पूर्वाह्न तक अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने का निर्देश दिया गया है। संपूर्ण परीक्षा अवधि में सभी परीक्षा केंद्रों पर सतत वीडियोग्राफी कराई जाएगी। संपूर्ण परीक्षा अवधि में परीक्षा केंद्रों के 500 गज परिधि में दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा लागू रहेगी। परीक्षा के आयोजन के अवसर पर जिला मुख्यालय बिहारशरीफ में यातायात व्यवस्था सुगम बनाये रखने को लेकर अलग से दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी को प्रतिनियुक्त किया गया है। इस अवसर पर जिला शिक्षा पदाधिकारी, संबंधित केंद्राधीक्षक, दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।

## आपदा प्रबंधन के तहत तीन पीड़ित परिवारों को मिली आर्थिक सहायता

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। सिलाव प्रखंड विकास पदाधिकारी, सिलाव द्वारा आपदा प्रबंधन के तहत त्वरित संज्ञान लेते हुए मृतकों के आश्रितों को आर्थिक सहायता प्रदान की गई। मुख्यमंत्री पारिवारिक लाभ योजना के अंतर्गत तीन पीड़ित परिवारों को 20-20 हजार रुपये की सहायता राशि का चेक दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार बढ़ाकर पंचायत, सिलाव निवासी प्रबिला देवी के पति पंकज कुमार की सड़क दुर्घटना में आकस्मिक मृत्यु हो गई थी। इसके उपरांत उन्हें मुख्यमंत्री पारिवारिक लाभ योजना के तहत 20 हजार रुपये की सहायता राशि प्रदान की गई। वहीं सरिता देवी, पति स्व. मनोज कुमार, विस्थापित बढ़ाकर, सिलाव को भी उनके पति की सड़क दुर्घटना में हुई मृत्यु के बाद योजना के तहत 20 हजार रुपये की सहायता राशि दी गई।

# सरकारी कार्यालयों में जनसुनवाई आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। बिहार सरकार के सात निश्चय-3 के सातवें निश्चय "सबका सम्मान-जीवन आसान" का मुख्य उद्देश्य राज्य के सभी नागरिकों के दैनिक जीवन में आने वाली कठिनाइयों को कम कर उनके जीवन को अधिक सरल, सहज एवं सम्मानजनक बनाना है। इस निश्चय के अंतर्गत यह सुनिश्चित किया गया है कि आमजनों को सरकारी कार्यालयों से संबंधित कार्यों के निष्पादन में किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उक्त उद्देश्य की प्राप्ति हेतु प्रत्येक सप्ताह सोमवार एवं शुक्रवार को जिले के सभी सरकारी कार्यालयों में जनसुनवाई की व्यवस्था लागू की गई है। जिला पदाधिकारी, नवादा रवि प्रकाश के निर्देशानुसार जिले के ग्राम पंचायत, थाना, अंचल, प्रखंड, अनुमंडल एवं जिला स्तर के सभी सरकारी कार्यालयों में जनसुनवाई का आयोजन किया गया, जिसमें आम नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता



से सुना गया तथा उनके त्वरित एवं प्रभावी निष्पादन हेतु आवश्यक कार्रवाई की गई। जिला स्तर पर जनसुनवाई का आयोजन जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में किया गया। इस जनसुनवाई में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों द्वारा कुल 47 शिकायतें दर्ज की गईं। कार्यक्रम के दौरान जिला पदाधिकारी द्वारा कई शिकायतों का ऑन-द-स्पॉट निष्पादन किया गया, जबकि शेष मामलों को संबंधित विभागीय अधिकारियों को जाँचोपरांत आवश्यक कार्रवाई हेतु अग्रसारित किया गया। जनसुनवाई के दौरान थाना-वारिसलीगंज, ग्राम- चांदपुर की बबिता कुमारी द्वारा रास्ते से अतिक्रमण हटाने के संबंध में, थाना-सिरदला, ग्राम- वैरियाटांड़ के जितेंद्र कुमार द्वारा धान अधिप्राप्ति की राशि भुगतान के संबंध में, थाना-हिसुआ, ग्राम- पकड़िया के सुनील कुमार द्वारा नल-जल योजना के संबंध में, थाना-नरहट, ग्राम- सैदापुर के अभिषेक कुमार द्वारा बिहार गृह रक्षक भर्ती के संबंध में आवेदन दिया गया एवं अन्य परिवादियों द्वारा विभिन्न प्रकार की शिकायतें प्रस्तुत की गईं।

जिला पदाधिकारी द्वारा संबंधित पदाधिकारियों को सभी मामलों का समयबद्ध, पारदर्शी एवं नियमानुसार निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। इसी क्रम में अपर समाहर्ता, नवादा तथा नवादा सदर/ रजौली अनुमंडल, जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग सहित जिले के ग्राम पंचायत, थाना, अंचल, प्रखंड, अनुमंडल एवं जिला स्तर के सभी सरकारी कार्यालयों में भी जनसुनवाई का आयोजन किया गया।

# आर्म्स एक्ट मामले में अभियुक्त गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**


**नवादा**। जिले में अवैध हथियारों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत नवादा पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए आर्म्स एक्ट के मामले में एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार व्यक्ति के पास से हथियार और कई आपत्तिजनक सामान बरामद किए गए हैं। पुलिस अधीक्षक के अनुसार, पिछले कुछ दिनों से सूचना मिल रही थी कि रजौली थाना क्षेत्र के जंगलों में कुछ असामाजिक तत्व अवैध हथियारों के साथ रह रहे हैं और जंगल में काम करने वाले मजदूरों को डराकर उनसे खाना और अन्य सामान ले लेते हैं। इस सूचना के बाद वरिष्ठ पुलिस पदाधिकारियों के निर्देश पर रजौली थाना की अगुवाई में विशेष अभियान चलाया गया। पुलिस टीम ने जंगल क्षेत्र में छापेमारी करते हुए एक संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ लिया। पूछताछ के दौरान उसकी पहचान अजीत कुमार (31 वर्ष) के रूप में हुई, जो ग्राम डेलवा, थाना रजौली, जिला नवादा का रहने वाला है। तलाशी के दौरान पुलिस को उसके पास से एक एके-47 राइफल, दो .315 बोर राइफल, .315 बोर के 10 कारतूस, एके-47 के 21 कारतूस, दो मैगजीन, तीन एम्युनिशन पाउच तथा तीन सेट कैमोफ्लाज वर्दी बरामद हुई। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त को हथियारों के साथ थाना परिसर लाया गया, जहां उससे गहन पूछताछ की गई। पूछताछ में उसने बताया कि वह अपने साथियों के साथ मिलकर हथियारों का उपयोग भय पैदा करने और अवैध गतिविधियों में करता था। साथ ही यह भी जानकारी मिली कि ये लोग पुलिस की कार्रवाई से बचने के लिए जंगलों में छिपकर रहते थे।

इस मामले में रजौली थाना में कांड संख्या 158/26, दिनांक 13 मार्च 2026 के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस अन्य संभावित आरोपियों की तलाश में लगातार छापेमारी कर रही है। अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही अन्य संदिग्धों की गिरफ्तारी भी की जाएगी। नवादा पुलिस ने कहा कि जिले में अवैध हथियारों और आपराधिक गतिविधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। आम लोगों से भी अपील की गई है कि यदि किसी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी मिले तो तुरंत पुलिस को सूचित करें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके और क्षेत्र में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखी जा सके। पुलिस की इस कार्रवाई से इलाके में लोगों ने राहत की सांस ली है और उम्मीद जताई है कि इस तरह के अभियान से अपराधियों पर लगाम लगेगी।

# पीयू एलुमनाई एसो. नालंदा चैप्टर की अध्यक्ष बनी प्रो. सुनीता सिन्हा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। पटना विश्वविद्यालय पूर्ववर्ती छात्र संघ (पटना यूनिवर्सिटी एलुमनाई एसोसिएशन) की आगामी 15 मार्च को मगध महिला कॉलेज में होने वाले वार्षिक सम्मेलन की तैयारी के सिलसिले में आज नालंदा कॉलेज में संघ के नालंदा चैप्टर की बैठक हुई। बैठक में नालंदा चैप्टर इकाई का पुनर्गठन करते हुए नालंदा



कॉलेज की प्राचार्य एवं पटना विश्वविद्यालय अंग्रेजी स्नातकोत्तर (सत्र 1984-86) की छात्रा रहीं प्रो. सुनीता सिन्हा को अध्यक्ष एवं नालंदा निवासी डॉ संजीत कुमार को सचिव मनोनीत किया गया। इसके अतिरिक्त नालंदा निवासी अंजनी कुमार- उपाध्यक्ष, नालंदा कॉलेज बीएड विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ कीर्ति स्वराज- संयुक्त सचिव एवं पत्रकारिता के पूर्व छात्र नालंदा सूरजपुर निवासी सुजीत कुमार कोषाध्यक्ष चुने गए। अध्यक्षता करते हुए संघ के संयुक्त सचिव एवं नालंदा कॉलेज शिक्षाशास्त्र विभाग के अध्यक्ष डॉ ध्रुव कुमार ने नालंदा चैप्टर से जुड़े पटना विश्वविद्यालय के पूर्ववर्ती छात्रों से अधिकतम संख्या में वार्षिक सम्मेलन में शिरकत करने की अपील की।

# रग्बी फुटबॉल चयन ट्रायल का सफल आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। रग्बी फुटबॉल एसोसिएशन ऑफ नालंदा के तत्वावधान में शुक्रवार को नालंदा कॉलेज ग्राउंड में जिला स्तरीय सीनियर पुरुष एवं महिला रग्बी फुटबॉल चयन ट्रायल सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ। चयन ट्रायल प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए पांच दर्जन से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया और अपने खेल- कौशल का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता का उद्घाटन करते हुए प्राचार्या डॉ. प्रो. सुनीता सिन्हा ने खिलाड़ियों के शारीरिक एवं मानसिक विकास और उसके संतुलन पर बल दिया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करते हैं। रग्बी फुटबॉल एसोसिएशन ऑफ नालंदा के महासचिव रेंसी राकेश राज ने कहा कि इस चयन ट्रायल के माध्यम से चयनित खिलाड़ी आगामी राज्य स्तरीय रग्बी प्रतियोगिता में नालंदा जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे।

इस अवसर पर बीएड विभागाध्यक्ष डॉ ध्रुव कुमार एवं कॉलेज के पीटीआई दिलीप कुमार पटेल भी मौजूद थे। चयन ट्रायल में



निर्णायक के रूप में सौरभ कुमार, अनिरुद्ध कुमार एवं सुधांशु कुमार ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। चयन समिति द्वारा ट्रायल के बाद पुरुष एवं महिला वर्ग की जिला टीम की घोषणा की गई। महिला टीम में चुनचुन कुमारी (कप्तान), रेशम कुमारी, कोमल कुमारी, खुशी कुमारी, निकिता कुमारी (उप-कप्तान), प्रिया कुमारी, अर्चना कुमारी, मुस्कान राज, चांदनी कुमारी, धर्मशीला कुमारी, प्रियंका कुमारी एवं स्वेता शाही तथा पुरुष टीम में शेखर कुमार (कप्तान), रितेश रंजन, राजू कुमार, बजरंगी कुमार (उप-कप्तान), राजन कुमार, प्रिंस कुमार, गोलू कुमार, आकाश कुमार आर्य, सुधांशु कुमार, नंदन कुमार, विक्रम कुमार एवं प्रमानंद कुमार शामिल हैं।

## किसानों ने देखा पीएम मोदी के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण

**कौआकोल/नबिटा संवाददाता**। प्रखण्ड के जेपी आश्रम सोखोदेवरा स्थित राजेन्द्र भवन में शुक्रवार को कृषि विज्ञान केन्द्र,ग्राम निर्माण मण्डल सर्वोदय आश्रम सोखोदेवरा नवादा के बैनर तले कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम के तहत गुवाहाटी (असम) से पीएम किसान सम्मान समारोह में पीएम किसान सम्मान निधि हस्तांतरण का लाइव प्रसारण कृषकों को दिखाया गया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 22वी किश्त के माध्यम से 9.32 करोड़ से अधिक लाभार्थी किसानों के खातों में 18640 करोड़ रूपए से अधिक का सिंगल क्लिक द्वारा किसान सम्मान निधि की राशि का हस्तांतरण किया गया।

## नक्सली अजीत कुमार यादव हथियारों के साथ गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। बिहार में नक्सली संगठनों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए स्पेशल टास्क फोर्स (STF) और नवादा जिला पुलिस की संयुक्त टीम ने एक सक्रिय नक्सली को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार नक्सली की पहचान अजीत कुमार यादव के रूप में हुई है, जो प्रतिबंधित नक्सली संगठन पीएलएफआई का सक्रिय सदस्य बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार 12 और 13 मार्च 2026 की रात एसटीएफ की विशेष टीम और नवादा पुलिस ने संयुक्त अभियान चलाया। यह कार्रवाई नवादा जिले के रजौली थाना क्षेत्र में की गई। छापेमारी के दौरान पुलिस ने अजीत कुमार यादव को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार नक्सली की निशानदेही पर पुलिस ने भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद भी बरामद किया है। बरामद सामान में एक AK-47 राइफल, 21 कारतूस, दो मैगजीन, दो .315 बोर की राइफल, 10 कारतूस, तीन एम्युनिशन पाउच तथा तीन सेट कैमुफ्लाज वर्दी शामिल हैं।


Format C-2

(For political party to publish in website, newspaper, TV)

**Declaration about criminal antecedents of candidates set up by the party**

***(As per the judgment dated 25th September, 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.***

Name of Political Party : **Rashtriya Janata Dal**

*Name of the Election : **Council of States (Rajya Sabha)**

Name of State/UT : **Bihar**

| 1 | 2 | 3 | 4 | | 5 | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **Sl No.** | **Name of Constituency** | **Name of Candidate** | **(A) Pending Criminal Cases** | | **(B) Details about cases of conviction for criminal offences** | | |
| | | | Name of Court, case No. & status of the case(s) | Sections of the Acts concerned & brief description of offence(s) | Name of Court & date(s) of order(s) | Description of offence(s) & punishment imposed | **Maximum Punishment Imposed** |
| **1.** | **Bihar Legislative Assembly** | **Amarendra Dhari Singh** | Ld. Special Judge (PC Act) CBI-23 (MPs / MLAs Cases), Rouse Avenue Court Complex, New Delhi. ECIR No. DLZO-I/43/ 2021 dated 20.05.2021 | U/s- 3 & 4 of the prevention money laundering act 2002, Criminal conspiracy between 2007-2014 amongst the accused persons to cheat and defraud IFFCO, IPL, and the Government of India, by importing fertilizer at an inflated price thereby claiming higher subsidies causing loss to the government exchequer. This allegedly led to generation of Proceeds of Crime which were subsequently laundered in form of sham consultancy invoices. | Not Applicable | Not Applicable | Not Applicable |
| **2.** | **Bihar Legislative Assembly** | **Amarendra Dhari Singh** | Central Bureau of Investigation, CBI/E0-111/ E0U-VII, CGO Complex, Lodhi Road, New Delhi, 110003. RC No. 221/2021/ E009 dated 17.05.2021 | U/s - 120-B IPC R/w 420 IPC & S. 13 (2) R/w S. 13 (1) (d) Prevention of Corruption Act, 1988. Criminal conspiracy between 2007-2014 amongst the accused persons to cheat and defraud IFFCO, IPL, and the Government of India, by importing fertilizer at an inflated price thereby claiming higher subsidies causing loss to the government exchequer. | Not Applicable | Not Applicable | Not Applicable |

* In the case of election to Council of States or election to Legislative Council by MLAs, mention the election concerned in place of names of constituency.

### डॉ. प्रेम कुमार ने की जिलाधिकारी, नगर निगम, बुडको एवं संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक

# योजनाओं के क्रियान्वयन में गुणवत्ता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए : विधानसभा अध्यक्ष

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गया।** बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने गया में जिलाधिकारी, नगर निगम, बुडको एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की। बैठक में मुख्यमंत्री शहरी समग्र विकास योजना के अंतर्गत बुडको द्वारा कराए जा रहे कार्यों तथा गया टाउन विधानसभा क्षेत्र में चल रही विभिन्न विकास योजनाओं की प्रगति और गुणवत्ता पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक के दौरान अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता और गुणवत्ता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने निर्देश दिया कि प्रत्येक योजना के लिए स्थानीय प्रतिनिधियों एवं विभागीय अधिकारियों की एक संयुक्त समिति गठित की जाए जो संबंधित मोहल्लों के निवासियों को योजनाओं के प्राक्कलन एवं कार्यों की जानकारी उपलब्ध कराए। साथ ही स्थानीय लोगों को भी जागरूक रहकर विकास कार्यों की निगरानी करने की अपील की गई, ताकि सभी कार्य बेहतर और समयबद्ध तरीके से पूरे हो सके। बैठक में गया शहर के मुख्य प्रवेश मार्गों पर एक भव्य स्वागत द्वार के निर्माण, शहर के प्रमुख पहाड़ों पर लेजर लाइट लगाने की योजना तथा जल-जीवन-हरियाली अभियान के तहत विभिन्न तालाबों के विकास एवं सौंदर्यीकरण पर भी चर्चा की गई। इसके अतिरिक्त नगर निगम क्षेत्र के सभी पार्कों की समुचित देखरेख एवं रखरखाव की व्यवस्था सुनिश्चित करने पर भी विचार-विमर्श किया गया। अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने बताया कि गया टाउन विधानसभा क्षेत्र में मुख्यमंत्री शहरी समग्र विकास योजना (2024-25) के अंतर्गत कुल 78 योजनाओं को शामिल किया गया था जिनमें से 26 योजनाओं का कार्य पूर्ण कर लिया गया है जबकि अन्य योजनाओं पर कार्य प्रगति पर है। इसके साथ ही मुख्यमंत्री शहरी समग्र विकास योजना (2025-26) के अंतर्गत कुल 52 योजनाएं स्वीकृत हैं जिनमें से कुछ योजनाएं तकनीकी प्रक्रिया में हैं तथा कुछ योजनाओं पर कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि इन योजनाओं के प्रभावी और गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन से गया शहर के समग्र विकास, पर्यटन को बढ़ावा देने तथा नागरिक सुविधाओं में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिया कि विकास कार्यों को तय समय सीमा के भीतर पूर्ण करते हुए गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए।

## बिजली चोरी के खिलाफ कार्रवाई, पांच पर प्राथमिकी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** विद्युत विभाग द्वारा बिजली चोरी के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत शुक्रवार को कोंच थाना में पांच लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई गई। यह कार्रवाई कनीय विद्युत अभियंता विकास कुमार एवं विभागीय कर्मियों की टीम द्वारा की गई। जानकारी के अनुसार ग्राम उतरेंन निवासी ललन कुमार पर मीटर बाईपास कर अवैध रूप से बिजली उपयोग करने का आरोप है। उन पर 27,182 रुपये का जुर्माना लगाया गया है। वहीं ग्राम शाहगंज निवासी बलिराम साव का बकाया होने के कारण विद्युत लाइन काट दी गई थी, इसके बावजूद वे बिना बिल भुगतान के अवैध रूप से बिजली का उपयोग कर रहे थे। उन पर 40,816 रुपये का जुर्माना लगाया गया है। इसी प्रकार शाहगंज गांव की सुशीला देवी (पति–जुदागीर चौधरी) पर 31,999 रुपये, सुरेश यादव पर 36,806 रुपये तथा भुई लाल प्रसाद पर मीटर बाईपास कर बिजली चोरी करने के आरोप में 10,980 रुपये का जुर्माना लगाया गया है। विद्युत विभाग ने बताया कि बिजली चोरी के विरुद्ध आगे भी अभियान जारी रहेगा तथा दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## 7 किलो गांजा व 115 बोतल शराब बरामद, कारोबारी गिरफ्तार



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** थाना क्षेत्र के कोंच बस स्टैंड के पास पुलिस ने गुरुवार की रात छापेमारी कर गांजा एवं अंग्रेजी शराब बेचने वाले एक कारोबारी को गिरफ्तार किया। छापेमारी के दौरान पुलिस ने करीब 7 किलो गांजा और 115 बोतल (करीब 82 लीटर) अंग्रेजी शराब बरामद की है। जानकारी के अनुसार स्पेशल ब्रांच के डीएसपी संदीप कुमार के इनपुट पर पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति अपने ठंडे की दुकान में भारी मात्रा में गांजा और शराब छिपाकर रखे हुए है और उसे बेचने की तैयारी में है। सूचना के आधार पर टिकारी डीएसपी सुशांत कुमार चंचल के नेतृत्व में छापेमारी अभियान चलाया गया। इस दौरान थानाध्यक्ष सुदेह कुमार एवं पुलिस टीम ने संदिग्ध दुकान में तलाशी ली। तलाशी के क्रम में दुकान में छिपाकर रखे गए लगभग 7 किलो गांजा और 115 बोतल अंग्रेजी शराब बरामद की गई। पुलिस ने मौके से कारोबारी निरंजन शर्मा को गिरफ्तार कर लिया। वहीं उसके बेटे को भी हिरासत में लिया गया है। पुलिस दोनों से पूछताछ कर रही है तथा मामले में शुक्रवार को आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## शेरघाटी में गैस एजेंसी पर मनमानी का आरोप, बुकिंग के बावजूद नहीं मिल रहा सिलेंडर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेरघाटी।** रसोई गैस की आपूर्ति को लेकर उपभोक्ताओं ने गैस एजेंसी पर मनमानी का आरोप लगाया है। शुक्रवार को गैस एजेंसी पर बड़ी संख्या में पहुंचे उपभोक्ताओं ने बताया कि बुकिंग कराने के बावजूद समय पर सिलेंडर नहीं दिया जा रहा है जिससे लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बेलाडीह चेरकी बाजार निवासी उपभोक्ता सुनील कुमार ने बताया कि उन्होंने 28 फरवरी को गैस सिलेंडर के लिए बुकिंग कराई थी, लेकिन बिना डीएससी (डिलीवरी अथॉराइजेशन) नंबर के ही गैस का उठाव दिखा दिया गया। इस कारण उन्हें अब तक सिलेंडर नहीं मिल पाया है। उन्होंने कहा कि गैस नहीं मिलने से घर में खाना बनाने में दिक्कत हो रही है। बच्चों को भी स्कूल जाने से पहले भोजन नहीं मिल पा रहा है जिससे परिवार को परेशानी झेलनी पड़ रही है। वहीं रमना शेरघाटी निवासी बलराम प्रसाद ने बताया कि उन्होंने आखिरी बार 8 अक्टूबर 2025 को गैस सिलेंडर लिया था। इसके बाद 7 फरवरी को उन्होंने ऑनलाइन बुकिंग कराई, लेकिन एक महीने से अधिक समय बीत जाने के बाद भी उन्हें सिलेंडर उपलब्ध नहीं कराया गया। इससे उपभोक्ताओं में नाराजगी देखी जा रही है। उपभोक्ताओं का आरोप है कि एजेंसी में पारदर्शिता की कमी है और सही तरीके से वितरण नहीं किया जा रहा है। कई लोगों ने प्रशासन से मामले की जांच कर उचित कार्रवाई की मांग की है। इधर एजेंसी के प्रोपराइटर विनय कुमार गुप्ता ने उपभोक्ताओं की शिकायतों पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि गैस की कोई कमी नहीं है। उन्होंने कहा कि जिन उपभोक्ताओं ने बुकिंग कराई है वे डीएससी नंबर के साथ आएंगे तो उन्हें तुरंत गैस उपलब्ध करा दिया जाएगा।

## बकाया बिजली बिल जल्द करें जमा, अन्यथा काट दी जाएगी लाइन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** वित्तीय वर्ष 2025-26 के अंतिम माह मार्च को देखते हुए विद्युत विभाग ने शुक्रवार को सभी उपभोक्ताओं से बकाया बिजली बिल जल्द जमा करने की अपील की है। विभाग के कनीय अभियंता विकास कुमार ने स्पष्ट किया है कि जिन उपभोक्ताओं पर 10 हजार रुपये से अधिक बकाया है, वे शीघ्र भुगतान कर दें अन्यथा उनकी बिजली लाइन पोल से काट दी जाएगी। विद्युत विभाग के अनुसार बिना बकाया राशि जमा किए बिजली का उपयोग करते पाए जाने पर संबंधित उपभोक्ताओं के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। विभाग द्वारा राजस्व वसूली, विद्युत संबंध विच्छेद तथा बिजली चोरी के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है और प्रतिदिन कार्रवाई की जा रही है। विभाग ने प्रखंड क्षेत्र के सभी उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे समय पर अपना बकाया बिजली बिल जमा करें और बिजली चोरी से बचें, ताकि अनावश्यक कानूनी कार्रवाई से बचा जा सके।

## जदयू जिला कार्यालय कर्पूरी सभागार का उद्घाटन

### जिला जदयू संगठन को बिहार में नं. एक पर लेकर आएंगे : अजय कुशवाहा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**गयाजी।** जनता दल यूनाइटेड का कर्पूरी सभागार जिला कार्यालय का उद्घाटन बिसार तलाब रोड में जिलाध्यक्ष अजय कुशवाहा की अध्यक्षता में विधायक मनोरमा देवी, एमएलसी आफाक अहमद, प्रदेश मुख्यालय प्रभारी चंदन कुमार सिंह, पूर्व सांसद विजय मांझी, पूर्व मंत्री अभिराम शर्मा, विनोद यादव, पूर्व विधायक कृष्णनंदन यादव के द्वारा किया गया है। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों ने कहा कि जदयू जिला कार्यालय खुलने से पार्टी के कार्यों में सहूलियत होगी और जिलाध्यक्ष अजय कुशवाहा के नेतृत्व में गयाजी जदयू का संगठन मजबूती से काम करेगी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के द्वारा किए गए कार्यों को एवं उनके विचारधारा को गांव गांव तक बूथ लेवल तक पहुंचाने का काम करेंगे। जिलाध्यक्ष अजय कुशवाहा ने कहा कि पार्टी कार्यालय कार्यकर्ता के सहूलियत के लिए खोला गया है। उन्होंने कहा कि पार्टी में निशांत कुमार के आने से कार्यकर्ता काफी उत्साहित हैं। युवा नेता निशांत कुमार ने नेतृत्व में पार्टी को मजबूती मिलेगी, सभी कार्यकर्ताओं को प्रखंड एवं पंचायत स्तर तक नियमित बैठक करने को कहा गया। उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ताओं का मान-सम्मान का ख्याल रखा जाएगा। जिले का कार्यकर्ता काफी मेहनती हैं, पार्टी और नेता में आस्था रखने वाले लोग को जोड़ा जाएगा। संगठन को पंचायत लेवल, बूथ लेवल तक मजबूत किया जायेगा। इस अवसर पर मुख्य रूप से पूर्व जिलाध्यक्ष शौकत अली, एलेक्जेंडर खान, महानगर अध्यक्ष राजू बर्नवाल, जिला प्रवक्ता अवध बिहारी पटेल, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष ज्योती दांगी, नगर प्रखंड प्रमुख सुचिता रंजनी, कुंडल वर्मा, अरुण राव, धनंजय शर्मा, अरविंद सिंह, मधुसूदन राय, सोनम दास, पूनम कुशवाहा, विनोद कुमार, मितंबरा लोहड़े, कैलाश पासवान, राकेश पांडे, बबन चंद्रवंशी, उप प्रमुख सतीश पटेल, बलदेव प्रसाद, लालजी प्रसाद, शहजाद शाह, विनोद यादव, अरविंद वर्मा, अजीत शर्मा, प्रकाश पटवा, नरेश कुशवाहा, प्रखंड अध्यक्ष गण सहित सैकड़ों नेता कार्यकर्ता शामिल थे।

## 490 लीटर अवैध स्प्रिट के साथ गिरफ्तार, कार जब्त

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**डोभी/गयाजी।** समेकित जांच चौकी डोभी में पुलिस ने वाहन जांच के दौरान एक बड़ी कार्रवाई करते हुए 490 लीटर अवैध स्प्रिट के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई वाहन जांच के क्रम में की गई। पुलिस के अनुसार, एक्सयूवी 500 कार से अवैध स्प्रिट का परिवहन किया जा रहा था। वाहन की तलाशी लेने पर कुल 490 लीटर स्प्रिट बरामद किया गया। मौके से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान उज्ज्वल कुमार (26 वर्ष), पिता-वचन कुमार सिंह, निवासी- हरियाड छत्रसिंह कॉलोनी, थाना-बरियातु, जिला-रांची (झारखंड) के रूप में हुई है। पुलिस ने बरामद स्प्रिट के साथ-साथ एक्सयूवी 500 कार को भी जब्त कर लिया है। पुलिस ने बताया कि मामले में आगे की जांच जारी है और अनुसंधान के उपरांत आरोप पत्र न्यायालय में समर्पित किया जाएगा।

## इफ्तार पार्टी में शामिल हुए दर्जनों रोजेदार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गयाजी।** माहे रमजान के पवित्र माह के अंतिम जुम्मे की नमाज को लेकर मस्जिदों में रोजेदारों की भीड़ लगी रही। मस्जिदों में नमाज अदा की गई। रोजेदारों ने नमाज अदा कर देश दुनिया की सलामती की अल्लाह से दुआ किया। इस दौरान कई जगहों पर इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। सुग्गी चंडीस्थान में डॉ अन्नू की अगुआई में आयोजित इफ्तार पार्टी में दर्जनों लोग शामिल हुए।

## नगर आयुक्त ने सात लोगों की सुनीं फरियाद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गयाजी।** गया नगर निगम कार्यालय में शुक्रवार को जनता दरबार आयोजित किया गया। इसमें नगर आयुक्त अभिषेक पलासिया ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं। जनता दरबार में कुल सात लोगों ने एरियल बकाया, पीएफ भुगतान में देरी, पारिवारिक पेंशन, साफ-सफाई और स्वास्थ्य संबंधी शिकायतें रखीं। नगर आयुक्युत ने सभी मामलों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों और कर्मियों को त्वरित निष्पादन के निर्देश दिए। साथ ही प्राप्त शिकायतों को संबंधित पोर्टल पर अपलोड कर आवश्यक कार्रवाई शुरू करने को कहा। अधिकारियों ने बताया कि जनता दरबार के माध्यम से लोगों की समस्याओं का शीघ्र समाधान करने का प्रयास किया जा रहा है।

## मेंटेनेंस कार्य को लेकर आंती पीएसएस के सभी 11 केवी फीडर आज रहेंगे बंद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** गोह ग्रिड की 33 केवी लाइन में मेंटेनेंस कार्य किए जाने के कारण शनिवार, 14 मार्च 2026 को पीएसएस आंती अंतर्गत सभी 11 केवी फीडर की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। विद्युत विभाग द्वारा जारी सूचना के अनुसार सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक आपूर्ति बंद रहेगी। इस दौरान संबंधित क्षेत्रों में बिजली नहीं रहेगी। कनीय विद्युत अभियंता कोंच, विकास कुमार ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि निर्धारित समय के दौरान आवश्यक कार्य पहले ही निपटा लें तथा सहयोग बनाए रखें। मेंटेनेंस कार्य पूर्ण होने के बाद विद्युत आपूर्ति सामान्य कर दी जाएगी।

**Format C - 2**

(For political party to publish in website, newspapers, TV)

**Declaration about criminal antecedents of candidates set up by the party**

*(as per the judgment dated 25th September, 2018, of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No.536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)*

Name of political party: **Bharatiya Janata Party**

*Name of Election: Biennial Elections to the Council of States to fill the seat of members retiring in April 2026.

Name of State/UT: **Bihar**

| Sl. No. | Name of Constituency | Name of Candidate | Pending Criminal cases | | Details about cases of conviction for criminal offences | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | Name of Court, case No. & status of the case(s) | Sections of the acts concerned & brief description of offence(s) | Name of Court & date(s) of order(s) | Description of offences(s) & punishment imposed | Maximum Punishment Imposed. |
| 1. | For Biennial Election to the Rajya Sabha from Bihar for 2026 | Shri Nitin Nabin | Special Court, Patna Kotwali, Patna PS Case no. 469/15, Pending | U/S 143, 341, 188, 431, 290 IPC | Not Applicable | Not Applicable | Not Applicable |
| 2. | Do | Do | CJM, Patna Kotwali PS Case no. 516/2023 Under Investigation | U/S 188, 147, 149, 323, 324, 337, 338 & 353 IPC | Not Applicable | Not Applicable | Not Applicable |
| 3. | Do | Do | CJM, Patna Kotwali PS Case No. 1133/19 Pending | U/S 147, 149, 188, 291, 342, 504 IPC | Not Applicable | Not Applicable | Not Applicable |
| 4. | Do | Do | सब जज–4, पटना ACJM , Patna S.K. Puri, Patna PS Case no. 303/13 Pending | U/S 147, 341, 323, 504, 353 IPC | Not Applicable | Not Applicable | Not Applicable |
| 5. | Do | Do | श्रीमती माधुरी सिंह J.M. First Class, Patna Secretariate PS Case no. 56/14 Pending | U/S 188 IPC BPDP Act, 1987 | Not Applicable | Not Applicable | Not Applicable |

*In the case of election to Council of States or election to Legislative Council by MLAs, mention the Election concerned in place of name of constituency.

**Format C - 1**

(For candidate to publish in Newspapers, TV)

**Declaration about criminal cases**

*(As per the judgment dated 25th September, 2018, of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No.536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)*

Name and address of candidate: **Nitin Nabin,** 3 Taylor Road, Patna

Name of political party: **Bharatiya Janata Party**

*Name of Election: Biennial Elections to the Council of States to fill the seat of members retiring in April 2026.

*Name of Constituency: For Biennial Election to the Rajya Sabha from Bihar for 2026.

I **Nitin Nabin** a candidate for the Above mentioned election, declare for public information the following details about my criminal antecedents:

| Pending Criminal cases | | | | Details about cases of conviction for criminal offences | |
|---|---|---|---|---|---|
| S.N. | Name of Court | Case No. and Status of Case | Section(s) of Acts concerned and brief description of offences(s) | Name of Court & date(s) of order(s) | Description of offences(s) & punishment imposed |
| 1. | Special Court, Patna | Kotwali, Patna PS Case no. 469/15, Pending | U/S 143, 341, 188, 431, 290 IPC | Not Applicable | Not Applicable |
| 2. | CJM, Patna | Kotwali PS Case no. 516/2023 Under Investigation | U/S 188, 147, 149, 323, 324, 337, 338 & 353 IPC | Not Applicable | Not Applicable |
| 3. | CJM, Patna | Kotwali PS Case No. 1133/19, Pending | U/S 147, 149, 188, 291, 342, 504 IPC | Not Applicable | Not Applicable |
| 4 | सब जज–4, पटना ACJM , Patna | S.K. Puri, Patna PS Case no. 303/13, Pending | U/S 147, 341, 323, 504, 353 IPC | Not Applicable | Not Applicable |
| 5. | श्रीमती माधुरी सिंह J.M. First Class, Patna | Secretariate PS Case no. 56/14, Pending | U/S 188 IPC BPDP Act, 1987 | Not Applicable | Not Applicable |

*In the case of election to Council of States or Election to Legislative Council by MLAs, mention the election concerned in place of name of constituency.

संपादकीय

# गहराता रसोई गैस संकट

पश्चिम एशिया में ईरान, अमेरिका-इजराइल युद्ध के कारण सारी दुनिया के साथ-साथ भारत में भी ऊर्जा संकट और खासकर रसोई गैस (एलपीजी) की किल्लत गंभीर होती जा रही है। इसके लिए सीएनजी का भी टोटा होता जा रहा है, जो वाहनों का ईंधन है। हालांकि सरकार दावा कर रही है कि एलपीजी की सप्लाई में कहीं कोई कमी नहीं है, लेकिन जमीनी हकीकत दूसरी कहानी कह रही है। अभी घरेलू गैस की आपूर्ति जारी है, लेकिन कमर्शियल गैस सिलेंडरों की आपूर्ति लड़खड़ा गई है। देश के अधिकांश भागों में होटल रेस्टोरेंट बंद होने लगे हैं। इसमें भी उन छोटे कारोबारियों का मरण ज्यादा है, जो ठेले, गुमटी लगाकर चाय-नाश्ता बेचते हैं। इनका समूचा धंधा ही कमर्शियल एलपीजी गैस पर निर्भर है। रसोई गैस की कमी के संकट का मुख्य कारण हार्मुज जलडमरूमध्य को ईरान द्वारा ब्लॉक किया जाना है। कतर गैस का बहुत बड़ा सप्लायर है। लेकिन हार्मुज स्ट्रेट बंद होने से वहां से सप्लाई पूरी तरह रूक गई है। ऐसे में भारत सरकार ने देश की तेल रिफायनरियों से रसोई गैस का उत्पादन 10 फीसदी बढ़ाने के लिए कहा है। केन्द्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट पर लिखा कि हम अन्य देशों से एलपीजी आपूर्ति के पूरे प्रयास कर रहे हैं ताकि घरेलू उपभोक्ताओं को 100 फीसदी सीएनजी और पीएनजी की सप्लाई मिले। बाकी उद्योगों को भी 70-80 प्रतिशत तक सप्लाई मिलती रहे। जहां तक रसोई गैस का सवाल है तो भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा गैस आयातक है। कतर से हमे गैस सस्ती पड़ती थी, क्योंकि भौगोलिक रूप से वह हमारे पास है। अगर दूसरे देशों से लाएंगे तो वह महंगी पड़ेगी और जरूरत के मुताबिक मिलेगी भी या नहीं कहना मुश्किल है। कुल मिलाकर एलपीजी महंगी होनी ही है। देश में पांच लाख से अधिक रेस्टोरेंट और लाखों छोटे चाय ठेले वाले हैं। उनके सामने कुकिंग का संकट है। रेस्टोरेंटों के संगठन ने सरकार से अपने लिए कमर्शियल गैस सिलेंडर के अलग से कोटा देने की मांग की है। उनके सामने कुकिंग का संकट है। पुणे जैसे शहर में जहां श्मशान में शवदाह के लिए प्राकृतिक गैस का उपयोग होता है, उन्हें भी अस्थायी रूप से बंद करना पड़ा है। इस बीच भारत सरकार ने आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति बनाए रखने के लिए देश में आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 लागू कर दिया है ताकि ईंधन की कालाबाजारी को रोका जा सके। गौरतलब है कि भारत में एलपीजी कमर्शियल गैस सिलेंडरों की औसत दैनिक खपत लगभग 3 लाख सिलेंडर प्रतिदिन जबकि घरेलू गैस के देश में करीब 33 करोड़ उपभोक्ता हैं। सरकार ने कमर्शियल गैस सिलेंडर के भाव तो पहले ही बढ़ा दिए हैं। लेकिन बढ़े भाव पर भी गैस सिलेंडरों की सप्लाई नहीं हो पा रही है। क्योंकि आपूर्ति ही अपर्याप्त है। सरकार भी मान रही है कि सप्लाई चेन बाधित हो गई है। असली सवाल यही है कि यह सप्लाई चेन फिर से बहाल कैसे हो? अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियां बहुत आश्वस्त करने वाली नहीं है। क्योंकि हार्मुज स्ट्रेट खुल भी गया तो सप्लायर देशों को एलएनजी, एलपीजी का उत्पादन सामान्य करने में भी वक्त लगेगा। यानी मानकर चलिए कि अगले दो माह तक तो हालात सामान्य होने की उम्मीद नहीं है। दूसरे, रसोई गैस आपूर्ति न होने के दूरगामी परिणाम होंगे। होटल, रेस्टोरेंट वाले कर्मचारियों को वेतन न दे पाने के कारण नौकरियों से निकालना शुरू करेंगे और छोटे व्यवसायियों के सामने भी रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो जाएगा। इसका सीधा असर सरकार के प्रति आक्रोश में दिखेगा। दूसरे, रसोई गैस की पर्याप्त आपूर्ति के अभाव में ईंधन का दबाव बिजली और वैकल्पिक ऊर्जा पर होगा, सो अलग।

# न ईरान, न ही अमरीका : भारत सिर्फ अपने हितों के साथ

**आज जब दुनिया के कई हिस्से तनाव और टकराव ग्रस्त हैं, तब भारत में इस विषय पर राजनीतिक बहस नाटकीय रूप लेती दिखाई देती है। कांग्रेस का शीर्ष नेतृत्व मध्य-पूर्व एशिया की स्थिति पर मोदी सरकार की कथित 'चुप्पी' पर लच्छेदार शब्दों के साथ आलोचना कर रहा है। लेकिन तथ्य कुछ और ही कहानी बताते हैं। विदेश मंत्री एस. जयशंकर युद्ध से पहले और बाद भी अपने ईरानी समकक्ष से संपर्क बनाए हुए हैं। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संयुक्त अरब अमीरात, सऊदी अरब, जॉर्डन और बहरीन जैसे इस्लामी देशों के नेताओं से भी बातचीत की है। भारत ने इस युद्ध में संयम बरतने, तनाव कम करने और आम नागरिकों की सुरक्षा पर बल दिया है। खाड़ी देशों में लगभग 1 करोड़ भारतीय बसते हैं। ऐसे में जल्दबाजी में कोई कठोर बयान देना 'आग में घी डालने' जैसा हो सकता था। इसलिए भारत संतुलित और सोच-समझकर कदम उठा रहा है।**

**बलबीर पुंज**

गत दो सप्ताह से पश्चिमी एशिया भीषण युद्ध की आग में धधक रहा है। एक ओर इसराईल-अमरीका का गठबंधन है, तो दूसरी ओर ईरान, जिसे प्रत्यक्ष-परोक्ष रूप से रूस और चीन की रणनीतिक सहानुभूति प्राप्त है। सभी पक्षों से भारत के कूटनीतिक-व्यापारिक संबंध हैं। ऐसे में भारत को क्या करना चाहिए और किसका पक्ष लेना चाहिए, इस प्रकार के प्रश्न देश के एक राजनीतिक वर्ग द्वारा उठाए जा रहे हैं। इस संदर्भ में कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी का एक अंग्रेजी समाचारपत्र में आलेख प्रकाशित हुआ। इसमें उन्होंने ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की 'लक्षित हत्या' पर मोदी सरकार की तथाकथित 'चुप्पी' को 'परेशान करने वाला', 'कर्त्तव्यहीनता' और 'न्याय का त्याग' करने वाला बताया। क्या वाकई ऐसा है? क्या यह सच नहीं कि इस पूरे घटनाक्रम में मोदी सरकार केवल राष्ट्रहित और अपने लोगों (प्रवासी भारतीय सहित) की सुरक्षा (ऊर्जा सुरक्षा समेत) को प्राथमिकता दे रही है? खाड़ी देशों में जारी तनाव को लेकर दो बातें स्पष्ट हैं। पहली, इसमें नैतिकता की बात करना बेमानी है। दूसरी, युद्ध में दोनों ही पक्ष कोई संत नहीं हैं। भारतीय परंपरा में महाभारत का युद्ध केवल वीरता का ही नहीं, बल्कि युद्ध नियमों के टूटने का भी उदाहरण है। चक्रव्यूह में फंसे अभिमन्यु पर कई कौरव योद्धाओं ने मिलकर हमला किया, जो युद्ध-नीति के विरुद्ध था। वहीं पांडवों ने भी भीष्म पितामह के सामने शिखंडी को खड़ा करके उनका वध किया और द्रोणाचार्य को रोकने के लिए 'अश्वत्थामा हतः' का सहारा लिया। इसी तरह भीम ने दुर्योधन की जांघ पर, तो अर्जुन ने कर्ण के असहाय होने पर प्रहार किया।



ऐसे ही अमरीका नीत गठबंधन और ईरान भी कोई दूध के धुले नहीं हैं। ईरान की मौजूदा सत्ता लंबे समय से देश के अंदर दमन और बाहर अस्थिरता फैलाने के आरोपों से घिरी है। 1979 की ईरानी क्रांति के बाद बनी इस्लामी व्यवस्था ने अपने कट्टरपंथी विचारों को शेष विश्व पर थोपने की नीति अपनाई। उसकी इस्लामिक रैवोल्यूशनरी गार्ड्स (आई.आर.जी.सी.) की कुद्स फोर्स ने पश्चिम एशिया में कई जिहादी संगठनों को सहारा दिया। लेबनान में हिज्बुल्लाह और फिलिस्तीन में हमास जैसे जिहादी संगठन वर्षों से ईरान के टुकड़ों पर पल रहे हैं। वर्तमान ईरान का ध्येय समस्त विश्व का इस्लामीकरण है। इसलिए जब उसकी इस्लामी सत्ता के खिलाफ देश में महिला अधिकार केंद्रित प्रदर्शन हुए, तो उसे उसने कठोरता से रौंद दिया। स्वयं खामेनेई ने इस वर्ष हजारों प्रदर्शनकारियों को मौत के घाट उतारने की पुष्टि की थी। दूसरी ओर, अमरीका का इतिहास भी पूरी तरह नैतिकता से युक्त नहीं है। 1955 में उसने अपने सहयोगी देशों के साथ मिलकर वियतनाम में युद्ध शुरू किया, जो 20 वर्षों तक चला और लाखों लोगों की जान जाने के बाद भी विजयी नहीं हो पाया। 1971 में पूर्वी पाकिस्तान (वर्तमान बंगलादेश) में बड़े पैमाने पर हिंसा और अत्याचार हो रहे थे, फिर भी अमरीका ने पश्चिमी पाकिस्तान (वर्तमान पाकिस्तान) का समर्थन करके भारत के खिलाफ अपना विमानवाहक पोत बंगाल की खाड़ी में तैनात कर दिया। बावजूद इसके पाकिस्तान को भारत के हाथों शर्मनाक हार मिली। 1979-89 के बीच सोवियत संघ के खिलाफ अफगानिस्तान में अमरीका ने पाकिस्तान और सऊदी अरब के समर्थन से इस्लाम के नाम पर मुजाहिदीनों (ओसामा बिन लादेन सहित) को खड़ा किया। बाद में यही समूह तालिबान बना, जिसके खिलाफ भी अमरीका ने न्यूयॉर्क के भीषण 9/11 आतंकी हमले (2001) के बाद अफगानिस्तान में युद्ध शुरू किया। लेकिन 20 वर्ष बाद उसी तालिबान से समझौता करके वापस चलता बना। यानी अमरीका ने अपने रणनीतिक हितों को नैतिकता से ऊपर रखा, वेनेजुएला प्रकरण इसका ताजा उदाहरण है। अगर वाकई अमरीकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ईरान को कट्टरपंथी इस्लामी सत्ता से मुक्त करना चाहते हैं, तो वह पाकिस्तान की कट्टरपंथी सेना के साथ इतनी नजदीकी क्यों बढ़ा रहे हैं?

आज जब दुनिया के कई हिस्से तनाव और टकराव ग्रस्त हैं, तब भारत में इस विषय पर राजनीतिक बहस नाटकीय रूप लेती दिखाई देती है। कांग्रेस का शीर्ष नेतृत्व मध्य-पूर्व एशिया की स्थिति पर मोदी सरकार की कथित 'चुप्पी' पर लच्छेदार शब्दों के साथ आलोचना कर रहा है। लेकिन तथ्य कुछ और ही कहानी बताते हैं। विदेश मंत्री एस. जयशंकर युद्ध से पहले और बाद भी अपने ईरानी समकक्ष से संपर्क बनाए हुए हैं। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संयुक्त अरब अमीरात, सऊदी अरब, जॉर्डन और बहरीन जैसे इस्लामी देशों के नेताओं से भी बातचीत की है। भारत ने इस युद्ध में संयम बरतने, तनाव कम करने और आम नागरिकों की सुरक्षा पर बल दिया है। खाड़ी देशों में लगभग 1 करोड़ भारतीय बसते हैं। ऐसे में जल्दबाजी में कोई कठोर बयान देना 'आग में घी डालने' जैसा हो सकता था। इसलिए भारत संतुलित और सोच-समझकर कदम उठा रहा है।

विडंबना यह भी है कि जिस खामेनेई के लिए आज कांग्रेस सहित एक राजनीतिक-वैचारिक कुनबे का कलेजा फटा जा रहा है, वे कई बार कश्मीर सहित कई विषयों पर भारत-विरोधी रुख अपना चुके थे। यह भी दिलचस्प है कि जब कांग्रेस के नेतृत्व वाली यू.पी.ए. गठबंधन (2004-14) सरकार सत्ता में थी, तब भारत ने 3 बार अमरीकी-यूरोपीय दबाव में ईरान के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा अभिकरण (आई.ए.ई.ए.) में मतदान किया था। दरअसल, पिछले दशक में भारत की विदेश नीति में बड़ा बदलाव आया है। प्रधानमंत्री मोदी यहूदी राष्ट्र इसराईल की 2 बार (2017 व 2026) ऐतिहासिक यात्रा कर चुके हैं और इसी दौरान खाड़ी में इस्लामी देशों के साथ भी उनके रिश्ते उच्चतम स्तर पर हैं। संदेश स्पष्ट है-भारत अब किसी एक खेमे का मोहरा नहीं, बल्कि अपने हितों को सर्वोपरि रख रहा है।कोई संदेह नहीं कि अमरीका-इसराईल और ईरान अपने-अपने उद्देश्यों को साधने में लगे हैं, जिस पर वैश्विक शांति, स्थिरता, नैतिकता, लोकतंत्र और मानवता का दिखावा रूपी मुलम्मा चढ़ाया जा रहा है। भारत के लिए सबसे समझदारी भरा रास्ता यही है कि वह राष्ट्रहितों, ऊर्जा सुरक्षा और नागरिकों की सुरक्षा को ऊपर रखे। यही व्यावहारिक और जिम्मेदार कूटनीति है।

अध्यात्म

## हर समस्या का तुरंत समाधान न मिलने पर घबराना नहीं चाहिए

एक लोक कथा है। पुराने समय में किसी गांव में एक व्यक्ति जीवन की परेशानियों से बहुत निराश हो गया था। उसे लगता था कि उसकी जिंदगी में समस्याएं कभी खत्म ही नहीं होतीं। वह एक परेशानी हल करता, तभी दूसरी समस्या सामने आ जाती। धीरे-धीरे वह बहुत निराश रहने लगा। एक दिन उसने सोचा कि गांव के प्रसिद्ध संत से मिलकर सलाह ली जाए। वह संत के पास गया और बोला कि गुरु जी, मैं बहुत परेशान हूं। मेरे जीवन में एक के बाद एक समस्याएं आती रहती हैं। कृपया ऐसा उपाय बताइए कि मेरी सारी परेशानियां खत्म हो जाएं और मेरा मन हमेशा शांत रहे। संत ने उसकी बात ध्यान से सुनी और बोले कि तुम्हारी समस्या का समाधान मैं तुम्हें कल बताऊंगा, लेकिन आज तुम्हें मेरा एक छोटा सा काम करना होगा। व्यक्ति तुरंत तैयार हो गया। संत बोले कि आज रात तुम्हें मेरे ऊंटों का ध्यान रखना है। जब सारे ऊंट बैठ जाएं और सो जाएं, तब तुम भी सो जाना। उस व्यक्ति ने सोचा कि यह तो बहुत आसान काम है। रात में वह ऊंटों की देखभाल करने लगा, लेकिन थोड़ी देर में उसे समझ आ गया कि काम इतना आसान नहीं है। जब वह एक ऊंट को बैठाता, तभी दूसरा ऊंट खड़ा हो जाता। वह दूसरे को बैठाता तो तीसरा उठ खड़ा होता। पूरे झुंड के सारे ऊंट एक साथ बैठ ही नहीं रहे थे। इसी तरह ऊंटों को संभालते-संभालते पूरी रात निकल गई और उसे सोने का मौका ही नहीं मिला। अगली सुबह वह थका हुआ संत के पास पहुंचा। संत ने मुस्कुराकर पूछा कि रात में नींद कैसी आई? व्यक्ति बोला कि गुरु जी, मैं तो पूरी रात सो ही नहीं पाया। आपके ऊंटों ने मुझे बहुत परेशान किया। एक को बैठाता तो दूसरा खड़ा हो जाता। सारे ऊंट एक साथ बैठे ही नहीं। संत ने शांत स्वर में कहा कि हमारे जीवन की समस्याएं भी इन ऊंटों की तरह ही होती हैं। जब हम एक समस्या हल करते हैं तो दूसरी खड़ी हो जाती है। जीवन में परेशानियां हमेशा आती-जाती रहती हैं। संत की बातें सुनकर व्यक्ति ने फिर पूछा कि तो फिर हमें क्या करना चाहिए? संत बोले कि जैसे कुछ ऊंट अपने आप बैठ गए थे, वैसे ही जीवन की कुछ समस्याएं समय के साथ खुद ही खत्म हो जाती हैं। कुछ समस्याओं को हम अपनी कोशिश से हल कर लेते हैं और कुछ ऐसी भी होती हैं जो तुरंत हल नहीं होतीं। ऐसे समय में धैर्य रखना चाहिए और जीवन का आनंद लेना नहीं छोड़ना चाहिए। निराश व्यक्ति को उस दिन जीवन का एक बड़ा सबक मिल गया। इसके बाद वह व्यक्ति हमेशा प्रसन्न रहने लगा।

# ईरान: वैश्विक राजनीति के लिए गहरी सीख

**ईरान, इजराइल और अमेरिका के बीच हाल में बढ़े सैन्य तनाव ने मध्य-पूर्व की भू-राजनीति को झकझोर कर रख दिया है और पूरी दुनिया का ध्यान अपनी ओर खींच लिया है। संयुक्त सैन्य कार्रवाई, जवाबी हमलों, वरिष्ठ अधिकारियों की मौत और आम नागरिकों के हताहत होने की खबरों ने वैश्विक स्तर पर चिंता को और बढ़ा दिया है। कई देशों को यह डर सताने लगा है कि यदि हालात नहीं संभले तो यह टकराव एक बड़े क्षेत्रीय युद्ध का रूप भी ले सकता है। फिलहाल पूरी दुनिया की निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि इस बढ़ते तनाव का अंत किसदिशा में होगा। लेकिन इन घटनाओं के बीच ईरान की स्थिति दुनिया के सामने कई महत्वपूर्ण सबक भी रखती है। ये सबक केवल सैन्य या कूटनीतिक स्तर तक सीमित नहीं हैं, बल्कि आर्थिक नीति, शासन व्यवस्था, आंतरिक स्थिरता और सरकार तथा जनता के बीच संबंधों से भी गहराई से जुड़े हुए हैं।**

**नृपेन्द्र अभिषेक नृप**

ईरान की स्थिति से जो पहला और सबसे बड़ा सबक सामने आता है, वह है वैज्ञानिक और तकनीकी प्रगति का महत्व। आज के समय में किसी देश की ताकत केवल उसकी सेना या प्राकृतिक संसाधनों से तय नहीं होती। विज्ञान, तकनीक,अनुसंधान और नवाचार किसी भी राष्ट्र की वास्तविक शक्ति बन चुके हैं। जोदेश विज्ञान और तकनीक में पीछे रह जाते हैं, वे धीरे-धीरे अंतरराष्ट्रीय दबाव और रणनीतिक चुनौतियों के प्रति कमजोर पड़ने लगते हैं।

ईरान के पास तेल और गैस के विशाल भंडार हैं और लंबे समय तक उसकी अर्थव्यवस्था मुख्य रूप से इन्हीं संसाधनों पर निर्भर रही। लेकिन किसी एक ही क्षेत्र पर अत्यधिक निर्भरता कई बार देश की आर्थिक संरचना को कमजोर भी बना देती है। जब अमेरिका और पश्चिमी देशों ने ईरान पर कठोर आर्थिक प्रतिबंध लगाए, तब उसकी अर्थव्यवस्था पर इसका गहरा असर पड़ा। इसका एक कारण यह भी था कि अर्थव्यवस्था के अन्य क्षेत्रों जैसे उन्नत उद्योग, तकनीकी विकास और वैश्विक व्यापार में पर्याप्त विस्तार नहीं हो पाया था।

यही कारण है कि दूसरा बड़ा सबक यह है कि किसी भी देश को अपनी अर्थव्यवस्था को एक ही स्तंभ पर खड़ा नहीं करना चाहिए। एक मजबूत और स्थायी अर्थव्यवस्था के लिए विविधता बहुत जरूरी होती है। जो देश केवल प्राकृतिक संसाधनों या किसी एक उद्योग पर निर्भर रहते हैं, उन्हें शुरुआत में समृद्धि तो मिल सकती है, लेकिन वे बाहरी झटकों के प्रति अत्यंतसंवेदनशील हो जाते हैं। अंतरराष्ट्रीय बाजार में उतार-चढ़ाव, आर्थिक प्रतिबंध या वैश्विक संकट ऐसे देशों की आर्थिक व्यवस्था को हिला सकतेहैं। ईरान के मामले में भी यही हुआ। जब प्रतिबंधों ने उसके तेल निर्यात और वित्तीय व्यवस्था को प्रभावित किया, तो महंगाई बढ़ने लगी, राष्ट्रीय मुद्रा कमजोर पड़ गई और आर्थिक अस्थिरता बढ़ती चली गई। इसलिए दुनिया के देशों को इस उदाहरण से सीख लेकर अपनी अर्थव्यवस्था को संतुलित बनाना चाहिए, जिसमें उद्योग, कृषि, सेवा क्षेत्र, तकनीक और वैश्विक व्यापार सभीको समान महत्व दिया जाए।

ईरान के हालात राष्ट्रीय सुरक्षा के महत्व को भी स्पष्ट रूप से सामने लाते हैं। किसी भी देश की दिशा और स्थिरता काफी हद तक उसकी सुरक्षा व्यवस्था पर निर्भर करती है। विशेष रूप से देश के शीर्ष नेतृत्व और महत्वपूर्ण संस्थानों की सुरक्षा अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। यदि नेतृत्व ही असुरक्षित हो जाए या बाहरी हमलों और आंतरिक घुसपैठ के प्रति कमजोर पड़ जाए, तो पूरे देश की सुरक्षा व्यवस्था खतरे में पड़ सकती है। सुरक्षा एजेंसियों को हमेशा सतर्क रहना चाहिए और संभावित खतरों का समय-समय पर मूल्यांकन करते रहना चाहिए। कई बार सुरक्षा से जुड़े अधिकारी यह सोचकर लापरवाह हो जाते हैं कि यदि अब तक कोई बड़ी घटना नहीं हुई है, तो आगे भी सब कुछ सुरक्षित रहेगा। लेकिन वास्तविकता यह है कि दुश्मन को केवल एक अवसर की जरूरत होती है। इसलिए सतर्कता, तैयारी और जोखिमों का लगातार मूल्यांकन आधुनिक सुरक्षा व्यवस्था की अनिवार्य शर्तें हैं।

राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा एक और महत्वपूर्ण पहलू है खुफिया और प्रति खुफिया तंत्र। आज के समय में देशों के बीच प्रतिस्पर्धा केवल युद्ध के मैदान में नहीं होती, बल्कि सूचना और खुफिया गतिविधियों के स्तर पर भीहोती है। किसी भी देश के भीतर विदेशी खुफिया एजेंसियों का सक्रिय होनाउसकी संप्रभुता और आंतरिक स्थिरता के लिए गंभीर खतरा बन सकता है। ईरान केसंदर्भ में लंबे समय से यह आरोप लगाए जाते रहे हैं कि वहां इजराइल की खुफिया एजेंसी मोसाद और अमेरिका की सीआईए के नेटवर्क सक्रिय रहे हैं। आधुनिक युग में जासूसी, साइबर हमले और गुप्त सूचनाओं का आदान-प्रदान वैश्विक शक्ति संघर्ष के महत्वपूर्ण हथियार बन चुके हैं। इसलिए हर देश कोअपने खुफिया तंत्र को मजबूत करना चाहिए, संवेदनशील सूचनाओं की सुरक्षासुनिश्चित करनी चाहिए और यह प्रयास करना चाहिए कि विदेशी एजेंसियां उसकी धरती पर अपनी जड़ें न जमा सकें। ईरान की स्थिति यह भी बताती है कि किसी देश की आंतरिक राजनीतिक व्यवस्था उसकी स्थिरता में कितनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। जब सरकारें असहमति की आवाज को दबाने लगती हैं, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को सीमित करती हैं या विरोध करने वालों पर कठोर कार्रवाई करती हैं, तो समाज के भीतर असंतोषपनपने लगता है। यह असंतोष धीरे-धीरे राष्ट्रीय एकता को कमजोर कर सकता हैऔर बाहरी ताकतों को आंतरिक परिस्थितियों का लाभ उठाने का अवसर दे सकता है। ईरान में भी विरोध प्रदर्शनों और सरकारी दमन से जुड़े कई आरोप अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चर्चा का विषय बने हैं। महसा अमीनी की मृत्यु के बाद हुए विरोध प्रदर्शनों ने पूरी दुनिया का ध्यान खींचा था। हजारों लोगों ने न्याय और स्वतंत्रता की मांग करते हुए प्रदर्शन किए। जब सरकारें ऐसे आंदोलनों का जवाब संवाद की बजाय कठोर बल प्रयोग से देती हैं, तो सरकार और जनता के बीच विश्वास की खाई और गहरी हो जाती है।

किसी भी सरकार की वास्तविक ताकत तब बढ़ती है जब वह अपने नागरिकों की बात सुनती है, उन्हें शांतिपूर्ण ढंग से अपनी राय व्यक्त करने की अनुमति देतीहै और समस्याओं का समाधान संवाद के माध्यम से खोजने की कोशिश करती है। यदि नागरिकों को यह महसूस होता है कि उनकी आवाज का सम्मान किया जा रहा है, तो वे कठिन परिस्थितियों में भी अपने देश के साथ मजबूती से खड़े रहते हैं। इसके विपरीत, जब लोग अपने ही देश में खुद को असुरक्षित या उपेक्षित महसूस करते हैं, तो समाज और राज्य के बीच विश्वास कमजोर पड़ने लगता है। आर्थिक कठिनाइयां भी ऐसे असंतोष को और बढ़ा सकती हैं। जब किसी देश मेंमहंगाई तेजी से बढ़ती है, मुद्रा का मूल्य गिरता है, बेरोजगारी बढ़ती है या लोगों को रोजमर्रा की जरूरतों के लिए संघर्ष करना पड़ता है, तो जनता में असंतोष स्वाभाविक रूप से बढ़ता है। यदि आर्थिक संकट के साथ राजनीतिकदमन भी जुड़ जाए, तो स्थिति और अधिक गंभीर हो सकती है। इसलिए सरकारों को आर्थिक स्थिरता को भी राष्ट्रीय सुरक्षा का एक महत्वपूर्ण हिस्सा मानना चाहिए। रोजगार के अवसर बढ़ाना, आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धता सुनिश्चित करना और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं को मजबूत बनाना जनता के विश्वास को बनाए रखने के लिए अत्यंत जरूरी है।

ईरान की स्थिति नेतृत्व परिवर्तन और राजनीतिक नवाचार के महत्व को भी रेखांकित करती है। जब लंबे समय तक सत्ता एक ही नेतृत्व के हाथों में केंद्रित रहती है, तो राजनीतिक व्यवस्था में जड़ता आने लगती है। स्वस्थ राजनीतिक व्यवस्था वही होती है जिसमें नए नेतृत्व को उभरने का अवसर मिलता है और समय-समय पर जिम्मेदारियों का हस्तांतरण होता रहता है। जब अनुभवी नेता उचित समय पर योग्य उत्तराधिकारियों को आगे बढ़ाते हैं, तो संस्थाएं मजबूत होती हैं और व्यवस्था अधिक स्थिर बनती है। लेकिन यदि सत्ता परिवर्तन के अवसर सीमित कर दिए जाएं, तो समय के साथ असंतोष बढ़ सकता है। ईरान के आसपास पैदा हुए हालात यह स्पष्ट करते हैं कि किसी भी देश की ताकतकई आधारों पर टिकी होती है- वैज्ञानिक प्रगति, आर्थिक विविधता, मजबूत सुरक्षा व्यवस्था, रणनीतिक आत्मनिर्भरता, लोकतांत्रिक सहभागिता और नागरिक अधिकारों का सम्मान। यदि इनमें से किसी एक पक्ष की भी उपेक्षा की जातीहै, तो वह कमजोरी बन सकती है, जिसका फायदा विरोधी ताकतें उठा सकती हैं।

## आज का कार्टून

देश में एलपीजी का संकट: सिलेंडर भरवाने के लिए लगी लाइनें




## राशिफल

**मेष**
शत्रु पक्ष को कमजोर आँकने की गलती न करें। पेट में जलन महसूस हो सकती है। शाम के समय मित्रों के साथ अच्छा समय बितायेंगे।

**वृषभ**
आपकी आय में वृद्धि होगी। नये कार्यों की शुरुआत करने के लिये दिन शुभ है। कार्यक्षेत्र में आपकी प्रशंसा होगी। साझेदारी में काम करने से लाभ मिलेगा।

**मिथुन**
गूढ़ विषयों का अध्ययन करने में रुचि जागृत होगी। विरोधियों के साथ आपके सम्बन्ध मधुर होंगे। सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेंगे।

**कर्क**
सामाजिक कार्यों में आपका मन लगेगा। तनाव को अपने ऊपर हावी न होने दें। विद्यार्थी आज कुछ नया सीखने का प्रयास कर सकते हैं।

**सिंह**
क्षमताओं को विकसित करने का प्रयास करें। मित्र घर आ सकते हैं। शत्रुओं से आपको सावधान रहना चाहिये। सम्पत्ति के क्रय-विक्रय से आपको लाभ होगा।

**कन्या**
कार्यक्षेत्र में आपको उच्चपद मिल सकता है। जीवनसाथी के साथ रोमान्टिक पलों का आनन्द उठायेंगे। अविवाहित लोगों का विवाह तय होगा।

**तुला**
परिजनों के साथ संवाद बनाकर रखें। इससे आपके मन का तनाव दूर होगा। जीवन में तरक्की के नये अवसर बनेंगे। दाम्पत्य सम्बन्धों में मधुरता बढ़ेगी।

**वृश्चिक**
स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्याओं से छुटकारा मिल सकता है। धर्म कार्यों में मन लगेगा। जॉब में उच्चपद प्राप्त होने की सम्भावना है।

**धनु**
आपकी सोच के अनुसार काम नहीं होंगे। विद्यार्थियों को एकाग्रता में कमी महसूस होगी। माता के स्वास्थ्य की चिन्ता हो सकती है। दवाइयों पर धन खर्च हो सकता है।

**मकर**
आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी। परिस्थितियों में धीरे-धीरे सुधार आयेगा। पुराने मित्रों के माध्यम से आर्थिक सहयोग प्राप्त होगा। काम के तरीके में बदलाव ला सकते हैं।

**कुंभ**
आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। प्रबन्धन सम्बन्धी कार्यों में सफलता मिलेगी। परिवार के लोगों को आप काफी समय देंगे। स्वास्थ्य समस्याओं में सुधार होगा।

**मीन**
विवादित मामले उभरने की आशंका है। उधार दिया हुआ धन अटक सकता है। उच्च शिक्षा के लिये विदेश यात्रा कर सकते हैं। घरेलू खर्चों में वृद्धि होगी।

# मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर सुरक्षा चाक-चौबंद

## डीएम और एसपी ने लिया तैयारियों का जायजा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**बीहट।** बरौनी बियाडा ग्रोथ सेंटर में शनिवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का आगमन होने जा रहा है। इस हाई-प्रोफाइल दौरे को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट मोड पर है। शुक्रवार को जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री और पुलिस कप्तान मनीष कुमार ने कार्यक्रम स्थल का सघन निरीक्षण किया और सुरक्षा व्यवस्था को अंतिम रूप दिया। मुख्यमंत्री की सुरक्षा में कोई चूक न हो इसके लिए पूरे परिसर और आसपास के क्षेत्रों में जगह-जगह चेकिंग पोस्ट बनाए गए हैं। जिला पुलिस कप्तान मनीष कुमार ने स्पष्ट निर्देश दिया है कि हर आने-जाने वाले पर पैनी नजर रखी जाए। सुरक्षा के मद्देनजर कार्यक्रम स्थल पर एक अस्थाई थाना (पिकेट थाना) भी स्थापित किया गया है, ताकि कानून व्यवस्था पर तत्काल नियंत्रण रखा जा सके। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने व्यवस्था का जायजा लिया। मुख्यमंत्री का हेलीकॉप्टर हेलीपैड नंबर एक पर लैंड करेगा। हेलीपैड से मुख्य मंच तक पहुंचने के लिए सुगम सड़क मार्ग का निर्माण कार्य पूरा कर लिया गया है। परिसर में जीविका दीदी के विशेष स्टॉल लगाए गए हैं। जहां उनके द्वारा तैयार उत्पादों का प्रदर्शन किया जाएगा। मुख्यमंत्री अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करेंगे। जिसके लिए मीटिंग हॉल को आधुनिक सुविधाओं से लैस किया गया है। साथ ही किसी भी आपात स्थिति के लिए परिसर में ही 'मिनी हॉस्पिटल' की व्यवस्था की गई है। आगंतुकों और कर्मियों के लिए जगह-जगह शुद्ध पेयजल और शौचालय की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने ड्यूटी पर तैनात सभी कर्मचारियों और पदाधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी अपनी निर्धारित ड्यूटी प्वाइंट पर समय से उपस्थित रहें। उन्होंने स्पष्ट किया कि मुख्यमंत्री के प्रोटोकॉल और जन-सुविधाओं में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर सभी सुरक्षा मानकों को पूरा कर लिया गया है। यातायात से लेकर सुरक्षा बिंदुओं तक, हर स्तर पर बारीकी से मॉनिटरिंग की जा रही है। निरीक्षण के दौरान जिले के लगभग सभी वरीय अधिकारी उपस्थित रहे, जिनमें मुख्य रूप से शामिल थे। डीडीसी आकाश कुमार चौधरीनगर, आयुक्त सोमेश बहादुर माथुरविशेष कार्यपालक पदाधिकारी रंजीत कुमार एसडीपीओ सदर अनिल जीएम (जिला उद्योग केंद्र) ज्ञानेश्वरी किरण डीपीएम नसीम जीप्रखंड विकास पदाधिकारी अनुरंजन कुमार अंचलाधिकारी सूरजकांत इसके अलावा पीएचईडी जेई अमित कुमार, नगर कार्यपालक पदाधिकारी अवनीश कुमार और रेशू कुमारी आदि उपस्थित थे।

## वार्ड सदस्य के घर से लाखों की चोरी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**भगवानपुर।** थाना क्षेत्र के जोकिया पंचायत अंतर्गत धुसहा गांव के वार्ड संख्या 6 में गुरुवार की रात चोरों ने घर मे घुसकर लाखों को चोरी कर ली। इससे क्षेत्र में दहशत का माहौल है। धुसहा गांव निवासी स्व राम कैलाश साह के पुत्र रंजीत साह के दो मंजिला घर के ऊपरी तल के कमरे में चोरी की घटना हुई। पीड़ित वार्ड संख्या 6 के वार्ड सदस्य भी हैं। पीड़ित ने बताया कि वे अपनी पत्नी पिंकी देवी व दो पुत्र 16 वर्षीय अंशु कुमार तथा 13 वर्षीय छोटू कुमार के साथ घर के नीचले तल्ले में सोये हुए थे। सुबह जब सो कर उठा तब पता चला कि ऊपर वाले तल्ले पर अवस्थित कमरे का ताला खुला हुआ है तथा घर में समान बिखरे हुए हैं। चोरों ने कमरे में रखे बक्सा का ताला खोलकर उसमें रखे 50 हजार रुपए नगद समेत लाखों रुपए मूल्य के सोने व चांदी के जेवरात की चोरी चोरों ने कर ली। घटना की सूचना पाकर थानाध्यक्ष नीरज कुमार ठाकुर, एस आई प्रिया कुमारी के नेतृत्व में पुलिस बल घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की छानबीन कर रही है। थानाध्यक्ष ने बताया कि स्वान दस्ता व एफएसएल की टीम के द्वारा जांच की गई है। बहुत जल्द ही चोरी का समान बरामद कर लिए जाएंगे चोरी की घटना का खुलासा किया जाएगा। स्थानीय मुखिया रजनीश कुमार सिंह सहित दर्जनों ग्रामीण पीड़ित परिवार को सांत्वना दी। उन्होंने प्रशासन से चोरों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने की मांग की है।

## जनता दरबार में 34 आवेदकों की सुनी गई समस्याएं

**आरा (भोजपुर) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जिला पदाधिकारी तनय सुल्तानिया के द्वारा ईज ऑफ लिविंग के तहत जिला जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार में कुल 34 लोगों की समस्याओं को जिला पदाधिकारी द्वारा गंभीरता से सुना गया। इस दौरान जिला पदाधिकारी ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त सभी आवेदनों का शीघ्र, पारदर्शी एवं अविलंब निष्पादन सुनिश्चित किया जाए, ताकि आमजन की समस्याओं का समयबद्ध समाधान हो सकें।

## एक नजर

### रसोई गैस की किल्लत से उपभोक्ताओं में आक्रोश

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड क्षेत्र में रसोई गैस की आपूर्ति बाधित होने से उपभोक्ताओं में रोष देखा जा रहा है। उपभोक्ताओं का कहना है कि इन दिनों गैस की बुकिंग ही नहीं हो पा रही है, जिससे समय पर सिलेंडर मिलना मुश्किल हो गया है। इसके कारण लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उपभोक्ताओं ने बताया कि एक ओर प्रधानमंत्री द्वारा धुआं रहित चूल्हे के लिए एलपीजी गैस के उपयोग को बढ़ावा देने की बात कही गई है, वहीं दूसरी ओर गैस की नियमित आपूर्ति नहीं होने से लोगों को मजबूरी में पुराने तरीके से चूल्हा जलाना पड़ रहा है। इस संबंध में मोनू इंडेन गैस ग्रामीण वितरक, नावकोठी के संचालक कुमार दिवाकर ने बताया कि इन दिनों गैस बुकिंग में तकनीकी कठिनाई आ रही है। मेरे गोदाम में पर्याप्त मात्रा में गैस उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं को डीएसी नंबर मिल जाने के बाद ही गैस की आपूर्ति की जा रही है। स्थिति को जल्द सामान्य करने का प्रयास किया जा रहा है। कमर्शियल गैस सिलेंडर की आपूर्ति बंद हो जाने के कारण दुकानदारों, होटल मालिकों शादी ब्याह ,रमजान में अधिक दिक्कतें हो रही है।

### रमजानुल मुबारक अल्लाह की इबादत का महीना है

**आरा (भोजपुर) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** शहर के कसाब टोला मुहल्ला स्थित चमन की मस्जिद के सेक्रेटरी हाफिज अब्दुल्ला आरवी ने सदकऐ फितर की अहमियत और फजीलत को बयान करते हुए कहा है कि रमजानुल मुबारक अल्लाह की इबादत का महीना है, माहे रमजान में हर अमल पर और दिनों के मुकाबले सवाब में इजाफा कर दिया जाता है, उन्होंने यह भी कहा कि रोजे जैसी अहम इबादत का सवाब अल्लाह खुद देता है, लेकिन रोजेदार कितना भी ऐहतमाम करे। रोजे के दौरान कुछ ना कुछ कमी हो जाती है। रमजान के रोजे को पाक करने उन्हें अल्लाह की बारगाह में कबूल करने, गरीबों मिस्किनो को ईद की खुशियों में शामिल करने का सदकऐ फितर एक जरिया है, यह वाजिब सदका है, जो ईद की नमाज से पहले अदा करना अफजल है। उन्होंने यह भी कहा कि हर मर्द एवं औरत अपने और अपने बच्चों के तरफ से 2 किलो 45 ग्राम गेहूं या उसकी कीमत 75 रुपए शहर आरा के कीमत के हिसाब से सदकऐ फितर अदा करें।

### दो वारंटी गिरफ्तार

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** नावकोठी पुलिस ने अलग-अलग गांवों से दो वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है। प्रभारी थानाध्यक्ष विश्वजीत कुमार ने बताया कि गिरफ्तार वारंटी हसनपुर बागर के रामचंद्र शर्मा का पुत्र राम नरेश शर्मा तथा पहसारा पूर्वी पंचायत के पीर नगर के स्व श्याम सुंदर महतो का पुत्र अनिल महतो है। शर्मा पर न्यायालय परिवाद का तथा महतो पर बैंक द्वारा दायर नीलाम वाद था।

### स्नान के दौरान डूबने से बालक की मौत

**बखरी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बखरी थाना क्षेत्र के घाघरा पंचायत अंतर्गत शिवनगर गांव में शुक्रवार को एक दर्दनाक घटना सामने आई, जहां स्नान करने के दौरान एक 10 वर्षीय बालक पानी में डूब गया। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई और परिजन समेत ग्रामीणों की भीड़ घटनास्थल पर जुट गई।प्राप्त जानकारी के अनुसार, शिवनगर वार्ड संख्या 13 निवासी शंभू सदा के 10 वर्षीय पुत्र अंकित कुमार अपने कुछ साथियों के साथ गांव के समीप स्थित सपहा चौड़ में स्नान करने गया था। इसी दौरान वह गहरे पानी में चला गया और डूब गया। साथ में स्नान कर रहे अन्य बच्चों ने शोर मचाते हुए गांव वालों को सूचना दी कि अंकित पानी में डूब गया है।सूचना मिलते ही ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और स्थानीय स्तर पर उसकी खोजबीन शुरू कर दी गई।

## एसओएस बाल ग्राम ने मनाया गया स्थापना दिवस



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेगूसराय।** सिंघौल स्थित एसओएस बाल ग्राम में गुरुवार को स्थापना दिवस के अवसर पर वार्षिक समारोह का आयोजन किया गया। यह आयोजन उस ऐतिहासिक दिन की स्मृति में किया गया। जब वर्ष 1964 में संस्था का पंजीकरण सोसाइटी पंजीकरण अधिनियम के अंतर्गत किया गया था। इस वर्ष संस्था ने अपने पंजीकरण की 62वीं वर्षगांठ देश के 32 स्थानों पर मनाई। समारोह के मुख्य अतिथि लायंस क्लब बेगूसराय के अध्यक्ष लायन संजीव मसकारा थे। विशिष्ट अतिथियों में केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के कमांडेंट अनिल धुंडियाल, स्कूल एसोसिएशन बेगूसराय के महासचिव मधुकर, लायंस क्लब्स इंटरनेशनल जिला 322ई की प्रथम उप जिला गवर्नर लायन संगीता नंदा, पूर्व जिला संपादक लायन गीता शर्मा, शिक्षक सुरेन्द्र सिंह तथा माया कौशल्या फाउंडेशन के सचिव रौशन कुमार उपस्थित थे।कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों के स्वागत और दीप प्रज्वलन से हुई। इसके बाद बच्चों ने प्रार्थना एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर उपस्थित अतिथियों का मन मोह लिया। इस अवसर पर एसओएस माताओं और देखभालकर्ताओं को उनके निस्वार्थ सेवा और समर्पण के लिए सम्मानित भी किया गया। मुख्य अतिथि संजीव मस्कारा ने कहा कि एसओएस बाल ग्राम बच्चों के सर्वांगीण विकास और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए महत्वपूर्ण कार्य कर रहा है। वहीं संस्था के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुमंत कर ने बताया कि संस्था जरूरतमंद बच्चों, महिलाओं और समुदायों के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उल्लेखनीय है कि वर्ष 1964 में स्थापित यह संस्था आज 22 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में कार्यरत है तथा देशभर के एसओएस बाल ग्रामों में हजारों बच्चों की देखभाल स्नेहपूर्वक की जा रही है।

## यूजीसी लागू करने के लिए होगा राजभवन मार्च

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी।** प्रखंड के रजाकपुर पंचायत में समता आंदोलन की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मुखिया प्रतिनिधि मुकेश कुमार पासवान ने की। बैठक में यूजीसी गाइडलाइन को लागू करने और सामाजिक न्याय से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई तथा आगामी 18 मार्च को पटना में आयोजित समता महाजुटान एवं राजभवन मार्च को सफल बनाने का आह्वान किया गया। बैठक सामाजिक कार्यकर्ता विजय पासवान ने कहा कि सामाजिक न्याय, समान अवसर और संवैधानिक अधिकारों की रक्षा के लिए आज व्यापक जनएकजुटता की जरूरत है। उन्होंने कहा कि शिक्षा और रोजगार के क्षेत्र में वंचित तबकों के अधिकारों को सुनिश्चित करने के लिए समाज के सभी न्यायप्रिय लोगों को एक साथ आगे आना होगा। इसी उद्देश्य से 18 मार्च को पटना के गांधी मैदान स्थित 10 नंबर गेट से समता महाजुटान का आयोजन किया जाएगा। जहां से राजभवन मार्च भी किया जाएगा। इस महाजुटान में बड़ी संख्या में लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया गया। नगर निगम के पूर्व डिप्टी मेयर राजीव रंजन ने आरक्षण की सीमा बढ़ाकर 65 प्रतिशत करने, राष्ट्रीय स्तर पर जाति जनगणना कराने तथा मंडल आयोग की लंबित सिफारिशों को पूरी तरह लागू करने की मांग को प्रमुखता से उठाया। उन्होंने कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के नाम पर आरक्षण प्रावधानों के दुरुपयोग को रोकने के लिए ठोस कदम उठाए जाने चाहिए। उन्होंने कहा कि वंचित लोगों के अधिकारों को सीमित करने या उन्हें उनके हिस्से से वंचित करने की किसी भी कोशिश का लोकतांत्रिक तरीके से विरोध किया जाएगा। अध्यक्षीय संबोधन में मुकेश कुमार पासवान ने कहा कि सामाजिक न्याय संविधान की मूल भावना है और इसे मजबूत करने के लिए गांव-गांव में जागरूकता और संगठन की जरूरत है। उन्होंने कहा कि पंचायत क्षेत्र से बड़ी संख्या में लोग 18 मार्च को पटना पहुंचकर समता महाजुटान और राजभवन मार्च में भाग लेंगे तथा सामाजिक न्याय की आवाज को बुलंद करेंगे। बैठक में छात्र संगठन आइसा के नेता सोनू फरनाज, सामाजिक कार्यकर्ता अशोक कुमार, रजाकपुर मुखिया प्रतिनिधि मुकेश कुमार पासवान, सामाजिक कार्यकर्ता धर्मेंद्र कुमार कुशवाहा, चंदन कुमार मौर्य, रौशन कुमार, संजीव कुमार, अवधेश कुमार, मोहम्मद इम्तियाज, मो इकरार,लाल किशोर पासवान, संजय पोद्दार, हेमराज कुमार तथा कारी पासवान सहित कई सामाजिक कार्यकर्ता और ग्रामीण उपस्थित थे।

## डीईओ कार्यालय को शहर में ही रखा जाय : डा. सुरेश

### शिक्षक संघ ने जताया विरोध

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेगूसराय।** जिला मुख्यालय से सुदूर ग्रामीण इलाके में नौ किलोमीटर दूर शाहपुर में डीईओ कार्यालय के स्थानांतरण का शिक्षक संघ ने विरोध प्रकट किया है। इस सम्बंध में बिहार माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ सुरेश प्रसाद राय ने शुक्रवार को विरोध जताते हुए कहा कि शिक्षा विभाग के कार्यालय को शहर से दूर ले जाने पर आम शिक्षकों खासकर शिक्षिकाओं एवं दिव्यांगजन तथा विद्यार्थियों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा। डॉ राय ने शहर से दूर शिक्षा विभाग के कार्यालय का स्थानांतरण होने पर नाराजगी जताई है।डॉ राय ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि इस संबंध तत्कालीन जिला शिक्षा पदाधिकारी को सलाह दी गई थी की शिक्षा विभाग का कार्यलय (जिला कार्यक्रम पदाधिकारी माध्यमिक शिक्षा) का कार्यालय जहां है वहां शिक्षा विभाग का अपना जमीन उपलब्ध है। बुनियादी विद्यालय बेगूसराय का भूखंड खाली है वहीं पर शिक्षा विभाग का कार्यालय बनाया जाय। लेकिन विभाग के मनमानेपन के कारण शिक्षा विभाग जिला मुख्यालय से 8-9 किलोमीटर दूर ग्रामीण क्षेत्र में स्थानांतरित किया जा रहा है। बिहार माध्यमिक शिक्षक के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ सुरेश प्रसाद राय, जिला माध्यमिक शिक्षक संघ बेगूसराय के अध्यक्ष उमानंद चौधरी, जिला सचिव रणजीत कुमार, सदस्य राज्य कार्य समिति डॉ सुदर्शन कुमार एवं सभी पदाधिकारीयों ने संयुक्त रूप से मुख्यमंत्री नितीश कुमार, शिक्षा मंत्री सुनील कुमार एवं अपर मुख्य सचिव शिक्षा विभाग से मांग किया है कि विभागीय पदाधिकारियों को निर्देश देना चाहेंगे कि शिक्षा विभाग का जो अपनी जमीन समाहरणालय के नजदीक है।उसमें मकान बनाकर शिफ्ट किया जाय या बुनियादी विद्यालय के खाली जमीन में मकान बना कर उसमें शिफ्ट किया जाय।


बिहार सरकार

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, प०नि०वि०,
राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमण्डल, औरंगाबाद
Mobile No.-9470001322E-mail id.-eenhaurangabad@gmail.com
अल्पकालीन Quotation–आमंत्रण–सूचना संख्या–04 वर्ष 2026–27

कार्यपालक अभियंता, राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमंडल, औरंगाबाद के सरकारी कार्यो के निष्पादन हेतु वाहन आपूर्तिकर्ताओं/वाहन मालिकों/रजिस्टर्ड फर्म से किराये पर वित्तीय वर्ष–2026–27 के लिए वातानुकूलित वाहन, चालक सहित एवं इंधन रहित उपलब्ध कराने हेतु मुहरबंद कोटेशन दिनांक– 20.03.2026 के 3:00 बजे अपराह्न तक आमंत्रित की जाती है। निर्धारित तिथि एवं समय के उपरान्त कोटेशन स्वीकार्य नहीं होगी।

2. इच्छुक वाहन मालिक संलग्न प्रारूप में आवेदन के माध्यम से वाहन संबंधित कागजात (यथा वाहन निबंधन, वाहन का अद्यतन रोड टैक्स, अद्यतन बीमा प्रमाण–पत्र, प्रदूषण फिटनेस इत्यादि), वाहन चालक के संबंध में विवरण (यथा वैद्य ड्राईविंग लाईसेन्स, चालक का आधार कार्ड आदि) एवं वाहन आपूर्तिकर्ताओं/वाहन मालिकों के पैन कार्ड तथा रजिस्टर्ड फर्म के पैन कार्ड एवं जी०एस०टी० निबंधन प्रमाण–पत्र को संलग्न कर प्रतिमाह वाहन का भाड़ा चालक एवं सभी कर सहित (अंक एवं शब्द दोनो में) उद्धृत कर निर्धारित तिथि एवं समय तक अद्योहस्ताक्षरी कार्यालय में जमा कर सकते है।

2. इच्छुक एजेंसी/वाहन मालिक द्वारा इस हेतु मुहरबंद लिफाफे (जिसपर वाहन हेतु कोटेशन लिखा हो) में कोटेशन दिनांक 20.03.2026 को 3.00 बजे अपराह्न तक अद्योहस्ताक्षरी कार्यालय, औरंगाबाद में जमा कर सकते हैं। प्राप्त कोटेशन उसी दिन 3.30 बजे अपराह्न में अधोहस्ताक्षरी अथवा उनके प्राधिकृत पदाधिकारी द्वारा कोटेशनदाता या उनके प्रतिनिधि के समक्ष खोली जाएगी। यदि कोटेशनदाता या उनके प्रतिनिधि कोटेशन खोलने के समय उपस्थित नहीं रहते हैं, तो भी निर्धारित तिथि एवं समय पर कोटेशन खोल दी जाएगी।3. विस्तृत जानकारी के लिए किसी कार्य दिवस को अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
राष्ट्रीय उच्च पथ, प्रमंण्डल, औरंगाबाद

PR. No. 026282 (RCD ) 2025-26

विस्तृत जानकारी www.state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।

अगर मन में हो एच.आई.वी. अथवा यौन जनित रोग से जुड़े सवाल तो तुरन्त 1097 पर करें कॉल।


## स्वैच्छिक रक्तदान शिविर मे 10 लोगों ने किया रक्तदान

### रोटी बैंक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**आरा।** आरा रोटी बैंक के तत्वाधान में स्थानीय रेडक्रॉस सोसायटी में 8वाँ रक्तदान महोत्सव शिविर का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन आरा मेयर इंदु देवी, जिला स्वास्थ्य समिति के डॉ रवि रंजन, जिला लेखा प्रबंधक अश्वनी कुमार, मेजर राणा प्रताप सिंह व आरा रोटी बैंक की अध्यक्षा सोनाली देवी ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर आरा मेयर इंदु देवी ने कहा आरा रोटी बैंक शहर के लिए गौरव है। आज रक्तदान को जिले के प्रखंड स्तर के हर पंचायत तक ले जाने की जरूरत है। शहर के युवाओं से अपील है कि रक्तदान में बढ़चढ़ कर हिस्सा ले। जिला स्वास्थ्य समिति के प्रबंधक डॉ रवि रंजन ने बतलाया रक्तदान करना सबसे बड़ा पुण्य है साथ ही समाज को कुछ वापस करने का सबसे बेहतर तरीका है। आरा रोटी बैंक की कार्यप्रणाली वाकई काबिले तारीफ है जहां समाज के अंतिम पायदान के तबके के लिए बेहतर कार्य किया जा रहा है। रक्तदान के लिए जिले में सकारात्मक माहौल देखा जा रहा है फिर भी बहुत सारे लोगों को डर लगता है तो हमारा कर्तव्य है कि हमलोग उन्हें जागरूक करे। आरा रोटी बैंक के संतोष सिंह भारद्वाज ने बतलाया विश्व स्वास्थ्य संगठन के द्वारा 14जून 1997 से विश्व रक्तदान दिवस मनाने की शुरुआत की गई जिससे समाज में रक्तदान को लेकर नई चेतना आ सके और उसी का परिणाम है कि आज समाज के हर वर्ग के लोग बढ़ चढ़ कर अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर रहे हैं। जैसा कि विदित हो आरा रोटी बैंक विगत 8 वर्षों से समाज में जरूरतमंदों को मुख्यधारा में जोड़ते आ रहा है। साथ ही आने वाले समय में सामाजिक सरोकार से जुड़े मुद्दे पर भी काम किया जाएगा। आरा रोटी बैंक की अध्यक्षा सोनाली देवी ने कहा आरा रोटी बैंक ससमय किसी भी जरूरतमंद के रक्तदान की जरूरत को पूरा करता आ रहा है। आरा रोटी बैंक के वरीय सदस्य रौशन सोनी ने कहा आरा रोटी बैंक समाज के सर्वांगीण विकाश के लिए लंबे समय से प्रतिबद्ध है साथ ही आने वाले समय में जरूरतमंद बच्चों के शिक्षा के लिए भी कार्य करने को अग्रसर रहेगा। साथ ही जल्द जिले में जल्द रक्तदान को लेकर जागरूकता शिविर आरा रोटी बैंक के तत्वाधान में किया जाएगा। रक्तदान महोत्सव को सफल बनाने में आरा रोटी बैंक की सोनाली देवी, कल्याणी सिंह, मुक्तिकांत, सुजाता कुमारी, अखौरी दीपक बिहारी, रितेश साह, राकेश केशरी, विशाल सोनी, रौशन सोनी, राजा सोनी, टोनू सोनी, मनीष सिंह, अमिताभ शंकर, दिवेश सिंह, प्रभात कुमार, आकाश सिंह, राहुल आनंद, उज्जवल, अभिषेक, अंकित, राजीव रंजन, दीपू, श्रुति अग्रवाल ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। धन्यवाद ज्ञापन अखौरी दीपक बिहारी ने किया।

## तीन मामलों की हुई सुनवाई

**आरा (भोजपुर) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** डीएम तनय सुल्तानिया के द्वारा बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम, 2015 के अंतर्गत द्वितीय अपील में कुल 3 अपीलीय मामलों की सुनवाई की गई। इनमें मुख्यतः राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग एवं नगर विकास विभाग से संबंधित मामले शामिल थे। जिनमें से कुल 2 मामले को निष्पादित किया गया। सुनवाई के दौरान संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को निर्देश दिए गए।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**आरा (भोजपुर)।** एसबी कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक और दो की ओर से संयुक्त रूप से अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन विकसित भारत में समाज में महिलाओं की भूमिका, सशक्तिकरण और स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए किया गया था। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि गुड़िया कुमारी उपस्थित रहीं। उन्होंने अपने संबोधन में महिलाओं के स्वास्थ्य, पोषण और शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला एवं छात्राओं और स्वयंसेवकों को समाज सेवा के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ साधना रावत मौजूद रहीं। उन्होंने राष्ट्रीय सेवा योजना की गतिविधियों और महिला सशक्तिकरण में युवाओं की भूमिका पर अपने विचार साझा किए। अध्यक्षता पूर्व प्राचार्या प्रो पूनम कुमारी ने की। उन्होंने महिला दिवस की महत्ता बताते हुए कहा कि समाज की प्रगति महिलाओं के सम्मान और समान अवसर से ही संभव है। कार्यक्रम का संचालन व अतिथि स्वागत डॉ रीना ने की और धन्यवाद ज्ञापन डॉ मनीषा कुमारी ने किया। इस अवसर पर कार्यक्रम में कॉलेज के डॉ अरविंद, डॉ पंकज, डॉ आदित्य कुमार आनंद, डॉ उमेश, डॉ राधिका, डॉ राजलक्ष्मी, डॉ नीतू, स्वयंसेवक निशांत, सोनू, अमन और हर्ष सहित कई छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।


बिहार सरकार

BIHAR

बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद्
ई–मेल. msbspcb-bih@gov.in, वेबसाईट-http://bspcb.bihar.gov.in

लोक-सुनवाई की सूचना

पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार के ई.आई.ए. अधिसूचना संख्या एस.ओ. 1533, दिनांक 14.09.2006 एवं यथा संशोधित अधिसूचनाओं के आलोक में राज्य पर्यावरण समाघात निर्धारण प्राधिकरण के समक्ष मेसर्स माँ लक्ष्मी ट्रॉन्स्पोर्ट कंपनी, निदेशकः अजय कुमार, चुनचुन कुमार, पिताः स्व० सामप्रताप सिंह, पता–रामनगर, नियर सिविल कोर्ट, पोस्ट+थाना+जिला–नवादा, (बिहार)–805110 द्वारा औरंगाबाद जिलान्तर्गत सोन नदी स्थित, औरंगाबाद सोन–13B बालू घाट, मौजा–डीहरा, पोस्ट+थाना –ओबरा, अंचल–ओबरा, जिला–औरंगाबाद राज्य–बिहार में प्रस्तावित बालू खनन परियोजना हेतु पर्यावरणीय स्वीकृति का प्रस्ताव विचाराधीन है।

इस परियोजना के कार्यान्वयन के पूर्व पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु राज्य पर्यावरण समाधात निर्धारण प्राधिकरण द्वारा TOR (Terms of Reference) निर्गत की गयी है तथा लोक–सुनवाई की जानी है।

परियोजना का पर्यावरण प्रभाव मूल्यांकन प्रतिवेदन तैयार किया गया है। जिसमें संभावित कुप्रभावों को निरस्त करने के उपाय प्रस्तावित है। उक्त प्रतिवेदन तथा परियोजना के कार्यपालकसार की प्रति पर्षद् मुख्यालाय, पटना, जिला पदाधिकारी, औरंगाबाद; कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद्, औरंगाबाद; महाप्रबंधक, जिला उधोग केन्द्र, औरंगाबाद एवं जिला खनन कार्यालय, औरंगाबाद के कार्यालय में प्रभावित क्षेत्र के लोगों के अवलोकनार्थ उपलब्ध है। परियोजना की विवरणी का अवलोकन पर्षद् के वेबसाईटः http://bspcb.bihar.gov.in पर भी किया जा सकता है। वैसे व्यक्ति जो इस परियोजना से प्रभावित होने वाले हों, अपना लिखित सुझाव/विचार एवं मंतव्य इस सूचना प्रकाशन के 30 (तीस) दिनों के अन्दर पर्षद् कार्यालय में भी जमा कर सकते हैं। साथ ही पर्षद् के ई–मेलः msbspcb-bih@gov.in पर अथवा डाक के माध्यम से भी लिखित सुझाव/विचार एवं मंतव्य भेजी जा सकती है।

परियोजना प्रभाव क्षेत्र के नागरिकों के लिए लोक–सुनवाई निम्नानुसार आहूत किया गया हैः–

| दिनांकः | समय | अंचल का नाम | बालू घाट का मौजा | बालू घाट का नाम | लोक–सुनवाई का स्थल |
|---|---|---|---|---|---|
| 16.04.2026 | अपराह्न 12:30 बजे | ओबरा, जिला–औरंगाबाद | डीहरा | औरंगाबाद सोन–13 बी | अंचल कार्यालय, ओबरा, जिला–औरंगाबाद |

सभी आम लोगों/संबंधित से अनुरोध हैं कि उपरोक्त लोक–सुनवाई के दौरान सरकार द्वारा निर्गत कोविड–19 गाईड–लाईन का पालन करते हुए परियोजना के संबंध में अपने मंतव्य/सुझाव/विचार से अवगत करायेंगे।

PR. No. 026340 (B&C ) 2025-26

सदस्य सचिव

उक्त सूचना www.state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।

अगर मन में हो एच.आई.वी. अथवा यौन जनित रोग से जुड़े सवाल तो तुरन्त 1097 पर करें कॉल।

# तीन दिवसीय विक्रमशिला महोत्सव का शुभारंभ

## भागलपुर की पहचान विक्रमशिला से है : डीएम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**कहलगांव (भागलपुर)।** जिले के कहलगांव स्थित अंतीचक में विक्रमशिला महाविहार स्थल के निकट शुक्रवार की शाम को तीन दिवसीय विक्रमशिला महोत्सव का शुभारंभ सुनील मिश्रा के गणेश वंदना व भगवती वंदना से हुआ। पीरपैंती क्षेत्र के विधायक मुरारी पासवान, जिलाधिकारी डा नवल किशोर चौधरी, डीडीसी प्रदीप कुमार सिंह, एसएसपी प्रमोद कुमार यादव, सिटी एसपी शैलेंद्र सिंह, जिप अध्यक्ष विपिन कुमार मडल, उपाध्यक्ष प्रणव कुमार, नपं अध्यक्ष संजीव कुमार के द्वारा दीप प्रज्वलित कर महोत्सव का उद्घाटन किया गया। कहलगांव के एसडीएम कृष्ण चंद्र गुप्ता ने आगत अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि विक्रमशिला की यह धरती ज्ञान का प्रवाह क्षेत्र रहा है। इस महोत्सव के जरिए विक्रमशिला को आगे बढ़ाने की कोशिश है। उन्होंने कहा कि इसके लिए सभी को एकजुट होकर प्रयास करना होगा। भागलपुर के डीएम डा. नवल किशोर चौधरी ने अपने संबोधन में कहा कि अब विक्रमशिला प्राचीन विक्रमशिला से अधिक विकसित होकर उभरने वाला है। जहां देश ही नहीं विदेशों से भी हजारों की संख्या में छात्र यहां आकर अध्ययन करेंगे। यही नही विक्रमशिला के साथ साथ बटेश्वर स्थान का विकास, विक्रमशिला कटरिया रेल लाइन व गंगा पुल का निर्माण हो रहा है। पर्यटन विभाग की कुछ योजनाएं धरातल पर दिखेगी। विक्रमशिला की कनेक्टिविटी को बढ़ाने के लिए फोरलेन सहित कई सड़कों का निर्माण किया जा रहा है। डीएम ने कहा कि यह ऐसी धरती है जिसके कारण भागलपुर को जाना जाता है। उन्होंने कहा कि सभी लोगो के प्रयास से इस क्षेत्र को और गौरांवित किया जाए। पीरपैंती के विधायक मुरारी पासवान ने कहा कि विक्रमशिला महाविहार को पुनर्जीवित करने के लिए केंद्रीय विश्वविद्यालय का शीघ्र निर्माण किया जाए। एसएसपी प्रमोद कुमार यादव ने कहा कि इस महोत्सव के जरिए इस प्राचीन धरोहर को संजोने का काम होता है। इसके अलावे प्रखंड प्रमुख नूतन देवी, नगर पंचायत अध्यक्ष संजीव कुमार आदि ने भी संबोधित किया। इसके बाद स्थानीय और राज्यस्तरीय कलाकारों की ओर से रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति की गई।

## आज कोइलवर में छह घंटे बिजली आपूर्ति रहेगी बाधित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोइलवर।** कोइलवर क्षेत्र में आज मेंटेनेंस कार्य के कारण करीब छह घंटे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। इसे लेकर बिजली विभाग के अभियंता ने कहा है कि लोग अपने जरूरी काम समय से निपटा लें। इस दौरान कोईलवर पावर सब स्टेशन से जुड़े सभी 11 केवी फीडरों से विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। बिजली विभाग से मिली जानकारी के अनुसार 14 मार्च 2026 को कोईलवर में आवश्यक मेंटेनेंस और तकनीकी कार्य किया जाएगा। इसके चलते पूर्वाह्न 11:00 बजे से संध्या 05:00 बजे तक बिजली आपूर्ति पूरी तरह बंद रहेगी। इस दौरान कोईलवर नगर पंचायत सहित धनडीहा, कुल्हाड़ियां, सकड्डी, चंदा, राजापुर, दौलतपुर, कायमनगर, वीरमपुर, सोनघट्टा, पचैना तथा आसपास के लगभग दर्जनों गांवों में बिजली आपूर्ति प्रभावित रहेगी।

## विकास की दिशा ...

आएगा। सब काम सरकार करवा रही है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी लगातार बिहार आ रहे हैं। सब काम देख रहे हैं। केंद्र सरकार हमारी बहुत मदद कर रही है। आगे भी ये मिलती रहेगी। बिहार में अब विकास ही विकास होगा। पुराने वालों ने कुछ किया था। शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, सड़क जो भी क्षेत्र हो लगातार काम हो रहे हैं। इस मौके पर डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने कहा कि नीतीश कुमार जी ने बिहार में जितना विकास किया है वो देश की किसी सरकार ने नहीं किया। एक करोड़ 81 लाख महिलाओं के खातों में 10-10 हजार रुपए डाले गए। आने वाले एक महीने में और 18 लाख महिलाओं के खातों में नीतीश कुमार जी ये राशि भेजेंगे। आगले एक महीने के अंदर सहरसा का एयरपोर्ट का टेंडर भी जारी हो जाएगा। नीतीश कुमार जी के नेतृत्व में बिहार में सरकार चल रही है। कल भी उनके नेतृत्व में ही बिहार की सरकार चलेगी। मैं आपको इसका विश्वास दिलाता हूं।

## जिला मुख्यालय के 24 केंद्रों पर आयोजित होगी अटेंडेंट परीक्षा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा (भोजपुर)।** समाहरणालय सभागार में बिहार के सिविल न्यायालयों में अटेंडेंट (परिचारक) के पद पर नियुक्ति हेतु आयोजित होने वाली प्रारंभिक परीक्षा को स्वच्छ, निष्पक्ष एवं कदाचार-मुक्त वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से जिला पदाधिकारी-सह-जिला दंडाधिकारी तनय सुल्तानिया द्वारा प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों की संयुक्त ब्रीफिंग की गई। उक्त प्रारंभिक परीक्षा 15 मार्च 2026 (रविवार) को दो पालियों में आयोजित की जाएगी। पहली पाली पूर्वाह्न 10 बजे से मध्याह्न 12 बजे तक तथा दूसरी पाली अपराह्न 2 बजे से अपराह्न 4 बजे तक संचालित होगी। यह परीक्षा भोजपुर जिला मुख्यालय स्थित 24 (चौबीस) परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की जाएगी। प्रथम पाली के परीक्षार्थियों के लिए रिपोर्टिंग समय पूर्वाह्न साढ़े 8 बजे से साढ़े 9 बजे तक तथा द्वितीय पाली के लिए दोपहर साढ़े 12 बजे से अपराह्न डेढ़ बजे तक निर्धारित किया गया है। निर्देश दिया गया कि निर्धारित समय के पश्चात किसी भी परिस्थिति में परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी। ब्रीफिंग के दौरान सभी प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे ससमय अपने-अपने कार्यस्थल पर उपस्थित रहकर वरीय पदाधिकारियों के मार्गदर्शन में सौंपे गए दायित्वों का दृढ़ता से अनुपालन सुनिश्चित करें। परीक्षा केंद्रों पर प्रतिनियुक्त स्टैटिक दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी यह सुनिश्चित करेंगे कि परीक्षार्थियों का प्रवेश पूर्ण जाँच के उपरांत ही हो। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाएगा कि बैग, मोबाइल फोन, पर्स, इलेक्ट्रॉनिक गैजेट, घड़ी/स्मार्ट वॉच, पेजर अथवा अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जैसी प्रतिबंधित सामग्रियां परीक्षा केंद्र के भीतर न ले जाई जाएं। महिला परीक्षार्थियों की तलाशी महिला पुलिस, महिला वीक्षक अथवा महिला केंद्र अधीक्षक द्वारा ही किए जाने का निर्देश दिया गया।

बिहार सरकार

## राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग

प्रपत्र–VI

(भू–अर्जन निदेशालय)

या

समाहर्त्ता/ अपर समाहर्त्ता–सह–समुचित सरकार

**प्रारंभिक अधिसूचना**

(अधिनियम 30/2013 की धारा–11(1) के अधीन)

चूंकि समाहर्त्ता, औरंगाबाद को यह प्रतीत होता है कि कुल एकड़–18.8144 भूमि मौजा– करमा मसूद, थाना नं0–415, केराप, थाना नं0–423, चातर, थाना नं0–669, चौबड़ा, थाना नं0–411 एवं फेसरा, थाना नं0–422 अंचल रफीगंज जिला औरंगाबाद में सार्वजनिक परियोजन यथा परियोजना औरंगाबाद जिला अन्तर्गत 2–लेन रफीगंज बाईपास पथ निर्माण अपेक्षित है, इसलिए राज्य एस0आई0ए0 ईकाई द्वारा सामाजिक प्रभाव मूल्यांकन अध्ययन कराया गया और एक प्रतिवेदन सौंपा गया। सामाजिक प्रभाव मूल्यांकन प्रतिवेदन का सार–संक्षेप यथा निम्न है।

इस परियोजना के क्रियान्वयन से लोगो को आवागमन की सुविधा एवं व्यवसाय में बढोतरी होगी। स्थानीय क्षेत्र से आने वाले लोगों को सुगम मार्ग उपलब्ध होगा। साथ ही रेलवे फाटक पर लगने वाली भीशण जाम से निजात मिलेगा। भू–अर्जन के कारण कुल शून्य परिवार के विस्थापित होने की संभावना है। अतएव अधिसूचित हो कि मौजा– करमा मसूद, थाना नं0–415, केराप, थाना नं0–423, चातर, थाना नं0–669, चौबड़ा, थाना नं0–411 एवं फेसरा, थाना नं0–422 अंचल रफीगंज जिला औरंगाबाद के उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश 18.8144 एकड़ यानी 7.763 हेक्टेयर मानक माप का भूखंड अर्जनाधीन है, जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है:–

| क्र0 | खाता सं0 | सर्वे भूखण्ड सं0 | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का किस्म | अर्जन के अधीन क्षेत्र (एकड़) में | हितबद्ध व्यक्ति का नाम एवं पता | सीमा (भूखण्ड सं0) उ0 | द0 | पू0 | पं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| | | | | | | **मौजा–करमा मसूद, थाना नं0– 415** | | | | |
| 1 | | 575 | | आवासीय | 0.46 | केश्वर यादव, पिता– बाढु यादव | 573 | 477 | 574 | 477 |
| 2 | 6 | 477 | रैयती | धनहर | 0.98 | केश्वर यादव, पिता– बाढु यादव | 575 | 476 | 478 | 462 |
| 3 | 13 | 2 | गै0मजरूआ मालीक | धनहर | 0.23 | नंदु यादव, पिता– स्व0 दुखी यादव, सुरेन्द्र यादव, उपेन्द्र यादव, पिता– स्व0 रामेश्वर यादव | 20 | 1 | 462 | 1 |
| 4 | 6 | 1 | रैयती | धनहर | 0.41 | अर्जुन यादव, कैलाश यादव, पिता– स0 बेचु यादव, कामदेव यादव, पिता– स्व0 जुदागिर यादव, नन्दु यादव, पिता– स्व0 दुखी यादव | 20 | 4 | 2 | 20 |
| 5 | 7 | 4 | रैयती | धनहर | 0.01 | मुन्ना यादव, पिता– विजय यादव | 1 | 7 | 3 | 20 |
| 6 | 4 | 7 | रैयती | धनहर | 0.11 | जय नंदन यादव, पिता– स्व0 बिन्देश्वर यादव, रामप्रवेश यादव, पिता– स्व0 सौदागर यादव | 4 | 8 | 6 | 20 |
| 7 | 11 | 8 | रैयती | धनहर | 0.04 | कृष्णा पासवान, पिता– स्व0 राम बरत पासवान | 7 | 13 | 6 | 20 |
| 8 | 5 | 13 | रैयती | धनहर | 0.05 | विनय यादव, पिता– स्व0 नारायण यादव | 8 | 14 | 9 | 20 |
| 9 | 10 | 14 | रैयती | धनहर | 0.05 | विनय यादव, पिता– स्व0 नारायण यादव | 13 | 19 | 15 | 20 |
| 10 | 9 | 19 | रैयती | धनहर | 0.1 | कामदेव यादव, पिता– स्व0 जुदागिर यादव, सहेन्द्र यादव, पिता– सिता यादव | 14 | 21 | 18 | 20 |
| 11 | 6 | 21 | रैयती | धनहर | 0.065 | अशोक यादव, अर्जुन यादव, पिता– स्व0 कौलेश्वर यादव | 19 | 22 | 29 | 20 |
| 12 | 7 | 22 | रैयती | धनहर | 0.045 | मुन्ना कुमार, पिता– स्व0 विजय यादव | 21 | 23 | 30 | 20 |
| 13 | 4 | 23 | रैयती | धनहर | 0.06 | कपिल यादव, पिता– स्व0 रामपति यादव, राज कुमार यादव, पिता– स्व0 जगु यादव | 22 | 24 | 28 | 20 |
| 14 | 5 | 24 | रैयती | धनहर | 0.035 | शिव कुमार यादव, पिता– स्व0 रामचन्द्र यादव | 23 | 26 | 25 | 20 |
| 15 | 10 | 26 | रैयती | धनहर | 0.03 | शिव कुमार यादव, पिता– स्व0 रामचन्द्र यादव | 24 | 27 | 28 | 20 |
| 16 | 9 | 27 | रैयती | धनहर | 0.03 | रामशिष यादव, पिता– स्व0 रामचन्द्र यादव | 26 | 47 | 28 | 20 |
| | | **रकवा एकड़ में** | | | **2.245** | | | | | |
| | | | | | | **मौजा–केराप, थाना नं0– 423** | | | | |
| 1 | 332 | 2985 | रैयती | धनहर | 0.35 | कमलेश कुमार सिंह, जनेश्वर सिंह, पिता– स्व0 सहदेव सिंह, सुधीर यादव, संतोष यादव, पिता– सुर्यदेव सिंह, रमेश यादव, मुकेश यादव, बिरेन्द्र यादव, पिता– स्व0 राजदेव सिंह, अलीम खॉ | पिण्ड | 2986 | 2989 | 2984 |
| 2 | 113 | 2984 | बकाश्त मालीक | धनहर | 0.64 | बकाश्त मालीक | 2981 | पिण्ड | 2985 | 2983 |
| 3 | 116 | 2983 | बकाश्त मालीक | धनहर | 0.15 | बकाश्त मालीक | 2982 | 3048 | 2984 | 2981 |
| 4 | 116 | 3048 | बकाश्त मालीक | धनहर | 0.27 | बकाश्त मालीक | 2983 | 3047 | 3034 | 3049 |
| 5 | 111 | 3047 | बकाश्त मालीक | धनहर | 0.2 | बकाश्त मालीक | 3048 | 3046 | 3034 | 3049 |
| 6 | 116 | 3046 | बकाश्त मालीक | धनहर | 0.22 | बकाश्त मालीक | 3047 | 3045 | 3034 | 3049 |
| 7 | 111 | 3045 | बकाश्त मालीक | धनहर | 0.185 | बकाश्त मालीक | 3046 | 3044 | 3041 | 3049 |
| 8 | 117 | 3044 | बकाश्त मालीक | धनहर | 0.28 | बकाश्त मालीक | 3045 | 3043 | 3041 | 3049 |
| 9 | 111 | 3043 | बकाश्त मालीक | धनहर | 0.04 | बकाश्त मालीक | 3044 | 3042 | 3041 | 3049 |
| 10 | 220 | 3082 | बकाश्त मालीक | धनहर | 0.47 | बकाश्त मालीक | 3083 | 3086 | 3090 | 3081 |
| 11 | 220 | 3086 | बकाश्त मालीक | धनहर | 0.16 | बकाश्त मालीक | 3082 | पिण्ड | 3087 | पिण्ड |
| 12 | 224 | 3087 | गै0म0आम | बॉध | 0.17 | गैरमजरूआ आम | पिण्ड | पिण्ड | पिण्ड | पिण्ड |
| 13 | 220 | 3154 | बकाश्त मालीक | धनहर | 0.23 | बकाश्त मालीक | 3078 | 3153 | 3081 | 3155 |
| 14 | 223 | 3153 | गै0म0मालीक | धनहर | 0.05 | गै0म0मालीक | 3154 | 3154 | 3154 | 3156 |
| 15 | 220 | 3160 | बकाश्त मालीक | धनहर | 0.055 | बकास्त मालिकि | 3161 | 3157 | 3154 | 3178 |
| 16 | 220 | 3157 | बकाश्त मालीक | धनहर | 1.45 | बकाश्त मालीक | 3160 | 3158 | 3152 | 3178 |
| 17 | 37 | 3232 | बकाश्त ठिकेदार | आवासीय घर | 0.25 | बकाश्त ठिकेदार | 3200 | 3233 | 3236 | 3231 |
| 18 | 11 | 3234 | रैयती | धनहर | 0.03 | राजकेशर पासवान, सुरेश पासवान, बिंदल पासवान, पिता– स्व0 मंगर पासवान, | 3233 | 3255 | 3236 | 3231 |
| 19 | 28 | 3235 | रैयती | धनहर | 0.045 | दिलकेश पासवान, पिता– स्व0 गणपत पासवान | 3234 | 3237 | 3236 | 3231 |
| 20 | 35 | 3237 | गै0म0मालीक | परती कदीम | 0.04 | गैरमजरूआ मालिक | 3235 | 3238 | 3236 | 3231 |
| 21 | 29 | 3238 | रैयती | धनहर | 0.05 | कारू दास लभरी | 3237 | 3239 | 3236 | 3230 |
| 22 | 34 | 3239 | रैयती | धनहर | 0.045 | मो0 गजली, मो0 दाउद, मो0 न्याज, मो0 सुलेमान, मो0 सदाब, पिता– अब्दुल सफात | 3238 | 3240 | 3236 | 3230 |
| 23 | 25 | 3240 | रैयती | धनहर | 0.035 | शंकर यादव लभरी | 3239 | 3241 | 3236 | 3230 |
| 24 | 9 | 3241 | रैयती | धनहर | 0.02 | नगीना पासवान, रामसुंदर पासवान, श्रवण पासवान, पिता– स्व0 रामदेव पासवान | 3240 | 3242 | 3236 | 3230 |
| 25 | 21 | 3242 | रैयती | धनहर | 0.03 | दुधेश्वर ठाकुर, पिता– स्व0 सुदामा ठाकुर | 3241 | 3243 | 3236 | 3230 |
| 26 | 30 | 3243 | रैयती | धनहर | 0.025 | शिव कुमार पासवान, वगैरह, पिता– स्व0 मुनारिक पासवान | 3242 | 3244 | 3236 | 3230 |
| 27 | 19 | 3244 | रैयती | धनहर | 0.02 | शरूप मिस्त्री, पिता– स्व0 बाल गोविन्द मिस्त्री, राजाराम मिस्त्री, राजकुमार मिस्त्री, पिता– स्व0 सेवक मिस्त्री, दुधेश्वर ठाकुर, पिता– स्व0 सुदामा ठाकुर | 3242 | 3245 | 3236 | 3230 |
| 28 | 3 | 3245 | रैयती | धनहर | 0.05 | नरेश ठाकुर, पिता– स्व0 चन्द्रदीप ठाकुर, भुनेश्वर ठाकुर, पिता– स्व0 चन्द्रदेव ठाकुर | 3244 | 3246 | 3236 | 3230 |
| 29 | 10 | 3246 | रैयती | धनहर | 0.01 | क्मलेश यादव, पिता– स्व0 शिवचन्द्र यादव | 3245 | 3247 | 3236 | 3230 |
| 30 | 26 | 3247 | रैयती | धनहर | 0.005 | सिताराम चौधरी, पिता– स्व0 सोमर चौधरी | 3246 | 3252 | 3236 | 3248 |
| 31 | 20 | 3252 | रैयती | धनहर | 0.01 | मोहन यादव, पिता– स्व0 रामदास यादव | 3247 | 3253 | 3236 | 3251 |
| 32 | 15 | 3253 | रैयती | धनहर | 0.01 | मोहन यादव, पिता– स्व0 रामदास यादव, कामेश्वर यादव, पिता– स्व0 रामधनी यादव | 3252 | 3254 | 3236 | 3251 |
| 33 | 16 | 3254 | रैयती | धनहर | 0.01 | कामेश्वर यादव, पिता– स्व0 रामधनी यादव | 3253 | 3255 | 3433 | 3251 |
| 34 | 13 | 3255 | रैयती | धनहर | 0.01 | रविन्द्र यादव, पिता– स्व0 बासुदेव यादव | 3254 | 3256 | 3259 | 3251 |
| 35 | 37 | 3259 | बकाश्त ठेकेदार | धनहर | 0.33 | बकाश्त ठिकेदार | 3257 | 3260 | 3433 | 3433 |
| 36 | 37 | 3275 | बकाश्त ठेकेदार | धनहर | 0.015 | बकाश्त ठिकेदार | 3276 | 3272 | 3212 | 3274 |
| 37 | 37 | 3262 | बकाश्त ठेकेदार | परती | 0.03 | बकास्त ठिकेदार | 3433 | 3270 | 3433 | 3275 |
| 38 | 37 | 3271 | बकाश्त ठेकेदार | धनहर | 0.05 | बकाश्त ठिकेदार | 3272 | 3382 | 3262 | 3373 |
| 39 | 35 | 3272 | गै0म0मालीक | परती पेड पौधा | 0.15 | गै0म0मालीक | 3275 | 3271 | 3271 | 3273 |
| 40 | 36 | 3374 | बकाश्त ठिकेदार | धनहर | 0.1 | बकाश्त ठिकेदार | पिण्ड | 3373 | 3375 | 3366 |
| 41 | 37 | 3375 | बकाश्त ठिकेदार | धनहर | 0.06 | बकाश्त ठिकेदार | 3272 | 3378 | 3376 | 3374 |
| 42 | 37 | 3376 | बकाश्त ठिकेदार | धनहर | 0.035 | बकाश्त ठिकेदार | 3272 | 3377 | 3271 | |
| 43 | 31 | 3366 | रैयती | धनहर | 0.21 | मो0 गजली, मो0 सलमान, मो0 नयाज, मो0 शरमु, मो0 दाउद, पिता– स्व0 अब्दुल शफात, | पिण्ड | 3384 | 3374 | 3365 |
| 44 | 37 | 3365 | बकाश्त ठिकेदार | धनहर | 0.085 | बकाश्त ठिकेदार | पिण्ड | 3384 | 3366 | 3363 |
| 45 | 37 | 3363 | बकाश्त ठिकेदार | धनहर | 0.125 | बकाश्त ठिकेदार | 3357 | 3384 | 3365 | 3360 |
| 46 | 16 | 3360 | रैयती | धनहर | 0.11 | मो0 गजली, मो0 सलमान, मो0 नयाज, मो0 शरमु, मो0 दाउद, पिता– स्व0 अब्दुल शफात | 3357 | 3361 | 3363 | 3359 |
| 47 | 20 | 3359 | रैयती | धनहर | 0.04 | ब्रजेश यादव, पिता– स्व0 केश्वर यादव | 3357 | 3384 | 3360 | 3358 |
| 48 | 23 | 3358 | रैयती | धनहर | 0.06 | भगवान महतो, पिता– स्व0 बासदेव यादव, सनेश यादव, पिता– सुकेन्द्र यादव | 3350 | 3384 | 3359 | 3357 |
| 49 | 15 | 3537 | रैयती | धनहर | 0.04 | महेश यादव, पिता– स्व0 शिवपुजन यादव | पिण्ड | पिण्ड | 3838 | 3536 |
| 50 | 16 | 3538 | रैयती | धनहर | 0.025 | रामप्रसाद यादव, पिता– स्व0 दिलचंद यादव, | पिण्ड | पिण्ड | 3339 | 3537 |
| 51 | 31 | 3536 | रैयती | धनहर | 0.05 | रामबली यादव, पिता– स्व0 चौथी यादव, | पिण्ड | पिण्ड | 3537 | 3535 |
| 52 | 5 | 3343 | रैयती | धनहर | 0.02 | डोमन यादव, शंकर यादव, | 3290 | 3338 | 3336 | 3339 |
| 53 | 16 | 3339 | रैयती | धनहर | 0.02 | सुमेन्द्र यादव, घिर यादव, पिता– स्व0 राजदेव यादव, भोला यादव, पिता– स्व0 मुनारिक यादव | 3340 | 3338 | 3343 | 3336 |
| 54 | 15 | 3338 | रैयती | धनहर | 0.65 | रामप्रवेश यादव, पिता– स्व0 शिवनंदन यादव | 3339 | 3337 | 3343 | 3336 |
| 55 | 37 | 3336 | बकाश्त ठिकेदार | धनहर | 0.16 | बकाश्त ठिकेदार | 3290 | 3522 | 3342 | 3335 |
| 56 | 37 | 3335 | बकाश्त ठिकेदार | धनहर | 0.04 | बकाश्त ठिकेदार | 3291 | 3327 | 3336 | 3334 |
| 57 | 7 | 3326 | रैयती | धनहर | 0.09 | महेन्द्र यादव, महेश यादव, गणेश यादव, पिता– स्व0 शिवपुजन यादव, | 3335 | 3522 | 3522 | 3327 |
| 58 | 24 | 3327 | रैयती | धनहर | 0.1 | सुरेश पासवान, पिता– मंगर पासवान | 3335 | 3522 | 3326 | 3328 |
| 59 | 37 | 3328 | बकाश्त ठिकेदार | धनहर | 0.13 | बकाश्त ठिकेदार | 3333 | 3323 | 3327 | 3329 |
| 60 | 37 | 3323 | बकाश्त ठिकेदार | धनहर | 0.1 | बकाश्त ठिकेदार | 3328 | 1807 | 3327 | 3329 |
| 61 | 15 | 3322 | रैयती | धनहर | 0.11 | विदेशी यादव, सुदेश्वर यादव, पिता– स्व0 चन्द्रदेव यादव, | 3325 | 1807 | 3323 | 3320 |
| 62 | 15 | 3322 | रैयती | धनहर | 0.11 | कैलाश यादव, पिता– देवलाल यादव, सतलाल यादव, पिता– जगदेव यादव | 3325 | 1807 | 3323 | 3320 |
| 63 | 16 | 3321 | रैयती | धनहर | 0.01 | सकलदेव यादव, पिता– रामरतन यादव, रामप्रवेश यादव, पिता– स्व0 शिवनंदन यादव | 3320 | 1807 | 3322 | 3315 |
| 64 | 13 | 3320 | रैयती | धनहर | 0.03 | राजाराम यादव, पिता– स्व0 मुंशी यादव, | 3329 | 3321 | 3322 | 3316 |
| 65 | 13 | 1815 | रैयती | धनहर | 0.015 | कैलाश यादव, पिता– स्व0 देवलाल यादव, | 1816 | 1807 | 3321 | 1814 |
| 66 | 37 | 1790 | बकाश्त ठिकेदार | धनहर | 0.5 | बकाश्त ठिकेदार | पिण्ड | 1789 | 3522 | 1792 |
| 67 | 7 | 1792 | रैयती | धनहर | 0.025 | कमलेश यादव, पिता– स्व0 बिगन यादव, विशुनपत यादव, पिता– स्व0 केश्वर यादव | 1791 | 1789 | 1790 | 1793 |
| 68 | 23 | 1774 | रैयती | धनहर | 0.29 | नागदेव यादव, बसंत यादव, विनय यादव, पिता– स्व0 रामपति यादव, बजरंगी यादव, पिता– स्व0 चौथी यादव, शिव यादव, पिता– स्व0 जगेश्वर यादव, निपु यादव, पिता– स्व0 यदुनंदन यादव, उपेन्द्र यादव, पिता– स्व0 श्यामदेव यादव, रविन्द्र यादव, सुरेन्द्र यादव, बिरेन्द्र यादव, पिता– स्व0 रामजतन यादव, विशुनपत यादव, पिता– स्व0 केश्वर यादव, नरेश यादव, पिता– स्व0 बिगन यादव, कमलेश यादव, पिता– स्व0 शिवचंद यादव | 1789 | 1740 | 1775 एवं 1778 | 1740 |
| 69 | 35 | 1741 | गै0म0मालीक | परती कदीम | 0.52 | गै0म0मालीक | 1742 | 1722 | 1740 | 1196 |
| 70 | 35 | 1722 | गै0म0मालीक | परती कदीम | 0.29 | गै0म0मालीक | 1741 | 1213 | 1723 | 1740 |
| 71 | 37 | 3605 | बकाश्त ठिकेदार | धनहर | 0.45 | बकाश्त ठिकेदार | 3604 | 3615 | 3606 | 3615 |
| 72 | 37 | 3606 | बकाश्त ठिकेदार | धनहर | 0.15 | बकाश्त ठिकेदार | 3604 | 3615 | 3607 | 3605 |
| 73 | 23 | 3607 | रैयती | धनहर | 0.1 | रविन्द्र कुमार, पिता– स्व0 राज जतन यादव | 3604 | 3615 | 3610 | 3606 |
| 74 | 15 | 3610 | रैयती | धनहर | 0.11 | देवी दयाल यादव, पिता– स्व0 रामधनी यादव | 3609 | 3619 | 3611 | 3607 |
| 75 | 20 | 3611 | रैयती | धनहर | 0.04 | ब्रजेश यादव, पिता– स्व0 केश्वर यादव | 3604 | 3615 | 3612 | 3610 |
| 76 | 7 | 3612 | रैयती | धनहर | 0.04 | महेन्द्र यादव, गणेश यादव, महेश यादव, पिता– स्व0 शिवपूजन यादव | 3613 | 3615 | 3614 | 3611 |
| 77 | 31 | 3614 | रैयती | धनहर | 0.08 | बैजु साव, | 3604 | 3615 | 3601 | 3612 |
| 78 | 37 | 3616 | बकाश्त ठिकेदार | धनहर | 0.05 | बकाश्त ठिकेदार | 3615 | 3618 | 3601 | 3615 |
| 79 | 24 | 3618 | रैयती | धनहर | 0.045 | अवध किशोर उर्फ रामप्रसाद यादव, पिता– स्व0 दिलचंद यादव | 3616 | 3619 | 3601 | 3615 |
| 80 | 13 | 3619 | रैयती | धनहर | 0.105 | सुभाष यादव, पिता– स्व0 मुंशी यादव | 3618 | 3622 | 3601 | 3615 |
| 81 | 20 | 3622 | रैयती | धनहर | 0.0275 | इन्द्रदेव यादव, पिता– स्व0 रामधनी यादव | 3619 | 3622 | 3601 | 3615 |
| 82 | 21 | 3623 | रैयती | धनहर | 0.0325 | गुप्तेश्वर ठाकुर, प्रवीण कुमार, सरोज कुमार, पिता– स्व0 परमेश्वर ठाकुर | 3622 | 3623 | 3601 | 3615 |
| 83 | 23 | 3624 | रैयती | धनहर | 0.1 | रामनरेश यादव, पिता– स्व0 बिगन यादव | 3623 | 3624 | 3601 | 3615 |
| 84 | 5 | 3625 | रैयती | धनहर | 0.05 | आनंदी यादव, पिता– स्व0 रामलगन यादव | 3624 | 3626 | 3601 | 3615 |
| 85 | 37 | 3626 | बकाश्त ठिकेदार | धनहर | 0.0725 | बकाश्त ठिकेदार | 3625 | 3627 | 3601 | 3615 |
| | | **रकवा एकड़ में** | | | **11.793** | | | | | |
| | | | | | | **मौजा–चातर, थाना नं0– 669** | | | | |
| 1 | 3 | 72 | बकाश्त मालिक | धनहर | 0.06 | बकाश्त मालिक | 71 | 72 | 84 | 85 |
| 2 | 9 | 73 | रैयती | धनहर | 0.23 | मो0 इसराईल, पिता– स्व0 गफरूद्दीन, मो0 तौकीर, पिता– मो0 इसहाक, मो0 कमाल, पिता– घसोटा मियॉ मरहूम | 72 | 74 | 84 | 85 |
| 3 | 16 | 80 | रैयती | धनहर | 0.045 | मो0 कमाल, पिता– घसोटा मिया मरहूम | 73 | 78 | 79 | 81 |
| 4 | 6 | 78 | रैयती | धनहर | 0.085 | मो0 साबिर आलम, पिता मो0 रफीक | 76 79 80 | 84 | 77 | 83 |
| 5 | 5 | 263 | रैयती | धनहर | 0.0675 | सुरेश विश्वकर्मा, पिता– स्व0 धर्मदेव विश्वकर्मा | 85 | 265 | 264 | 262 |
| 6 | 3 | 265 | बकाश्त मालिक | धनहर | 0.06 | बकाश्त मालिक | 263 | 267 | 272 | 260 |
| 7 | 6 | 266 | रैयती | धनहर | 0.02 | मो0 तौकीर, पिता– मो0 इसहार | 64 | 71 | 65 | 67 |
| 8 | 6 | 286 | रैयती | धनहर | 0.03 | मो0 सैफुल्लाह, पिता– मो0 स्व0 कलिम अहमद | 280 | 287 | 285 | 272 |
| 9 | 13 | 287 | रैयती | धनहर | 0.0075 | अज्ञात | 286 | 288 | 265 | 272 |
| 10 | 9 | 285 | रैयती | धनहर | 0.04 | शम्भू विश्वकर्मा, पिता– स्व0 दुर्गा विश्वकर्मा, मो0 सगिर, पिता– स्व0 उसमान मियॉ | 282 284 | 289 290 | 276 | 287 |
| 11 | 18 | 289 | रैयती | धनहर | 0.0425 | रामदिल मिस्त्री, पिता– स्व0 रामबरण मिस्त्री | 285 | 292 | 290 | 288 |
| 12 | 5 | 290 | रैयती | धनहर | 0.05 | सुरज कुमार वगैरह, पिता– ओम प्रकाश विश्वकर्मा | 285 | 291 | 276 | 289 |
| 13 | 20 | 291 | रैयती | धनहर | 0.04 | मो0 अजबुद्धीन, पिता– स्व0 चमारी मियॉ, | 290 | 292 | 276 | 292 |
| 14 | 6 | 292 | रैयती | धनहर | 0.03 | मो0 इबरार आलम, पिता– मो0 आशिफ हुसैन | 289 291 | 294 | 847 | 293 |
| 15 | 31 | 845 | गैरमजरूआ आम | खनता | 0.02 | अज्ञात | 246 | 244 243 | 272 | 220 |
| 16 | 16 | 844 | रैयती | भीठ | 0.045 | शेख गुलाम सर्वर, पिता– स्व0 शेख गुलाम वाहिद | 845 | 841 | 843 | 845 |
| 17 | 19 | 843 | रैयती | धनहर | 0.07 | मो0 सुहेब, पिता– मो0 स्व0 अलमुद्दीन | 845 | 841 | 842 | 844 |
| 18 | 3 | 842 | बकाश्त मालिक | भीठ | 0.05 | बकाश्त मालिक | 845 | 841 | 828 | 843 |
| 19 | 13 | 828 | रैयती | धनहर | 0.025 | अज्ञात | 827 | 829 | 825 | 842 |
| 20 | 3 | 825 | बकाश्त मालिक | भीठ | 0.03 | बकाश्त मालिक | 826 | 845 | 823 | 828 |
| 21 | 8/2 | 823 | रैयती | भीठ | 0.03 | सुरेश विश्वकर्मा, पिता– स्व0 धर्मदेव विश्वकर्मा | 822 | 824 | 821 | 825 |
| 22 | 4 | 821 | रैयती | धनहर | 0.0425 | बिगन मिस्त्री, पिता– स्व0 भोला मिस्त्री | 826 | 845 | 820 | 823 |
| 23 | 13 | 820 | रैयती | धनहर | 0.0475 | मो0 आरजु, पिता– मो0 सलाहुद्धीन | 826 | 819 | 818 | 821 |
| 24 | 3 | 818 | बकाश्त मालिक | धनहर | 0.0925 | बकाश्त मालिक | 826 | 845 | 816 | 820 |
| 25 | 5 | 816 | रैयती | धनहर | 0.025 | अज्ञात | 815 | 817 | 814 | 818 |
| 26 | 20 | 813 | रैयती | धनहर | 0.0325 | मो0 एनुल हक, पिता– स्व0 मो0 नेजामुद्धीन | 814 | 845 | 812 | 817 |
| 27 | 6 | 814 | रैयती | धनहर | 0.015 | मो0 अजमुद्धीन, पिता– शेखसहमूद बख्श | 846 | 813 | 812 | 816 |
| 28 | 3 | 812 | बकाश्त मालिक | धनहर | 0.16 | बकाश्त मालिक | 846 | 845 | 811 | 814 813 |
| 29 | 19 | 811 | रैयती | भीठ | 0.025 | मो0 अवलैश, पिता– स्व0 अलिमुद्धीन | 846 | 845 | 810 | 812 |
| 30 | 16 | 810 | रैयती | धनहर | 0.1075 | जहॉगीर आलम, पिता– स्व0 शेख गुलाम अब्बास, सोहराब, पिता– स्व0 मो0 ईस्लाम | 846 | 845 | 809 | 811 |
| 31 | 6 | 809 | रैयती | धनहर | 0.06 | मो0 नसीम अख्तर, पिता– स्व0 मो0 नईम अहमद, मो0 सुहैल अख्तर, पिता– स्व0 मो0 नईम अहमद | 846 | 845 | 808 | 810 |
| 32 | 3 | 808 | बकाश्त मालिक | धनहर | 0.115 | बकाश्त मालिक | 846 | 845 | 807 | 809 |
| 33 | 16 | 807 | रैयती | धनहर | 0.07 | मो0 इस्तेयाक, पिता– स्व0 मो0 हबीब | 846 | 845 | 806 | 808 |
| 34 | 6 | 806 | रैयती | धनहर | 0.0525 | मो0 साबिर आलम, पिता– मो0 रफीक, मो0 क्यूम, पिता– मो0 काशिम | 846 | 845 | 805 | 807 |
| 35 | 10 | 803 | रैयती | धनहर | 0.175 | अज्ञात | 804 | 845 | 802 | 805 |
| 36 | 4 | 802 | रैयती | धनहर | 0.045 | मो0 इसरार, पिता– शेख नेहालुद्धीन, | 846 | 845 | 799 | 803 |
| 37 | 18 | 799 | रैयती | धनहर | 0.02 | मो0 कसीमुद्धीन, पिता– जलिल अहमद | 800 | 845 | 798 | 802 |
| 38 | 6 | 798 | रैयती | धनहर | 0.03 | मो0 इसरार, पिता– शेख नेहालुद्धीन | 708 | 615 | 710 | 704 |
| 39 | 9 | 796 | रैयती | धनहर | 0.025 | कमरून निशा, पति– स्व0 मो0 मोहिबुद्धीन | 846 | 845 | 794 793 792 | 798 797 |
| 40 | 9 | 793 | रैयती | धनहर | 0.035 | मो0 क्यूम, पिता– स्व0 मो0 काशिम | 793 | 845 | 791 | 796 |
| 41 | 13 | 791 | रैयती | धनहर | 0.0325 | सावित्रि कुंवर, पति– स्व0 रामधनी मिस्त्री | 795 | 771 | 790 | 792 |
| 42 | 5 | 788 | रैयती | भीठ | 0.0325 | रामदिल विश्वकर्मा, पिता– स्व0 रामबरण विश्वकर्मा | 789 | 771 | 787 | 790 |
| 43 | 5 | 782 | रैयती | भीठ | 0.03 | सुरेश विश्वकर्मा, पिता– धर्मदेव विश्वकर्मा | 783 | 771 | 781 | 786 |
| 44 | 20 | 781 | रैयती | धनहर | 0.0375 | अज्ञात | 780 | 771 | 778 | 782 |
| 45 | 9 | 778 | रैयती | धनहर | 0.027 | मो0 क्यूम, पिता– स्व0 मो0 काशिम | 779 | 771 | 777 | 781 |
| 46 | 10 | 777 | रैयती | धनहर | 0.05 | मो0 रसीद, पिता– स्व0 मो0 हासिम, | 778 | 771 | 776 | 778 |
| 47 | 16 | 776 | रैयती | धनहर | 0.07 | मो0 दस्तगीर, पिता– शेख गुलाम अवास, सोहराब, पिता– स्व0 मो0 इस्लाम | 846 | 771 | 775 | 777 |
| 48 | 19 | 775 | रैयती | धनहर | 0.03 | मो0 जुबैर, पिता– स्व0 मो0 अलिमुद्धीन | 846 | 771 | 774 | 776 |
| 49 | 3 | 774 | बकाश्त मालिक | धनहर | 0.1 | बकाश्त मालिक | 846 | 771 | 772 | 775 |
| 50 | 6 | 772 | रैयती | धनहर | 0.0425 | अज्ञात | 846 | 771 | 1050 | 774 |
| 51 | 6 | 1050 | रैयती | धनहर | 0.05 | अज्ञात | 1048 | 1051 | 1071 | 1049 |
| 52 | 9 | 1059 | रैयती | धनहर | 0.03 | मो0 नसीम वगैरह, पिता– स्व0 मो0 सूलेमान | 1056 | 1065 | 1048 | 772 |
| 53 | 19 | 1065 | रैयती | डीह–1 | 0.015 | मो0 जुबैर, पिता– मो0 अलीमुद्धीन | 1059 | 1062 | 1066 | 1064 |
| 54 | 3 | 1066 | बकास्त मालिक | धनहर | 0.06 | बकाश्त मालिक | 1058 | 1062 | 1067 | 1065 |
| 55 | 3 | 1067 | बकाश्त मालिक | धनहर | 0.0525 | बकाश्त मालिक | 1057 | 1062 | 1068 | 1066 |
| 56 | 6 | 1068 | रैयती | धनहर | 0.06 | अज्ञात | 1069 | 1062 | 1081 | 1067 |
| 57 | 13 | 71 | रैयती | धनहर | 0.0325 | मो0 क्यूम, पिता– स्व0 मो0 कासिम | 70 | 72 | 84 | 85 |
| 58 | 10 | 70 | रैयती | धनहर | 0.03 | मो0 जसीमुद्धीन, पिता– स्व0 मो0 चमारी मियॉ | 64 | 71 | 69 | 85 |
| 59 | 4 | 64 | रैयती | धनहर | 0.085 | सुरेन्द्र पासवान, पिता– स्व0 चन्द्रदेव पासवान, मो0 इबरार अहमद, पिता– मो0 आशिक हुसैन | 63 | 70 | 1119 | 85 |
| 60 | 3 | 63 | बकास्त मालिक | धनहर | 0.16 | बकास्त मालिक | 61 | 64 | 62 | 85 |
| 61 | 19 | 61 | रैयती | धनहर | 0.04 | मो0 कलीमुद्धीन, पिता– स्व0 मो0 शहमूद | 56 | 63 | 59 | 20 |
| 62 | 16 | 56 | रैयती | धनहर | 0.1225 | मो0 कसीमुद्धीन, पिता– स्व0 मो0 जलील, कमरून निशा, पति– स्व0 मो0 मोहिबुद्धीन | 55 | 61 | 57 | 20 |
| 63 | 6 | 55 | रैयती | धनहर | 0.0875 | कृष्णा विश्वकम्र, पिता– स्व0 रामस्वरूप विश्वकर्मा | 54 | 56 | 56 | 20 |
| 64 | 6 | 52 | रैयती | धनहर | 0.1225 | जहॉगीर आलम, पिता– शेख गुलाम अब्बास | 51 | 54 | 33 | 20 |
| 65 | 6 | 51 | रैयती | धनहर | 0.06 | विपति देवी, पति– सुनिल विश्वकर्मा | 49 | 52 | 20 | 20 |
| 66 | 3 | 49 | बकास्त मालिक | धनहर | 0.03 | बकास्त मालिक | 48 | 51 | 50 | 20 |
| 67 | 3 | 48 | बकास्त मालिक | धनहर | 0.12 | बकास्त मालिक | 30 | 49 | 47 | 20 |
| 68 | 13 | 46 | रैयती | धनहर | 0.01 | रामदिल विश्वकर्मा, पिता– स्व0 रामबरण विश्वकर्मा | 43 | 48 | 45 | 23 |
| 69 | 13 | 30 | रैयती | धनहर | 0.1925 | मो0 वजैर अहमद, पिता– स्व0 मो0 अलीमुद्धीन, हरिवंश पासवान वगैरह, पिता– स्व0 राजेन्द्र पासवान, सागर मिस्त्री | 20 | 48 | 29 28 | 20 |
| 70 | 13 | 787 | रैयती | धनहर | 0.0374 | मे0 सरफराज अहमद पिता मो0 रफीक, लक्षमण मिस्त्री पिता अनंत मिस्त्री, राम सागर मिस्त्री पिता स्व0 भुनेश्वर मिस्त्री, अवधेश कुमार पिता स्व0 चर्तुभुज साव | 788 | 771 | 786 | 778 |
| 71 | 18 | 786 | रैयती | धनहर | 0.025 | मे0 सरफराज अहमद पिता मो0 रफीक, , अवधेश कुमार पिता स्व0 चर्तुभुज साव | 788 | 771 | 787 | 790 |
| 72 | 9 | 793 | रैयती | धनहर | 0.0275 | अज्ञात | 792 | 845 | 791 | 796 |
| 73 | 31 | 1062 | रैयती | धनहर | 0.03 | अज्ञात | 781 | 771 | 778 | 782 |
| 74 | 6 | 2 | रैयती | धनहर | 0.40 | ष्यामलाल यादव पिता–पॉचु यादव मो0 बजैर अहमद पिता– अलीमुद्दीन | 30 | 20 | 28 | 29 |
| | | **रकवा एकड़ में** | | | **4.5844** | | | | | |
| | | | | | | **मौजा–चौबड़ा, थाना नं0– 411** | | | | |
| 174 | 103 | 490 | गै0म0मालीक | परती कदीम | 0.15 | गैरमजरूआ मालिक | 487 | 432 | 411 | 432 |
| | | **रकवा एकड़ में** | | | **0.15** | | | | | |
| | | | | | | **मौजा–फेसरा, थाना नं0– 422** | | | | |
| 175 | 8 | 54 | बकास्त मालिक | धनहर | 0.40312 | बकास्त मालिक | 53 | 86 | 55 | 87 |
| 176 | 33 | 55 | रैयती | धनहर | 0.2725 | अखिलेश सिंह, शम्भू सिंह, महेन्द्र सिंह, मनोज सिंह, पिता– स्व0 राम कुमार सिंह | 56 | 86 | 56 | 54 |
| 177 | 37 | 90 | रैयती | धनहर | 0.39 | बलिराम सिंह, पिता– सुरत सिंह, ललन सिंह, बबन कुमार सिंह, पवन कुमार सिंह, पिता– स्व0 रघुवीर सिंह, | 86 | 89 | 91 | 61 |
| 178 | 37 | 89 | रैयती | धनहर | 0.0425 | बलिराम सिंह, पिता– सुरत सिंह | 90 | 634 | 92 | 87 |
| | | **रकवा एकड़ में** | | | **1.10812** | | | | | |
| | | **कुल रकवा :–** | | | **18.8144** | | | | | |

यह अधिसूचना भू–अर्जन, पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन अधिनियम,2013 (अधिनियम सं० 30/2013) उचित प्रकार एवं पारदर्शिता के अधिकार धारा –11(1) क उपबंधों के अधीन सभी संबंधित के लिए की गई है।

भूमि की योजना का निरीक्षण जिला भू–अर्जन पदाधिकारी के कार्यालय में किसी कार्य दिवस को कार्य अवधि में किया जा सकेगा। बिहार सरकार/समाहर्त्ता–सह–समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा–12 में यथाउपबंधित एवं यथाविनिर्दिश्ट कार्यों का समुचित निश्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविश्टि करने, किसी भूमि के किसी स्तर को अधिकार में लेने के लिए, अवभूमि खोदने या भू–वेधन–छिद्र करने के लिए, सभी अन्य कार्यों के संचालन करने हेतु जिला भू–अर्जन पदाधिकारी और उनके कर्मचारी को प्राधिकृत करती है।

इस अधिनियम की धारा–11(4) के अधीन कोई व्यक्ति जिला समाहर्त्ता के पूर्विक अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिश्ट भूमि का कोई अंतरण यथा क्रय/विक्रय नहीं करेगा या ऐसा कोई अंतरण करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई विल्लगंम उत्पन्न करेगा।

अधिनियम की धारा–15 के अधीन यथा उपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60 दिनों) के अंतर्गत भू–अर्जन की बाबत किसी प्रकार की आपत्तियाँ हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

**समाहर्त्ता,**
**औरंगाबाद**

PR. No. 026251 (Revenue) 2025-26/ उक्त सूचना www.state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।

गर्भावस्था की पहली तिमाही में माँ की एच.आई.वी. और सिफलिस की जाँच जरूर करायें।

# मुख्यमंत्री की समृद्धि यात्रा को लेकर तैयारी तेज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की प्रस्तावित समृद्धि यात्रा के मद्देनजर जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा द्वारा जिले के बारून प्रखंड अंतर्गत मुंशी बिगहा में कार्यक्रम स्थल का स्थलीय निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर की जा रही तैयारियों का बारीकी से अवलोकन किया तथा संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी द्वारा सभा स्थल, पार्किंग स्थल, बैरिकेडिंग, सुरक्षा व्यवस्था, पेयजल, संपर्क पथ, हेलीपैड, विभिन्न विभागों की योजनाओं के प्रदर्शनी स्टॉल हेतु निर्धारित स्थल, विभागीय बैठक स्थल तथा आम नागरिकों के बैठने की व्यवस्था सहित अन्य आधारभूत सुविधाओं का विस्तृत निरीक्षण किया गया। उन्होंने यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि



कार्यक्रम के दौरान आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो तथा सभी व्यवस्थाएं समय से पूर्व पूर्ण कर ली जाएं। जिलाधिकारी ने सभा स्थल पर हेलीपैड को प्रदर्शनी स्टॉल क्षेत्र से पर्याप्त दूरी पर बनाने का निर्देश दिया ताकि सुरक्षा एवं आवागमन की दृष्टि से कोई समस्या उत्पन्न न हो। साथ ही कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग को कार्यक्रम स्थल के आसपास की सड़कों की आवश्यक मरम्मत शीघ्र कराने का निर्देश दिया गया जिससे कार्यक्रम में आने वाले लोगों को सुगम आवागमन की सुविधा मिल सके। उन्होंने पुलिस उपाधीक्षक (यातायात) को निर्देश दिया कि जिन मार्गों पर मरम्मत कार्य प्रगति पर है, वहां यातायात को वैकल्पिक मार्गों पर डायवर्ट किया जाए ताकि मरम्मत कार्य बाधित न हो तथा यातायात व्यवस्था भी सुचारु बनी रहे। इसके अतिरिक्त सुरक्षा, भीड़ प्रबंधन, पार्किंग व्यवस्था एवं अन्य व्यवस्थाओं को लेकर संबंधित अधिकारियों को समन्वय स्थापित कर कार्य करने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिया कि समृद्धि यात्रा के दौरान विभिन्न विभागों की योजनाओं से संबंधित स्टॉलों के माध्यम से आम जनता को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई जाए ताकि अधिक से अधिक लोग इन योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकें। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त अनन्या सिंह, अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह, अपर समाहर्ता (आपदा) उपेंद्र पंडित, अनुमंडल पदाधिकारी सदर संतन कुमार सिंह, डीसीएलआर सदर श्वेतांक लाल, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी श्वेता प्रियदर्शी, वरीय उपसमाहर्ता रितेश कुमार यादव, बेवी प्रिया, डीआरडीए निदेशक अनुपम कुमार संबंधित विभागों के कार्यपालक अभियंता, प्रखंड विकास पदाधिकारी बारून सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# गैस आपूर्ति को लेकर नहीं फैलाएं अफवाह : डीएम

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** जिले में एलपीजी गैस आपूर्ति को लेकर जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने आमजनों से विशेष अपील की है। उन्होंने कहा कि जिले में 37 एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटर कार्यरत हैं जिनके माध्यम से जिले में घरेलू उपभोक्ताओं को नियमित रूप से गैस की आपूर्ति की जा रही है। जिले में आईओसीएल के 15, बीपीसीएल के 11 तथा एचपीसीएल के 11 डिस्ट्रीब्यूटर है। उन्होंने कहा कि जिले में घरेलू गैस सिलेंडरों की पर्याप्त उपलब्धता है और आपूर्ति व्यवस्था सामान्य है। उन्होंने उपभोक्ताओं से किसी प्रकार की घबराहट या अनावश्यक भंडारण से बचने की अपील की। उन्होंने कहा कि यदि कहीं भी कालाबाजारी या अनियमितता की शिकायत मिलती है तो संबंधित व्यक्तियों एवं एजेंसियों के विरुद्ध तत्काल कार्रवाई की जायेगी। गैस आपूर्ति को लेकर कोई अफवाह नहीं फैलाएं।

# जिला विधिज्ञ संघ के अध्यक्ष-महासचिव ने लगातार दूसरी बार दर्ज की जीत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिला विधिज्ञ संघ औरंगाबाद के कार्यसमिति चुनाव 2026-28 में अध्यक्ष पद पर विजय कुमार पाण्डेय तथा महासचिव पद पर जगनारायण सिंह ने लगातार दूसरी बार जीत हासिल कर नया इतिहास रच दिया। दोनों पदाधिकारियों की इस जीत को अधिवक्ताओं ने उनके कार्यकाल के दौरान किए गए विकास कार्यों और सक्रिय नेतृत्व का परिणाम बताया। चुनाव समिति के अध्यक्ष महेन्द्र प्रसाद सिंह तथा सहायक सदस्य कामता प्रसाद सिंह, सरोज रंजन सिन्हा, राधेश्याम सिंह और अभय कुमार ने मतगणना के बाद परिणामों की घोषणा की। अध्यक्ष पद के लिए हुए मुकाबले में विजय कुमार पाण्डेय को 407 वोट प्राप्त हुए, जबकि उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी नागेन्द्र सिंह को 322 वोट मिले। वहीं एक अन्य प्रत्याशी अरुण कुमार शर्मा को 12 वोट प्राप्त हुए। इस प्रकार विजय कुमार पाण्डेय 85 वोटों के अंतर से



विजयी घोषित किए गए। इसी प्रकार महासचिव पद के लिए हुए चुनाव में जगनारायण सिंह को 383 वोट प्राप्त हुए। उनके प्रतिद्वंद्वी परशुराम सिंह को 277 वोट, प्रमोद कुमार सिंह को 20 वोट, सतीश कुमार सिंह को 18 वोट, अखिलेश कुमार को 16 वोट, विजय कुमार सिंह को 13 वोट, निरज कुमार सिंह को 5 वोट तथा रामोतार यादव को 5 वोट मिले। इस तरह जगनरायण सिंह ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी परशुराम सिंह को 106 वोटों से पराजित कर महासचिव पद पर जीत दर्ज की। चुनाव परिणाम घोषित होते ही समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई और अधिवक्ताओं ने विजयी उम्मीदवारों को बधाई दी। विजय कुमार पाण्डेय और जगनारायण सिंह ने अपनी जीत पर अधिवक्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह जीत किसी व्यक्ति विशेष की नहीं बल्कि जिला विधिज्ञ संघ औरंगाबाद के सभी अधिवक्ताओं की जीत है। उन्होंने कहा कि पिछले कार्यकाल में किए गए विकास कार्यों पर अधिवक्ताओं ने भरोसा जताया है और आने वाले समय में संघ के विकास तथा अधिवक्ताओं के हित में कार्यों को और गति दी जाएगी। अन्य पदों के लिए मतों की गिनती जारी है जिनके परिणाम शीघ्र घोषित किए जाएंगे।

# विद्युत करंट की चपेट में आने से युवक की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** विद्युत करंट की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। घटना गोह थाना क्षेत्र की है। मृतक की पहचान राजापुर गांव निवासी तपेश्वर रजक के पुत्र 23 वर्षीय पुत्र विकास कुमार के रूप में हुई है। घटना को लेकर मृतक के पिता ने बताया कि विकास बधार में रबी फसल की कटाई करने गया था। खेत में मसूर की फसल काटने के बाद वह बोझा सिर पर रखकर घर वापस लौट रहा था। रास्ते में कम ऊंचाई पर झूल रहा बिजली का हाईटेंशन तार उसे दिखाई नहीं दिया। बोझा तार में फंस गया जिसके बाद तार हटाने की कोशिश करने लगा। हाईटेंशन तार के संपर्क में आते में झटका लगा। गंभीर रूप से झुलस गया। आसपास के लोगों ने शोर मचाया जिसके बाद परिवार के सदस्य मौके पर पहुंचे। आनन-फानन में ग्रामीणों की मदद से इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर गए, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार विकास चार भाइयों में तीसरे स्थान पर था। अभी उसकी शादी नहीं हुई थी। ग्रामीणों का कहना है कि खेतों के पास कई जगहों पर बिजली के तार काफी नीचे झूल रहे है, जिससे आए दिन हादसे की आशंका बनी रहती है। ऐसे तारों को जल्द से जल्द ठीक करना चाहिए। थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार ने बताया कि हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंचे। कानूनी प्रक्रिया पूरी करने बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया है। मामले की छानबीन की जा रही है।

### शैक्षणिक परिभ्रमण पर राजगीर व नालंदा गये डॉ. गुप्तेश्वर प्रसाद सिंह नंदकिशोर नारायण सिंह मेमोरियल इंटर कॉलेज के छात्र

# शैक्षणिक परिभ्रमण से छात्रों में होता है ज्ञान का विस्तार : पंकज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** नबीनगर प्रखंड के चंद्रगढ़ स्थित डॉ. गुप्तेश्वर प्रसाद सिंह नंदकिशोर नारायण सिंह मेमोरियल इंटर कॉलेज के 60 छात्र-छात्राओं का दल शुक्रवार को शैक्षणिक परिभ्रमण के लिए राजगीर एवं नालंदा के लिए रवाना हुआ। महाविद्यालय परिसर से परिभ्रमण बस को संस्थान के सचिव पंकज कुमार सिंह एवं बीएड के प्रभारी प्राचार्य दिलीप कुमार सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उपस्थित शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने छात्र-छात्राओं को सुरक्षित एवं ज्ञानवर्धक यात्रा के लिए शुभकामनाएं दीं। सचिव पंकज कुमार सिंह ने कहा कि विद्यार्थियों को केवल पुस्तक आधारित शिक्षा ही नहीं, बल्कि



ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और पुरातात्विक स्थलों का प्रत्यक्ष अनुभव भी मिलना चाहिए। ऐसे शैक्षणिक परिभ्रमण से विद्यार्थियों के ज्ञान का विस्तार होता है और उनका मानसिक एवं बौद्धिक विकास होता है। उन्होंने बताया कि संस्थान समय-समय पर विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के उद्देश्य से इस प्रकार के शैक्षणिक कार्यक्रम आयोजित करता रहता है। परिभ्रमण के दौरान छात्र-छात्राएं विश्व शांति स्तूप, राजगीर रोपवे, ब्रह्मकुंड, राजगीर नेचर सफारी तथा जरासंध का अखाड़ा जैसे ऐतिहासिक एवं धार्मिक महत्व के स्थलों का अवलोकन करेंगे। इसके साथ ही छात्र-छात्राएं प्राचीन भारत के गौरवशाली शैक्षणिक केंद्र नालंदा विश्वविद्यालय के खंडहर का भी भ्रमण करेंगे, जहां वे प्राचीन शिक्षा प्रणाली और ऐतिहासिक धरोहरों की जानकारी प्राप्त करेंगे। महाविद्यालय प्रशासन द्वारा इस शैक्षणिक यात्रा के लिए सभी आवश्यक सुरक्षा और व्यवस्थाओं का विशेष ध्यान रखा गया है। यात्रा के दौरान छात्र-छात्राओं के साथ शिक्षकों की टीम भी मौजूद रहेगी, जो उन्हें विभिन्न ऐतिहासिक स्थलों की जानकारी देने के साथ-साथ उनकी सुरक्षा और मार्गदर्शन का कार्य करेगी। इस शैक्षणिक परिभ्रमण में महाविद्यालय परिवार के सदस्य विकास कुमार सिंह, ओम प्रकाश सिंह, अमित कुमार सिंह, शुभम, सुधा सिंह, श्वेता तिवारी, रामासागर, सुशील कुमार एवं सुनील सिंह सहित अन्य शिक्षक एवं कर्मचारी भी शामिल हुए।

# कोर्ट से लौट रहे बुजुर्ग की सड़क दुर्घटना में मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** नगर थाना क्षेत्र के महाराणा प्रताप चौक के समीप तेज रफ्तार अनियंत्रित अज्ञात वाहन की चपेट में आने से 80 वर्षीय वृद्ध की दर्दनाक मौत हो गई। दुर्घटना इतनी भयावह थी कि अज्ञात वाहन वृद्ध को घसीटते हुए कुछ दूरी तक ले गया, जिससे वृद्ध का शव बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। मृतक की पहचान नवीनगर प्रखंड के माली थाना क्षेत्र के अंकोरहा पंचायत अंतर्गत परसा जैन गांव निवासी महावीर मेहता के रूप में हुई है। घटना शुक्रवार की शाम की बताई जा रही है। सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम के दौरान परिजनों ने बताया कि महावीर मेहता अपने भतीजे शंकर मेहता के साथ व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद में किसी केस से संबंधित तारीख पर आए हुए थे। इसके बाद पैदल बारून थाना क्षेत्र के सीरीस गांव में किसी रिश्तेदार के घर शादी समारोह में शामिल होने के लिए जा रहे थे। ऑटो पकड़ने के लिए पैदल राष्ट्रीय राजमार्ग -19 को पार कर रहे थे। तभी तेज रफ्तार अनियंत्रित अज्ञात वाहन रौंदती हुई फरार हो गई। वृद्ध की पहचान झोले में रखे आधार कार्ड से की गई। इसके बाद घटना की सूचना परिजनों को दी गई। सूचना पर परिजन सदर अस्पताल पहुंचे और शव से लिपटकर चीत्कार उठे। अस्पताल कर्मियों द्वारा घटना की सूचना नगर थाना की पुलिस को दी गई। सूचना पर नगर थाना की पुलिस सदर अस्पताल पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर परिजनों से जरूरी पूछताछ के उपरांत पोस्टमार्टम कराकर दाह संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया।

# 1.73 लाख किसानों को मिले 34.75 करोड़

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** प्रधानमंत्री द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत 22वीं किस्त की राशि देश के 9.32 करोड़ पात्र किसानों के बैंक खातों में लगभग 18,650 करोड़ रुपये की राशि डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित की गई। इस अवसर पर कृषि विभाग की ओर से जिले के विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रम का लाइव प्रसारण कराया गया, जहां बड़ी संख्या में किसान एकत्रित होकर प्रधानमंत्री का संबोधन सुनते नजर आए। जिला कृषि पदाधिकारी संदीप राज ने बताया कि इस बार जिले के 1 लाख 73 हजार 693 किसानों के बैंक खातों में कुल 34 करोड़ 75 लाख रुपये की राशि सीधे स्थानांतरित की गई है। किस्त जारी होने के बाद किसानों में खुशी और उत्साह का माहौल देखा गया। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि केंद्र सरकार किसानों की आय बढ़ाने और खेती को अधिक लाभकारी बनाने के लिए लगातार काम कर रही है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के माध्यम से देशभर के करोड़ों किसानों को सीधे उनके बैंक खातों में आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है, जिससे उन्हें बीज, खाद और अन्य कृषि कार्यों में मदद मिलती है। उन्होंने किसानों से आधुनिक तकनीक अपनाने, बेहतर बीज का उपयोग करने तथा जल संरक्षण और प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान कृषि विभाग के अधिकारियों की मौजूदगी में किसानों ने प्रधानमंत्री के विचारों को ध्यानपूर्वक सुना। किसानों ने कहा कि इस योजना से खेती से जुड़े खर्चों को पूरा करने में काफी सहूलियत मिलती है। वहीं कृषि विभाग के अधिकारियों ने बताया कि सरकार की विभिन्न कृषि योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक किसानों तक पहुंचाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

# हत्या का प्रयास सहित अन्य मामलों में 45 लोग गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले में कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करते हुए पुलिस ने अपराध के विरुद्ध व्यापक और आक्रामक अभियान चलाया है। बीते 24 घंटों की कार्रवाई में 45 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। ये सभी आरोपी हत्या प्रयास, शराब जैसे अन्य अपराधों से जुड़े हैं। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अम्बरीश राहुल के नेतृत्व में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई जिसमें आवश्यक कार्रवाई के उपरांत 16 अभियुक्तों को जेल भेज दिया गया। एससी-एसटी एक्ट में 8, हत्या के प्रयास में 3, शराब में 6 एवं अन्य शीर्ष काड में 28 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इस दौरान 35.50 लीटर देसी, 4.875 लीटर विदेशी शराब, एक बाइक एवं एक साइकिल बरामद किया गया है। जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में 1316 वाहनों की जांच की गई जिसमें 101500 रूपये जुर्माना वसूला गया है। इस दौरान 12 वारंट निष्किपादन गया है। पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल के अनुसार जन-सुरक्षा, पारदर्शिता और त्वरित कार्रवाई के संकल्प के साथ पुलिस पूरी प्रतिबद्धता से जिले को सुरक्षित बनाए रखने की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है।

# डीआरसीसी टीम ने विकास मित्रों के साथ की बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)।** बिहार सरकार की महत्वाकांक्षी पहल आर्थिक हल, युवाओं को बल के तहत संचालित विभिन्न योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन एवं प्रचार-प्रसार को लेकर प्रखंड मुख्यालय के सभागार में जिला निबंधन एवं परामर्श केंद्र (डीआरसीसी) की टीम ने विकास मित्रों के साथ बैठक की। इस दौरान विकास मित्रों को बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना, कुशल युवा कार्यक्रम तथा मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजना की विस्तृत जानकारी दी गई। डीआरसीसी के सहायक प्रबंधक (योजना) मोहम्मद शमशाद आलम ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार की इन योजनाओं का मुख्य उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर युवाओं को शिक्षा, कौशल प्रशिक्षण एवं आर्थिक सहयोग प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के तहत 12वीं पास छात्रों को उच्च शिक्षा के लिए चार लाख रुपये तक का शिक्षा ऋण सहज तरीके से उपलब्ध कराया जाता है। ताकि वे इंजीनियरिंग, मेडिकल, प्रबंधन सहित अन्य उच्च शिक्षा प्राप्त कर सकें। आर्थिक तंगी के कारण पढ़ाई छोड़ने वाले बच्चों के लिए यह योजना वरदान साबित हो रही है। इसके अलावा कुशल युवा कार्यक्रम के तहत भाषा, संचार कौशल एवं बुनियादी कंप्यूटर ज्ञान का प्रशिक्षण देकर युवाओं को रोजगार के लिए तैयार किया जाता है। वहीं मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजना के अंतर्गत 20 से 25 वर्ष आयु वर्ग के ऐसे बेरोजगार युवा जो फिलहाल किसी पढ़ाई या नौकरी में नहीं हैं उन्हें दो वर्षों तक प्रतिमाह एक हजार रुपये की सहायता राशि दी जाती है। बैठक में विकास मित्र मंजू कुमारी, रीना कुमारी, विमलेश कुमार, वीरेंद्र राम, देवेंद्र कुमार, मीना देवी, सोनाली प्रिया, सुनीता कुमारी सहित अन्य मौजूद रहे।

# आर्म्स एक्ट में तीन को सश्रम कारावास

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** व्यवहार न्यायालय के एसीजेएम वन ने बारून थाना में दर्ज एक मामले में निर्णय पर सुनवाई की है। मामले में भीखाडीडिह नोखा निवासी अभियुक्त प्रदीप कुमार, पटनवा खुर्द इन्द्रपुरी निवासी राहुल कुमार शर्मा एवं रोहतास जिले के अमझोर निवासी आशीष राज को आर्म्स एक्ट की धारा -25(1-बी) और 26/35 में तीन तीन साल की सजा और पांच पांच हजार रूपये जुर्माना लगाया है। सभी सजाएं साथ-साथ चलेगी। सहायक अभियोजन पदाधिकारी संजय कुमार सिंह ने बताया कि प्राथमिकी सूचक पुलिस अवर निरीक्षक बारूण दीपक कुमार राय ने 30 जनवरी 2025 को गुप्त सूचना के आधार पर वाहन चेकिंग अभियान चला कर तीनों आरोपीयों को मेह मोड़ के तरफ से झुमर डिहरा जाते हुए 12 बजे दिन में पल्सर तथा अपाची बाइक के साथ पकड़ा था। तलाशी के दौरान देसी कट्टा और 06 जिंदा कारतूस बरामद किया गया था जिसका जप्तिसूची बना कर न्यायालय में प्रर्दश कराई गई थी अभियोजन के ओर से 06 गवाही हुई थी।

# इंदिरा भवन में औरंगाबाद कांग्रेस जिलाध्यक्ष के चयन पर मंथन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद/नई दिल्ली।** राजधानी नई दिल्ली स्थित इंदिरा भवन में बिहार में चल रहे संगठन सृजन अभियान के तहत औरंगाबाद जिले के जिलाध्यक्ष चयन को लेकर महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में पार्टी के शीर्ष नेताओं ने संभावित नामों पर विस्तृत रूप से चर्चा की। बैठक में केसी वेणुगोपाल, जो अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के संगठन महासचिव हैं, ने प्रक्रिया का नेतृत्व

### कांग्रेस के शीर्ष नेताओं ने की विस्तृत चर्चा



किया। उनके साथ बिहार के महासचिव सह प्रभारी कृष्णा अल्लावरू भी मौजूद रहे। इसके अलावा वार रूम के प्रभारी सांसद शशिकांत सैंथिल तथा वामसी रेड्डी ने भी पैनल में शामिल नामों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया। बैठक में औरंगाबाद जिला कांग्रेस के लिए ऐसे नेतृत्व की तलाश पर जोर दिया गया जो संगठन को मजबूत करने के साथ-साथ जमीनी स्तर पर सक्रिय हो। पार्टी सूत्रों के अनुसार यह पूरी प्रक्रिया कांग्रेस के राष्ट्रीय नेतृत्व के मार्गदर्शन में चल रही है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और वरिष्ठ नेता राहुल गांधी द्वारा शुरू की गई इस पहल का उद्देश्य संगठन को जमीनी स्तर से सशक्त करना है। इसके तहत ऐसे नेताओं और कार्यकर्ताओं को नेतृत्व देने का प्रयास किया जा रहा है जो लंबे समय से पार्टी की नीतियों में आस्था रखते हुए क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। बताया जा रहा है कि संगठन सृजन अभियान के माध्यम से बिहार में जिला स्तर पर मजबूत नेतृत्व तैयार करने की दिशा में कांग्रेस लगातार कदम उठा रही है जिससे आगामी राजनीतिक चुनौतियों का मजबूती से सामना किया जा सके।

# बेहतर काम करने वाले अमीनों को मिलेगा लाभ

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** डिप्टी सीएम और राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने शुक्रवार को विशेष भूमि सर्वेक्षण कार्य की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने सभी जिलों के बंदोबस्त पदाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सर्वेक्षण का काम तय समय सीमा के भीतर पूरा किया जाए। इसमें किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। समीक्षा बैठक के दौरान उपमुख्यमंत्री ने कहा कि जो अमीन सर्वेक्षण कार्य में अच्छा प्रदर्शन करेंगे, उन्हें आगे विभाग में होने वाली स्थायी बहाली में प्राथमिकता दी जाएगी। उनका कहना था कि इससे कर्मियों में काम के प्रति उत्साह बढ़ेगा और सर्वेक्षण कार्य तेजी से पूरा हो सकेगा। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि अब तक सर्वेक्षण कार्य में जहां-जहां देरी हुई है, उन कारणों की पहचान की जाए। इसके बाद उन समस्याओं को तुरंत दूर किया जाए। उन्होंने कहा कि अब इस काम की माइक्रो मॉनिटरिंग की जाएगी। यानी हर स्तर पर नियमित रूप से समीक्षा की जाएगी। सर्वेक्षण कार्य से जुड़े सभी कर्मियों को अब रोजाना अपने काम की रिपोर्ट देनी होगी। डिप्टी सीएम ने निर्देश दिया कि हर दिन शाम तक मुख्यालय को रिपोर्ट भेजी जाए। इसके साथ ही अमीन डायरी को प्रतिदिन भरना भी अनिवार्य कर दिया गया है। इससे काम की सही जानकारी मिल सकेगी।

# स्वर की साधना : औरंगाबाद की शिवांगी का मधुरतम संगीत सफर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** मगध की सांस्कृतिक धरती हमेशा से प्रतिभाओं की जननी रही है। इसी धरती के औरंगाबाद जिले के धनीबार गांव से निकली एक युवा स्वर साधिका आज शास्त्रीय संगीत की दुनिया में अपनी अलग पहचान बना रही है। यह नाम है–शिवांगी। अपनी साधना, लगन और सुरों के प्रति समर्पण से शिवांगी ने कम समय में ही यह साबित कर दिया है कि यदि जुनून सच्चा हो तो छोटे कस्बों और गांवों से भी बड़ी पहचान गढ़ी जा सकती है। 14 सितंबर 2003 को जन्मी शिवांगी के पिता हरि नारायण सिंह और माता सुनीता देवी हैं। पारिवारिक संस्कार और संगीत के प्रति झुकाव ने बचपन से ही उनके भीतर सुरों के प्रति गहरा आकर्षण पैदा कर दिया। वर्तमान में वह अपने नाना के घर औरंगाबाद में रहकर पढ़ाई के साथ-साथ संगीत की साधना में निरंतर रत हैं। शिवांगी की प्रारंभिक शिक्षा बीएल इंडो इंग्लैंड पब्लिक स्कूल से हुई, जबकि मैट्रिक की परीक्षा उन्होंने किशोरी सिन्हा महिला कॉलेज से पूरी की। महज 16 वर्ष की आयु में उन्होंने शास्त्रीय संगीत की औपचारिक शिक्षा शुरू की। इस दिशा में उन्हें दानिका संस्कृत संस्थान के निदेशक डॉ. रवींद्र कुमार का मार्गदर्शन मिला। गुरु के सान्निध्य और माता-पिता के आशीर्वाद ने उनकी प्रतिभा को नई दिशा दी। संगीत के मंच पर उनकी प्रतिभा का पहला बड़ा प्रमाण वर्ष 2021 में मिला, जब जिला स्तरीय युवा



महोत्सव में शास्त्रीय गायन प्रतियोगिता में उन्होंने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके बाद अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस, कजरी महोत्सव 2021, आजादी का अमृत महोत्सव और अंतरराष्ट्रीय बौद्ध महोत्सव 2021 जैसे कई सांस्कृतिक आयोजनों में उनकी प्रभावशाली प्रस्तुतियों ने श्रोताओं का मन मोह लिया। वर्ष 2023 में आयोजित जिला स्तरीय युवा महोत्सव में भी शिवांगी ने प्रथम स्थान हासिल किया। इस उपलब्धि के बाद उन्हें राज्य स्तरीय महोत्सव में प्रस्तुति देने का अवसर मिला। कर्नाटक के हुबली-धारवाड़ में आयोजित इस महोत्सव में उन्होंने बिहार का प्रतिनिधित्व करते हुए प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया और राज्य का गौरव बढ़ाया। उनकी गायकी की मधुरता तब व्यापक रूप से पहचानी गई जब 12 मई 2023 को रांची दूरदर्शन केंद्र से उनके शास्त्रीय गायन का प्रसारण हुआ। इसके बाद 12 नवंबर 2025 को पटना दूरदर्शन पर भी उनकी प्रस्तुति प्रसारित हुई, जिसने उन्हें व्यापक पहचान दिलाई। आज शिवांगी संगीत विषय से स्नातक की पढ़ाई कर रही हैं और आगे स्नातकोत्तर उपाधि प्राप्त करने की तैयारी में जुटी हैं। उनका सपना है कि वे भविष्य में संगीत के प्रोफ़ेसर के रूप में अपनी पहचान स्थापित करें और नई पीढ़ी को भारतीय शास्त्रीय संगीत की समृद्ध परंपरा से जोड़ें। अपने जीवन के सबसे महत्वपूर्ण क्षण के रूप में शिवांगी 22 मार्च 2025 को याद करती हैं, जब उन्हें लखनऊ के राजभवन में अपनी गायन प्रस्तुति देने का अवसर मिला। उनके लिए यह केवल एक मंच नहीं, बल्कि वर्षों की साधना और समर्पण की सार्थक परिणति थी।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**

नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269